खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :25°C
न्यूनतम: 11°C

देहरादून, मंगलवार 18 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 101 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश पेज 2




शुभमन गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी खेल टाइम्स




जोहरान ममदानी से डा. उमर तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे सम्पादकीय



न्यूयॉर्क शहर के मेयर ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द! पेज 12

# पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को फांसी की सजा

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश की** पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सोमवार को मौत की सजा सुनाई गई है। उन्हें ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने हत्या के लिए उकसाने और हत्या का आदेश देने के लिए मौत की सजा दी।

बाकी मामलों में उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई। आईसीटी ने उन्हें 5 मामलों में आरोपी बनाया था। ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को जुलाई 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड बताया। वहीं दूसरे आरोपी पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई। सजा का ऐलान होते ही कोर्ट रूम में मौजूद लोगों ने तालियां बजाईं। तीसरे आरोपी पूर्व आईजीपी अब्दुल्ला अल-ममून को 5 साल जेल की सजा सुनाई गई। ममून हिरासत में हैं और सरकारी गवाह बन चुके हैं।

**बांग्लादेशी कोर्ट ने छात्रों की हत्याओं का दोषी माना, बाकी मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई**

**भारत व बांग्लादेश के बीच प्रत्यर्पण संधि के मुताबिक भारत पूर्व पीएम को हमारे हवाले करे: मो.यूनुस**

**पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान को भी हत्याओं का दोषी माना और फांसी की सजा सुनाई**



कोर्ट ने हसीना और असदुज्जमान कमाल की प्रॉपर्टी जब्त करने का आदेश दिया है। फैसले के बाद बांग्लादेश के अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस ने भारत से हसीना को डिपॉर्ट करने की मांग की है। 5 अगस्त 2024 को तख्तापलट के बाद शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान ने देश छोड़ दिया था। दोनों नेता पिछले 15 महीने से भारत में रह रहे हैं। बांग्लादेश के पीएम ऑफिस ने बयान जारी कर कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच जो प्रत्यर्पण संधि है, उसके मुताबिक यह भारत की जिम्मेदारी बनती है कि वह पूर्व बांग्लादेशी पीएम को हमारे हवाले करे। हसीना को मौत की सजा सुनाने वाले इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल की स्थापना उन्होंने ही की थी। इसे 2010 में बनाया गया था।

# दो पैन कार्ड मामले में आजम खां व बेटे अब्दुल्ला को सात साल की सजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला को एक और बड़ा झटका लग गया है, जिन्हें रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 7 साल की कैद का फैसला सुनाया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में लिया गया है।

सपा के पूर्व विधायक और मोहम्मद आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में अदालत ने सोमवार की दोपहर बाद अपना फैसला सुना दिया है। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आजम खां और अब्दुल्ला दोनों को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट का फैसला आते ही आजम खां-अब्दुल्ला को न्यायिक हिरासत में ले -शेष पृष्ठ दो पर

**■ एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोनों को रामपुर की जेल में भेजा**



## संक्षिप्त समाचार

### मुंद्रा बंदरगाह पर पांच करोड़ मूल्य के पटाखे और अन्य सामान जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के राजस्व खुफिया निदेशालय ने चीन से तस्करी के जरिये भारत लाए जा रहे 30 हजार पटाखों के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। निदेशालय ने पटाखों का अवैध आयात रोकने के लिए 'फायर ट्रेल' ऑपरेशन चलाया हुआ है। इसके साथ ही निदेशालय ने इस तरह के माल की तस्करी पर नजर रखने के लिए ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसके तहत चीनी पटाखों की तस्करी के एक और गंभीर प्रयास का भंडाफोड़ किया है। आधिकारिक सूचना के अनुसार ऑपरेशन के दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों ने मुंद्रा बंदरगाह पर चीन से आ रहा एक 40 फीट लंबा कंटेनर पकड़ा है जिसके बारे में बताया गया है कि उसमें 'गिलास सेट और 'फूलदान' रखे थे, लेकिन जांच पड़ताल के दौरान गिलास के ऊपरी हिस्से के पीछे 30,000 पटाखे छिपा कर रखे गए थे। प्राधिकरण ने पिछले महीने भी मुंबई और तूतीकोरिन में चीनी पटाखों के अवैध आयात के प्रयासों को विफल कर दिया था।

### अनिल अंबानी दूसरी बार ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी सोमवार को दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में 14 नवम्बर को भी वे गवाही के लिए नहीं पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि वे वर्चुअल गवाही या रिकॉर्डेड वीडियो से गवाही देने के लिए तैयार हैं। हालांकि ईडी ने अंबानी का प्रस्ताव मंजूर नहीं किया है। यह स्पष्ट नहीं है कि एजेंसी अब तीसरा समन जारी करेगी या नहीं।

### साजिश के तहत हो रहा एसआईआर का काम : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चुनाव आयोग एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण करवा रहे हैं और फिर इसे उपकरण की तरह इस्तेमाल कर इसके जरिए 'वोट चोरी' का काम करवाया जा रहा है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर एक पोस्ट में सोमवार को कहा कि चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री एक साजिश के तहत पूरे देश में मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम कराने में लगे हुए हैं।

# मदीना जा रहे 45 भारतीयों की मौत

**मृतकों में से 18 एक ही परिवार से, उमरा के लिए जाती बस के टैंकर से टकराने पर हुआ भीषण हादसा**

**मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल, हादसे में सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा**

**भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर किया जारी, ओवैसी ने शवों को भारत लाने की अपील की**

रियाद, वार्ता

**सऊदी अरब** में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और उसमें आग लग गई। मृतकों में 18 महिलाएं, 17 पुरुष और 10 बच्चे शामिल हैं।

हादसे में सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा है। उसकी पहचान मोहम्मद अब्दुल शोएब (24 साल) के रूप में हुई है। शोएब ड्राइवर के पास बैठा था। हादसे के बाद उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। एक सरकारी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मारे गए लोगों में से 18 एक ही परिवार के थे। इनमें 9 बच्चे और 9 बड़े शामिल थे। यह परिवार हैदराबाद का रहने वाला था और शनिवार को भारत लौटने वाला था। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। हैदराबाद पुलिस के मुताबिक 9 नवम्बर को 54 लोग हैदराबाद से सऊदी गए थे। वे 23 नवम्बर को वापस आने वाले थे। इनमें से 4 लोग रविवार को कार से अलग से -शेष पृष्ठ दो पर





### पीएम मोदी ने दुर्घटना पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सऊदी बस दुर्घटना पर दुख जताया। एक पोस्ट में मोदी ने कहा कि रियाद में वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारे अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सऊदी अरब में हुए हादसे पर दुख जताया।

### हादसे में मारे गए 12 लोगों की हुई पहचान

हादसे में मारे गए लोगों में से 12 भारतीय पीड़ितों की पहचान हो पाई है, उनमें अब्दुल मोहम्मद, मोहम्मद मौलाना, सोहेल मोहम्मद, मस्तान मोहम्मद, परवीन बेगम, जकिया बेगम, शौकत बेगम, फरहीन बेगम, जहीन बेगम, मोहम्मद मंजूर, मोहम्मद अली, गौसिया बेगम शामिल हैं। जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नम्बर जारी किया है। दूतावास ने कहा कि सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा यात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में कंट्रोल रूम बनाया, हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है। घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं- 79979-59754 और 99129-19545।

# सेना प्रमुख की पाक को चेतावनी

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल ट्रेलर दिखाया था और अगर पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखता है, तो सेना ने उसे यह सिखाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है कि जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए तथा सेना को यह भी पता है कि बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है।

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम में सवालों के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर को केवल ट्रेलर करार देते हुए कहा कि यदि दोबारा कोई दुस्साहस किया जाता है, तो सेना इस बार पाकिस्तान को यह सबक सिखाने के लिए तैयार है कि पड़ोसी के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहूंगा कि फिल्म शुरू भी नहीं हुई। सिर्फ ट्रेलर दिखाया गया। और ट्रेलर के बाद ट्रेलर 88 घंटों में खत्म हो गया। तो, भविष्य कैसा होगा? हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। और अगर कोई हमें पाकिस्तान में ऐसा मौका देता है, तो हम उसे पूरी शिक्षा देना चाहेंगे कि एक जिम्मेदार देश को अपने पड़ोसियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। सेना प्रमुख ने कहा कि आतंकवादी या उनके आका हमारे लिए एक समान हैं। उन्होंने कहा कि सेना अब बैरंग चिट्ठी का जवाब देने के लिए भी तैयार है। उन्होंने कहा कि जो कोई भी आतंकवाद को बढ़ावा देता है, हमें उसका जवाब देना चाहिए।



**■ उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा: सेना को पता है बैरंग चिट्ठी का जवाब किसे देना है**

# दिल्ली ब्लास्ट: आमिर ने उमर को सुरक्षित ठिकाने दिए

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी डा. उमर के साथी आमिर राशिद अली ने ही उमर को सेफ हाउस (सुरक्षित ठिकाना) उपलब्ध कराया था। साथ ही आईडी बनाने में भी मदद की थी।

सोमवार को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने स्पेशल एनआईए कोर्ट में आरोपी की कस्टडी पाने के लिए ये दलील दीं। रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार आमिर को सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया था। पूरी सुनवाई बंद कमरे में हुई। यहां केवल मामले से जुड़े अधिकारी और वकील मौजूद रहे। एनआईए ने लंबी हिरासत की डिमांड की थी। दिल्ली ब्लास्ट में उपयोग कार आमिर के ही नाम है। वहीं, इस ब्लास्ट में सुरक्षा एजेंसियों को शू बम (जूता बम) के इस्तेमाल का शक है। सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों को विस्फोट वाली कार से एक जूता मिला है। इसकी जांच में अमोनियम नाइट्रेट और टीएटीपी के ट्रेस मिले, जिन्हें शुरुआती सुराग माना जा रहा है। टीएटीपी एक बेहद खतरनाक और संसेटिव विस्फोटक माना जाता है, जिसे आतंकी अक्सर इस्तेमाल करते हैं। यह मामूली झटके, रगड़ या थोड़ी सी गर्मी से भी फट सकता है। इसी वजह से इसे आतंकी दुनिया में शैतान की मां कहा जाता है। कार चला रहा डा. उमर नबी एक आत्मघाती हमलावर (सुसाइड बॉम्बर) था। यह पहली बार है, जब किसी सुरक्षा एजेंसी ने ऑफिशियल तौर पर इसकी पुष्टि की है। इससे यह तय हो गया है कि ब्लास्ट सुसाइड अटैक ही था। 10 नवम्बर को दिल्ली धमाके में 13 लोगों की मौत हुई थी, 24 से ज्यादा लोग जख्मी हैं।




**■ आईडी बनाने में मदद की, जूता बम इस्तेमाल का शक**
**■ जांच में खतरनाक टीएटीपी विस्फोटक मिला**

### भोपाल में पारा 5.2 डिग्री, 84 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** उत्तर और मध्य भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार रात पारा 5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 9.2 डिग्री नीचे रहा। एक ही रात में 1.2 डिग्री की गिरावट हुई। इससे 84 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया है। भोपाल में नवम्बर की सर्दी का ओवरऑल रिकॉर्ड 30 नवम्बर 1941 में 6.1 डिग्री का था। दिल्ली में रविवार को ठंड ने नवम्बर में 3 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगर सोमवार को भी दो या ज्यादा मौसम केंद्र लगातार दूसरे दिन मानक पूरे करते हैं, तो कोल्ड वेव की घोषणा कर दी जाएगी।

# बरेली में वायुसेना के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** बरेली के मीरगंज क्षेत्र के गांव गोरा लोकनाथपुर में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वायुसेना के हेलीकॉप्टर में उड़ान के दौरान अचानक तकनीकी खराबी आ गई।

पायलट ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए किसान नन्हे शर्मा के खेत में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कर दी। पायलट की सूझबूझ और समझदारी के चलते हेलीकॉप्टर बिना किसी नुकसान के सुरक्षित खेत में उतारा गया। इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिलते ही वायुसेना ने मौके पर दूसरा हेलीकॉप्टर भेजा। वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हेलीकॉप्टर की प्राथमिक जांच की।

**■ तकनीकी खराबी के कारण खेत में उतारा गया**

### वैष्णो देवी मेडिकल इंस्टीट्यूट की एमबीबीएस सीट का विरोध

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में एमबीबीएस एडमिशन को लेकर विवाद बढ़ गया है। सोमवार को कई हिंदू संगठनों ने एक साथ विरोध प्रदर्शन किया और एडमिशन वाली सीट अलॉटमेंट की पहली लिस्ट तुरंत रद्द करने की मांग की। इस साल संस्थान को 50 एमबीबीएस सीटें मिली हैं। 2025-26 के पहले बैच में 42 मुस्लिम, 7 हिंदू और एक सिख छात्र का नाम सीट अलॉटमेंट लिस्ट में है। हिंदू संगठनों का कहना है कि सीट बंटवारे में भेदभाव किया गया है। इसमें हिंदू छात्रों की अनदेखी की गई है। इसके विरोध में युवा राजपूत सभा, राष्ट्रीय बजरंग दल और कल्कि आंदोलन जैसे हिंदू संगठन जम्मू में प्रदर्शन कर रहे हैं।

# केरल में SIR पर तत्काल रोक की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने केरल में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है।

याचिका में तर्क दिया गया है कि यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती। याचिका में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा 27 अक्टूबर को जारी की गई अधिसूचना को चुनौती दी गई है, जिसने एसआईआर प्रक्रिया शुरू की थी। याचिका में तर्क दिया गया है कि यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है। यह याचिका आईयूएमएल महासचिव पीके कुन्हालीकुट्टी के माध्यम से दायर की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता हारिस बीरन द्वारा अधिवक्ता आर एस. जेना के माध्यम से दायर की गई इस याचिका का निपटारा किया गया है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि राज्य चुनाव आयोग ने पहले ही नौ और 11 दिसम्बर को दो चरणों में स्थानीय निकाय चुनावों की घोषणा कर दी थी, जबकि एसआईआर के तहत मसौदा रोल चार दिसम्बर को प्रकाशन के लिए निर्धारित था। याचिका के मुताबिक सक्रिय चुनावी गतिविधियों के दौरान एसआईआर का संचालन करना कथित रूप से स्थापित चुनावी प्रथा का उल्लंघन करता है। दलील में कहा गया है कि अधिनियम व्यक्तिगत निर्धारण के बिना वैध मतदाता सूची में प्रविष्टियों को बड़े पैमाने पर हटाने या बेअसर करने को अधिकृत नहीं करता है। आईयूएमएल के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया से बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हट सकते हैं। आवेदन में कहा गया है कि कई बीएलओ सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक काम करते हैं जिसमें सप्ताहांत भी शामिल हैं और उन्होंने शिकायत की है कि 30 दिन की समयसीमा के भीतर सत्यापन कार्य पूरा करना मानवीय रूप से असंभव है।

**तर्क: यह प्रक्रिया राज्य में चल रही 'स्थानीय निकाय' चुनाव प्रक्रिया के समानांतर नहीं चल सकती**

**यह मनमाना, कानूनी रूप से अनुचित और अवास्तविक समय सीमा पर आधारित है**



CMYK



## संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त की तैयारी

**वाराणसी।** वाराणसी में इन दिनों कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप के मामले को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें लगातार फर्मों के रिकॉर्ड खंगाल रही हैं। इस प्रकरण के मास्टरमाइंड प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल की तलाश में पुलिस की टीम लगी हुई है। उसके पिता भोला प्रसाद समेत 28 लोगों पर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। अब प्रतिबंधित सिरप की खरीद-बिक्री के मामले में 26 फर्मों के लाइसेंस निरस्त करने की तैयारी चल रही है। औषधि निरीक्षक जुबान अली की तहरीर पर 28 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### लूडो बेटिंग के नाम पर लाखों की ठगी का पर्दाफाश

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ की साइबर क्राइम पर नजर रखने वाली पुलिस टीम ने ऑनलाइन गेमिंग और लूडो बेटिंग के नाम पर लोगों को ठगने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कई बैंकों की पासबुक, चेक बुक समेत कई उपकरण और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध नियंत्रण अभियान के क्रम में साइबर क्राइम थाना ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। प्रतिबिम्ब पोर्टल पर ऑनलाइन गेमिग और बेटिग के नाम पर ठगी की शिकायतें प्राप्त होने ही अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल साइबर) विवेक त्रिपाठी एवं क्षेत्रधिकारी सदर/सहायक नोडल साइबर श्रीमती आस्था जायसवाल के पर्यवेक्षण में टीम ने जांच शुरू कर दी।

### पिछले 11 वर्षों में हुए देश के चहुंमुखी विकास की यात्रा जारी रहेगी

# लकीर के फकीर नहीं बन सकते: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मुख्यमंत्री बोले पीएम मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि मौजूदा सरकार लकीर की फकीर नहीं बन सकती। पिछले 11 वर्षों में देश के चहुंमुखी विकास को दुनिया ने देखा है और यह विकास यात्र आगे भी जारी रहेगी। बाबू बनारसी दास विश्व. विद्यालय (बीबीडी) के दीक्षांत समारोह में छात्र छात्रओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते हैं।

आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्ष में देखा है और यह आगे भी जारी रहेगा। योगी ने कहा कि आज आप देखते होंगे कि स्पोर्ट्स लोगों के दिनचर्या का हिस्सा बनता जा रहा है, अखिलेश दास यूनियन कैबिनेट में जब थे, उस समय मुझे भी सांसद के रूप में देश की संसद में रहने का अवसर प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि हम लकीर के फकीर नहीं बन सकते है, आपने भारत की विकास यात्र को 11 वर्षों में देखा है, मोदी ने देश के अंदर डिजिटल इंडिया मिशन को आगे बढ़ाया।

योगी ने कहा कि अपने उन विभूतियों के प्रति जिनके नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित है उनके प्रति कृतज्ञता और श्रद्धा का भाव हो। भारत की प्राचीन परपंरा में जब कोई स्नातक गुरुकुल से अपनी शिक्षा पूरी करके निकलता था, तो शिक्षक द्वारा सन्देश दिया जाता था कि ष्जीवन में सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के अंदर हमारी 56 फीसदी आबादी वर्कफोर्स है। प्रधानमंत्री ने 2020 में भारत को नेशनल एजुकेशन पालिसी दी। स्केल को स्किल से जोड़ने के लिए कारगर तरीके अपनाए गए। आपने देखा होगा रोबोटिक में भारत ने एक लंबी छलांग लगाई है। हमें भी प्रयास करने होंगे। सीवर के मैनहोल की सफाई करते हुए, जिसमें सफाईकर्मी अपना दम तोड़ देता है, हम तकनीक का उपयोग कर सकते है और मानव क्षति को कम कर सकते हैं।

### मां ने लगाई मासूम के जीवन की गुहार, योगी ने तत्काल कराई इलाज की व्यवस्था

**लखनऊ।** सोमवार की सुबह एक मां के जीवन में उम्मीद की किरण लेकर आया, जब वह 'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलीं। उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए सात माह के मासूम की बीमारी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने महिला की बात सुनी और तत्काल उन्हें एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया। योगी के निर्देश पर हृदय संबंधी बीमारी से जूझ रहे बच्चे का इलाज शुरू हो गया। वहीं 'जनता दर्शन' में प्रदेश भर से 60 से अधिक फरियादी आए, मुख्यमंत्री ने सभी के पास पहुंचकर उनकी शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समय से निराकरण का निर्देश दिया। लखनऊ के राजेंद्र नगर, ऐशबाग की रहने वाली एक महिला सोमवार सुबह मुख्यमंत्री आवास में लगाए गए 'जनता दर्शन' में पहुंचीं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे किराए के मकान में रहकर अत्यंत सीमित संसाधन में जीवनयापन कर रही हैं। उनके सात माह के मासूम को हृदय से संबंधित बीमारी है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता कर दी जाए। मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को दुलारा-पुचकारा और महिला को आश्वस्त किया कि आप बेफिक्र रहिए, सरकार मदद करेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उस बच्चे को तत्काल एंबुलेंस से केजीएमयू भिजवाया और वहां कुलपति को निर्देशित किया कि बच्चे के उपचार की तत्काल व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के आदेश के उपरांत वहां मासूम का इलाज प्रारंभ हो गया है।

# बिहार में राजग की बंपर जीत उप्र में मचाएगी हलचल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सबसे पहले प. बंगाल और तमिलनाडु के चुनावों में सुनाई देगी बिहार के नतीजों की गूंज

**लखनऊ।** बिहार विस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ऐतिहासिक जीत का राजनीतिक असर अब उत्तर प्रदेश में भी महसूस किया जाने लगा है। दोनों राज्यों की जातिगत संरचना में समानताओं के चलते यह जीत प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर सकती है।

भाजपा के एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में गैर-यादव पिछड़ों (ओबीसी), अति पिछड़ों के राजग के साथ एकजुट होने से उत्तर प्रदेश में भी गठबंधन के मनोबल को बढ़त मिलेगी। हालांकि उत्तर प्रदेश में चुनावी मुकाबला अभी डेढ़ वर्ष दूर है, लेकिन बिहार के नतीजों की गूंज सबसे पहले पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी चुनावों में सुनाई देगी। बिहार के नतीजों पर पहली प्रतिक्रिया देते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विपक्ष की हार के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के जरिए सियासी साजिश की गई, लेकिन चेतावनी दी कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और यूपी में अब यह 'चाल' सफल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पीपीटीवी मॉडल के जरिए भाजपा की 'साजिशों पर नजर रखेगी'। इस बीच राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार के नतीजों से यूपी की जमीन पर कोई बड़ा बदलाव भले न दिखे, पर भाजपा की उम्मीदें जरूर बढ़ी हैं। खासकर तब जब 2024 लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा की सीटें 64 से घटकर 36 हुई थीं। कुछ विश्लेषक यह भी कहते हैं कि बिहार के नतीजे अखिलेश यादव को कांग्रेस के साथ गठबंधन पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। राजनीतिक विशेषज्ञ के मुता. बिक दोनों राज्यों में नेतृत्वकारी चेहरों बिहार के नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता राजग को मजबूत आधार देती है। नीतीश कुमार की 'सुशासन बाबू' छवि और महिलाओं में उनकी पकड़ को योगी आदित्यनाथ की सख्त कानून-व्यवस्था वाली छवि के समान माना जा रहा है। 2022 के यूपी चुनाव में भी योगी सरकार पर एंटी-इन्कम्बेंसी का असर नहीं दिखा था। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार चुनाव ने यह भी संकेत दिया कि बेहतर तालमेल और गठबंधन की मजबूती भाजपा, जेडीयू, एलजेपी (राम विलास) और आरएलएम कैसे भारी बहुमत दिला सकती है। इसी तर्ज पर यूपी में राजग के घटक भाजपा, अपना दल (एस), रालोद, निषाद पार्टी और सुभासपा यदि 2027 में संयुक्त रणनीति के साथ उतरते हैं, तो इसका उन्हें भारी लाभ मिल सकता है। दूसरी ओर, विपक्षी खेमे में चिंता की लकीरें गहरी हैं। अगर अखिलेश यूपी चुनाव में कांग्रेस का साथ छोड़ते हैं, तो अल्पसंख्यक मतों में आंशिक बिखराव का खतरा पैदा होगा। हालांकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, क्योंकि उन्होंने कहा है कि वह कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ेंगे। गौरतलब है कि 2024 लोकसभा चुनाव में इन्हीं गठबंधनों की वजह से यूपी में परिणाम उलटफेर वाले रहे जहां एनडीए 36 सीटों पर सिमट गया, वहीं इंडिया ब्लॉक 43 सीटों के साथ रिकॉर्ड बना गया। इसी जीत से विपक्ष को नया हौसला मिला है और वह 2027 के चुनाव को सीधी लड़ाई में तब्दील करने की रणनीति बना रहा है।

# शराब खरीद व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की कवायद तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री ने यूपी एक्साईज सिटिजेन एप का शुभारंभ किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने सोमवार को गन्ना संस्थान स्थित सभागार में 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि आबकारी विभाग देशी शराब की दुकानों, कम्पोजिट दुकानों, माडल शॉप, प्रीमियम रिटेल वेन्ड्स एवं बार अनुज्ञापनों से मानक मदिरा/बीयर आदि की बिक्री कराए जाने हेतु दृसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में मदिरा/बीयर उपभोक्ताओं के प्रति पूर्ण पारदर्शिता प्रदर्शित करते हुए सर्वसुलभ 'यूपी एक्साईज सिटिजेन एप' तैयार किया गया है। यह एप गूगल प्ले स्टोर एवं ऐप्पल एप स्टोर पर उपलब्ध है। एप को किसी भी नागरिक/उपभोक्ता द्वारा अपने मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से किसी भी मदिरा की दुकान से विक्रीत मदिरा की बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक/कैन आदि पर चस्पा एक्साइज एढेसिव लेबिल पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन कर संबंधित मदिरा की बोतल से संबंधित समस्त आवश्यक सूचनाएं देखी जा सकती हैं। बोतल के लेबिल पर छपे विवरणों तथा संबंधित फुटकर दुकान के विवरणों से इनका सत्यापन किया जा सकता है। आबकारी मंत्री ने कहा कि क्यूआर कोड स्कैन करते ही मोबाइल स्क्रीन पर ब्राण्ड का नाम व भरी हुई मदिरा की तीव्रता प्रदर्शित होने लगेगी, जिसमें बीयर, वाइन, एलएबी, व्हिस्की, वोदका, रम, जिन, देशी शराब, यूपीएमएल शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से पैकिंग टाइप (ग्लास बोतल/पेट बोतल/एसेप्टिक ब्रिक पैक) टेट्रा पैक)/कैन आदि को देखा जा सकता है।

# सौर ऊर्जा क्रांति की ओर यूपी, पीएम सूर्य घर योजना ने बदली तस्वीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पिछड़े और ग्रामीण इलाकों में पीएम सूर्य घर योजना नई उम्मीद बनकर उभरी है। सौर ऊर्जा आधारित इस योजना ने किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के जीवन में आर्थिक राहत पहुंचाई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस योजना के क्रियान्वयन में तेजी दिखाई है और राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में जगह बनाई है। अधिकृत आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अब तक दो लाख 75 हजार 936 घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इससे उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली का लाभ मिल रहा है और ऊर्जा निर्भरता में उल्लेखनीय कमी आई है। स्थापना के मामले में यूपी गुजरात और महाराष्ट्र के बाद तीसरे स्थान पर है, जबकि कुल आवेदनों में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव छोटे व्यवसायों पर दिखाई दे रहा है। बिजली कटौती से पहले जहां वेल्डिंग, आटा चक्की, किराना स्टोर, नाई की दुकान और मोबाइल रिपेयर जैसी इकाइयां प्रभावित होती थीं, वहीं अब सौर ऊर्जा से इनके संचालन में रुकावट नहीं होती। लगातार बिजली उपलब्ध होने से इन व्यवसायों की आय स्थिर हुई है और रोजगार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।



सेंसेक्स 84478.67
निफ्टी 25879.15



सोना रु. 127000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 159000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार छठे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार छठे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 388.17 अंक (0.46 प्रतिशत) की बढ़त से साथ 84,950.95 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 103.40 अंक यानी 26,013.45 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का दूसरा उच्चतम स्तर है।

गत 29 अक्टूबर को सेंसेक्स 84,997.13 अंक और निफ्टी-50 सूचकांक 26,053.90 अंक के अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ था। मजबूत निवेश धारणा के कारण शेयर बाजारों में आज शुरू से ही तेजी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.84 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.52 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। एनएसई में सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे



निशान में बंद हुए। बैंकिंग के साथ ऑटो, वित्त, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, आईटी और फार्मा समूहों के शेयरों में ज्यादा तेजी रही। एनएसई में कुल 3,253 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,651 के शेयरों में मजबूती दर्ज की गई, जबकि 1,523 के शेयर लाल निशान में रहे। वहीं 79 अन्य कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शयरों में तेजी और अन्य 10 में गिरावट देखी गई। इटरनल का शेयर सबसे अधिक 1.94 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी में 1.34 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.26, महिद्रा एंड महिंद्रा में 1.11 और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टेक महिंद्रा में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। टाइटन, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, सनफार्मा, भारतीय स्टेट बैंक और एक्सिस बैंक में भी उछाल देखा गया। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का शेयर सबसे अधिक 4.83 प्रतिशत की गिरावट रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, बीईएल, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट्स, आईटीसी और टीसीएस के शेयरों पर भी दबाव रहा। वैश्विक स्तर पर बाजारों में गिरावट देखी गई। हांगकांग का हैंगसेंग 0.71 फीसदी, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 और जापान का निक्केई 0.10 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.36 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.05 प्रतिशत नीचे थे।

### कर संग्रह का लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने सोमवार को उम्मीद जताई कि मौजूदा वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। अग्रवाल ने यहां भारत मंडपम में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के दौरान सीबीडीटी के करदाता अलाउंज का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल से 10 नवम्बर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह में 6.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हम लक्ष्य हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन करदाताओं और व्यक्तियों के लिए ऑडिट किया हुआ रिटर्न भरने की आवश्यकता है, उनके लिए अंतिम तिथि 10 दिसम्बर है। उम्मीद है कि इस तारीख तक स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी और विभाग लक्ष्य हासिल करने में सफल रहेगा। आयकर रिफंड में हो रही देरी के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि जैसे-जैसे प्रक्रिया आगे बढ़ रही है लोगों को उनका रिफंड दिया जा रहा है। सीबीडीटी का प्रयास है कि पहले ही सारी चीज स्पष्ट कर ली जाए।

# एयर इंडिया चीन के लिए एक फरवरी से शुरू करेगी उड़ान

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया अगले साल फरवरी से चीन के शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। एयर इंडिया ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वह 1 फरवरी 2026 से दिल्ली से शंघाई के लिए उड़ान शुरू करेगी। यह सेवा सप्ताह में चार दिन मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध होगी। दिल्ली से विमान दोपहर 12 बजे उड़ान भरेगा और स्थानीय समय के अनुसार रात 8:20 बजे शंघाई पहुंचेगी।

वापसी की उड़ान शंघाई से रात 10 बजे (स्थानीय समय के अनुसार) उड़ान भरकर अगले दिन तड़के 3:15 बजे दिल्ली उतरेगी। इसके अलावा मुंबई और शंघाई के बीच भी अगले साल उड़ान शुरू करने की उसकी योजना है। हालांकि इसके लिए अभी नियामकीय मंजूरियों का इतंजार है। मार्च 2020 के बाद इस साल अक्टूबर में भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें शुरू हुई हैं। उस समय कोविड-19 के प्रसार को रोकने



के लिए सरकार ने चीन से आने वाली और चीन को जाने वाली सभी उड़ानों पर रोक लगा दी थी। एयर इंडिया के नेटवर्क में शामिल होने वाला शंघाई 48वां अंतर्राष्ट्रीय शहर होगा। इस मार्ग पर एयरलाइंस बोइंग 787.8 विमान का संचालन करेगी। इसमें बिजनेस श्रेणी के 18 फ्लैट बेड और इकोनॉमी श्रेणी में 238 सीटें होंगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विलसन ने कहा कि दिल्ली और शंघाई के बीच उड़ानें दो महान राष्ट्रों, पुरातन सभ्यताओं और आधुनिक अर्थव्यवस्था के केंद्रों के बीच सेतु का काम करेंगी।

### राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

**नई दिल्ली।** मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रलय के अंतर्गत पशुपालन और डेयरी विभाग ने पशुधन और डेयरी क्षेत्र के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार (एनजीआरए) 2025 के विजेताओं की घोषणा यहां सोमवार को की।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दो पैन कार्ड....**

लिया गया। फैसला आने के बाद कचहरी परिसर में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया और आज़म खां को सजा सुनाए जाने के बाद उनके चेहरों पर मायूसी छा गई है। बताते चलें कि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मोहम्मद आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ़ फर्जी पैन कार्ड बनवाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। इस दौरान शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि मैं कुछ ज्यादा नहीं कहूंगा बस इतना ही कह सकता हूं कि आज़म खां को मिटाने के लिए पूरी ताक़त का इस्तेमाल किया जा रहा है और याद रहे ज़ुल्म फ़िर ज़ुल्म है बढ़ता है, तो मिट जाता है। फिलहाल दोनों को रामपुर की जेल में भेज दिया गया है।

**मदीना जा ....**

मदीना गए थे। वहीं 4 लोग मक्का में रुक गए थे। दुर्घटना वाली बस में 46 लोग सवार थे। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सऊदी अरब में भारतीय उमरा यात्रियों की बस दुर्घटना पर दुख जताया है। ओवैसी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और यात्रियों की जानकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ साझा की है। उन्होंने रियाद में भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन (डीसीएम) अबू मैथन जॉर्ज से भी बात की। जॉर्ज ने उन्हें बताया कि स्थानीय अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही अपडेट दिया जाएगा। ओवैसी ने कहा कि मैं केंद्र सरकार से, खासकर विदेश मंत्री जयशंकर से अपील करता हूं कि शवों को जल्द ले जल्द भारत लाया जाए और घायलों को जरूरी चिकित्सा मुहैया कराई जाए। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से मारे गए लोगों को 5-5 लाख रुपये के मुआवजे का ऐलान किया गया है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें।

# पश्चिम बंगाल राजभवन में लाइव तलाशी अभियान का आदेश

कोलकाता, वार्ता

■ यह कदम भाजपा द्वारा अपराधियों को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद उठाया

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस के आरोपों के बीच अपने बाहरी दौरे को बीच में ही छोड़कर सोमवार को यहां राजभवन आए और वह पूरे राजभवन परिसर में अभूतपूर्व संयुक्त तलाश अभियान का स्वयं नेतृत्व करेंगे।

राजभवन के आधिकारिक एक्स हैंडल पर की गई घोषणा के अनुसार राज्यपाल ने पूरे राजभवन भवन और उसके परिसर की कई सुरक्षा तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया इकाइयों द्वारा गहन तलाशी लिए जाने के निर्देश दिए हैं। यह कदम तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी की ओर से राजभवन पर 'भारतीय जनता पार्टी अपराधियों' को हथियार बांटने के विस्फोटक आरोप के बाद बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तलाश अभियान को सुगम बनाने के लिए आज राजभवन को पूरी तरह से खाली करा दिया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। मीडिया और नागरिक समाज के सदस्यों को भी परिसर में इस अभ्यास को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्यपाल भवन की एक दुर्लभ, पूर्ण सुरक्षा जांच के रूप में वर्णित संयुक्त तलाशी अभियान, कोलकाता पुलिस, राजभवन पुलिस चौकी, सीआरपीएफ, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों द्वारा चलाया जाएगा, जबकि आपदा प्रबंधन तथा नागरिक सुरक्षा विभाग भी अग्निशमन अभ्यास करके इसमें भाग लेंगे। यह नाटकीय घटनाक्रम श्री बोस और श्री बनर्जी के बीच बढ़ते टकराव के बाद सामने आया है। दरअसल शनिवार को मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) के श्री बोस के बचाव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि राजभवन भाजपा के 'अपराधियों' को पनाह दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वह (श्री बोस) अपराधियों को वहां रख रहे हैं, उन्हें बंदूकें और बम दे रहे हैं और उन्हें तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला करने के लिए कह रहे हैं। बनर्जी ने राज्यपाल पर 'दिल्ली में अपने राजनीतिक आक. ाओं के गढ़े हुए भाषणों को दोहराने' का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि जब भी राज्यपाल 'झूठे बयान' देंगे, तृणमूल कांग्रेस पूरे राज्य में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएगी। अपने आरोपों को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि जब तक यह भाजपा का सेवक राज्यपाल बना रहेगा, पश्चिम बंगाल में कुछ भी अच्छा नहीं होगा।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


CMYK

# एक जिला, एक मेला अभियान के तहत चयनित होंगे मेले:सीएम

■ मुख्यमंत्री ने राज्य के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक, राजकीय मेले के रूप में घोषित मेलों विशेष संरक्षण, वित्तीय सहायता और प्रचार-प्रसार का लाभ मिलेगा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने बैठक में राज्य के विकास कार्यों की प्रगति, जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण और प्रशासनिक सुधारों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने राज्य स्थापना की रजत जयंती पर सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री द्वारा राज्य के विकास के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के विजन पर जोर दिया और 'एक जिला, एक मेला' अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने वाले मेलों के पर्यावरण-सम्मत और भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि "एक जिला, एक मेला" अभियान के अंतर्गत चयनित मेलों को राजकीय मेला के रूप में घोषित किया जाएगा।

जिन मेलों को यह मान्यता प्राप्त होगी, उन्हें विशेष संरक्षण, वित्तीय सहायता और प्रचार-प्रसार का लाभ मिलेगा। इन मेलों के आयोजक वही रहेंगे। राज्य सरकार केवल सहायता और आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी। इस अभियान का उद्देश्य केवल स्थानीय संस्कृति, कला और शिल्प को बढ़ावा देना ही नहीं, बल्कि जनता के लिए मनोरंजन और सामुदायिक सहभागिता के अवसर भी प्रदान करना है।

राजकीय मेला घोषित किए जाने से मेलों का स्वरूप और आकर्षण और बढ़ जाएगा तथा यह राज्य के सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को पिछले तीन साल में बने स्थाई निवासी प्रमाण पत्रों की जांच के निर्देश देते हुए गलत तरीके से बने प्रमाण पत्र में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, अपर पुलिस महानिदेशक अभिसूचना एवं सुरक्षा अभिनव कुमार, कुमाऊं मण्डल आयुक्त दीपक रावत सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## योग, आयुर्वेद और ध्यान के केंद्रों को जिलों और ब्लॉकों तक विस्तारित किया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश और दुनिया के लिए आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि योग, आयुर्वेद और ध्यान के केंद्रों को जिलों और ब्लॉकों तक विस्तारित किया जाए। इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक में एक गाँव को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना जा सकता है, जिसे "आध्यात्मिक गाँव" के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पहल के तहत गाँव में योग प्रशिक्षण केंद्र, आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुविधा, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा स्थानीय स्तर पर आध्यात्मिक शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इससे न केवल स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य और मानसिक शांति बढ़ेगी, बल्कि राज्य को पर्यटन और स्वास्थ्य से जुड़ी नई पहचान भी मिलेगी।'

## सीमा से लगे गांवों को वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत विकसित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत चिन्हित गांवों में होमस्टे, स्वरोजगार, उद्यानिकी, कृषि और सौर ऊर्जा संबंधी गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने सीमा से लगे गांवों को वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक सीमांत गांव को किस रूप में आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने शीतकालीन चार धाम यात्रा और बारहमासी पर्यटन की तैयारियों को तेज करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत, विशेषकर उत्तरक. ाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में होटलों, होमस्टे संचालकों और अन्य सेवा प्रदाताओं के साथ समन्वय स्थापित करना और यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराना शामिल है।

# जोशी ने मसूरी में मनाया बिहार चुनाव में भाजपा की जीत का जश्न



■ कैबिनेट मंत्री ने कहा -अब मोदी का 'महा मैजिक' शुरू हुआ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी पहुँचकर गांधी चौक में पार्टी पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के साथ मिठाई बांटकर तथा आतिशबाजी कर भाजपा की विजय का जोरदार जश्न मनाया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने इस अवसर पर कहा कि "जो लोग कहते थे कि मोदी मैजिक खत्म हो गया है, उन्हें बिहार चुनाव परिणाम देख लेने चाहिए। अब मोदी का 'महा मैजिक' शुरू हुआ है।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष के कुछ नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री के प्रति की गई अभद्र टिप्पणियों का जवाब बिहार की जनता ने अपने वोट से दे दिया है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, मोहन पेटवाल, कुशाल राणा, अरविंद सेमवाल, सतीश ढौंडियाल सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# रिलायंस शोरूम में पड़ी 14 करोड़ की डकैती का आरोपी पटना में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देहरादून के हद्रय स्थल कहलाए जाने वाले राजपुर रोड पर दिन-दहाड़े रिलायंस ज्वैलरी शो-रूम में हथियारों के बल पर 14 करोड के सोने और हीरे के जेवरात लूटकर हडकंप मचा देने के मुख्य आरोपी को देर रात्रि बिहार एटीएफ टीम ने गिरफ्तार कर लिया।



विगत दो साल पूर्व उत्तराखंड की 23 वी साहलगिरा पर देहरादून पुलिस लाईन में परेड की सलामी लेने के लिए आए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जिस समय परेड की सलामी ले रहे थे और पूरे देहरादून को पुलिस ने छावनी में तब्दिल कर रखा था उसी समय हथियार बंद एक दर्जन से अधिक डकैतों ने रिलायंस ज्वैलरी शो-रूम में धावा बोलकर वहां पर मौजूद कर्मचारियों को बंधक बनाकर करीब 14 करोड़ रुपये के जेवरातों पर हाथ साफ कर आराम से फरार हो गए थे।

इस दौरान एसएसपी अजय सिंह ने डकैती का खुलासा करने के लिए कई पुलिस टीमों का गठन कर डकैती की वारदात में शामिल डकैतों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया था। लेकिन दून पुलिस डकैती में गए 14 करोड रुपये के जेवरातों में से किसी भी जेवरात की बरामदगी पकड़े गए डकैतों से नहीं कर पाई थी। विगत रविवार की देर रात्रि बिहार एसटीएफ टीम ने उक्त डकैती के मुख्य आरोपी कुन्दन राम उर्फ भगत को अपनी गिरफ्त में ले लिया। सूत्र बताते है कि पकड़े गए डकैत पर करीब 47 अभियोग पंजीकृत है और वह गिरफ्तारी से बचने के लिए दो साल से फरार था।

गौरतलब है कि उत्तराखंड एसटीएफ और देहरादन पुलिस में तेजतर्रार सीओ,इंस्पेक्टर और दरोगा फरार डकैत कुन्दन राम को पकड़ पाने में दो साल से नाकामयाब रही। इतना ही नहीं उत्तराखंड एसटीएफ और दून पुलिस की हर चाल को नाकामयाब करने में कुन्दन राम सफल रहा था लेकिन बिहार एसटीएफ ने डकैत कुन्दन राम की मंशा पर पानी फेरते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

## उत्तराखंड के देवव्रत पुरी को 'भारत का श्रेष्ठ जासूस सम्मान चिन्ह'

**देहरादून।** उत्तराखंड के प्रसिद्ध अन्वेषक देवव्रत पुरी गोस्वामी, जिन्हें पूरे देश में डिटेक्टिव देव के रूप में जाना जाता है, को राष्ट्र स्तर पर प्रदान किया जाने वाला एक अत्यंत प्रतिष्ठित सम्मान मिला है। उन्हें सीएपीएसआई (सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्रीज) तथा एपीडीआई (एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल डिटेक्टिव्स एंड इन्वेस्टिगेटर्स) द्वारा आयोजित सुरक्षा नेतृत्व सम्मलेनख्र2025, चेन्नई में "भारत का श्रेष्ठ जासूस ख्र सम्मान चिन्ह" प्रदान किया गया।यह सम्मान उन चुनिंदा व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने भारत की सुरक्षा, जाँच एवं खुफिया व्यवस्था को वर्षों तक निष्ठा, सत्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यक्षमता के साथ मजबूत किया हो, विशेष रूप से उत्तराखंड से लेकर पूरे भारत में उच्च स्तर की जाँच सेवाएँ प्रदान करने के लिए।

# राजकीय मेडिकल कॉलेजों को मिलेंगे 587 नर्सिंग अधिकारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग अधिकारियों के रिक्त 587 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने इसके लिये भर्ती विज्ञापन जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं।

इस भर्ती के लिएऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 दिसम्बर 2025 निर्धारित की है। सूबे के चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण व विस्तारीकरण को लेकर खासी संजीदा है।

सरकार आम लोगों को उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये न सिर्फ आधुनिक चिकित्सा संसाधन उपलब्ध करा रही है बल्कि मानव

■ उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने जारी की भर्ती विज्ञप्ति, रंग ला रही है विभागीय मंत्री डॉ. रावत की पहल



संसाधनों की भी तीव्र गति से पूर्ति कर रही है। उन्होंने बताया कि बीते एक सप्ताह के भीतर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत 287 चिकित्सकों तथा 180 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (महिला) के रिक्त पदों पर राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

इसी क्रम में सोमवार कोचयन बोर्ड ने राजकीय मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग अधिकारियों के रिक्त 587 पदों पर भर्ती विज्ञप्ति जारी कर अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। जिसमें राजकीय मेडिकल कॉलेज हरिद्वार व पिथौरागढ़ के रिक्त 480 पद तथा बैकलॉग के 107 पद शामिल हैं।

विभागीय मंत्री ने बताया कि नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 27 नवम्बर 2025 से शुरू होगी जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 17 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त भर्ती के तहत नर्सिंग अधिकारी (महिला) डिप्लोमाधारक के लिये 336 पद निर्धारित किये गये हैं। इसी प्रकार नर्सिंग अधिकारी (महिला) डिग्रीधारक के लिये 144 पद जबकि नर्सिंग अधिकारी (पुरूष) डिप्लोमाधारक 75 तथा नर्सिंग अधिकारी (पुरूष) डिप्लोमाधारक के लिये 32 पद विज्ञापित किये गये हैं।

डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि नर्सिंग अधिकारियों के 587 पदों पर नियुक्ति से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सुविधाएँ और अधिक सुदृढ़ होंगी। इससे उपचार प्रक्रियाएँ न केवल तत्पर और प्रभावी बनेंगी, बल्कि मरीजों की देखभाल में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

स्वाथ्य मंत्री डॉ रावत ने कहा कि राज्य सरकार लगातार स्वास्थ सेवाओं को मजबूत करने का काम कर रही है। चिकित्सकों की नियुक्ति के अलावा प्रदेश के सभी जनपदों में नर्सिंग अधिकारी भी तैनात किये जा रहे हैं।

# एमडीडीए ने की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त व व्यावसायिक निर्माण सील

■ उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के निर्देशों पर तेज की गई प्रवर्तन कार्यवाही, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी जारी रहेगा एक्शन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा अवैध प्लॉटिंग और निर्माणों पर निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी सेक्टरों में ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्यवाही नियमित रूप से संचालित हो रही है।

सोमवार को शिमला बाईपास क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया गया, जिसमें कई अवैध निर्माणों पर निर्णायक कार्रवाई की गई। प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत शिमला बाईपास रोड, देहरादून के विविध क्षेत्रों में किए गए अवैध आवासीय निर्माणों एवं प्लॉटिंग पर संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आद. ेशानुसार ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई संपन्न हुई। कमल राठौड़ एवं अन्य द्वारा श्रीराम इंक्लेव, मेहुवाला माफी (निकट ईंट भट्टा) में लगभग 10 बिघा क्षेत्र में की गई अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। इस कार्यवाही में सहायक अभियंता विजय सिंह रावत, अवर अभियंता जितेन्द्र कुमार एवं सुपरवाइजर मौजूद रहे।

इसी प्रकार, सर्वेश्वर दत्त द्वारा रावत मोहल्ला, बालावाला (निकट इंटर कॉलेज, बालावाला) में किए गए अवैध व्यावसायिक भवन पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस कार्यवाही में सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता मनीष मेहरा एवं सुप. रवाइजर उपस्थित रहे।



## अवैध निर्माण-प्लॉटिंग पर कार्यवाही हमारे निरंतर अभियान का हिस्सा : बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा एमडीडीए लगातार फील्ड निरीक्षण कर रहा है और जहां भी अवैध निर्माण या अवैध प्लॉटिंग पाई जाती है, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। शिमला बाईपास क्षेत्र में आज की गई ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्यवाही हमारे निरंतर अभियान का हिस्सा है। सभी से अपील है कि किसी भी निर्माण कार्य से पूर्व एमडीडीए से विधिवत स्वीकृति लेना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर इसी प्रकार कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। हमारा प्रयास है कि देहरादून का विकास सुव्यवस्थित और नियमानुसार बने।

## एमडीडीए उपाध्यक्ष तिवारी के निर्देशन में प्रवर्तन टीम सक्रिय



एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि एमडीडीए का स्पष्ट और दृढ़ संकल्प है कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण, अवैध प्लॉटिंग या अनियमित विकास को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्राधिकरण को जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उन सभी पर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। एमडीडीए द्वारा नियमित निरीक्षण, फील्ड विजिट और सख्त प्रवर्तन कार्यवाही को तेज किया गया है। सोमवार को शिमला बाईपास क्षेत्र में की गई कार्रवाई इसी नीति का हिस्सा है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देहरादून का विकास नियोजित, सुरक्षित और कानून के अनुरूप हो। किसी भी व्यक्ति को नियमों के विरुद्ध जाकर विकास कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और भविष्य में ऐसी सभी गतिविधियों पर और अधिक कठोरता से कार्रवाई की जाएगी।

# स्व. साहित्यकार मटियानी को उत्तराखण्ड गौरव सम्मान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक सादगीपूर्ण एवं गरिमामय समारोह में प्रख्यात हिन्दी साहित्यकार स्वर्गीय शैलेश मटियानी को प्रदत्त "उत्तराखण्ड गौरव सम्मान पुरस्कारख्र2025" उनके पुत्र राकेश मटियानी को प्रदान किया। यह सम्मान स्व. मटियानी की साहित्यिक उपलब्धियों, हिन्दी कहानी जगत में उनके अमूल्य योगदान तथा उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक विरासत को सशक्त पहचान दिलाने के लिए दिया गया है।



■ मुख्यमंत्री ने उनके पुत्र राकेश मटियानी को सौंपा सम्मान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कहा कि शैलेश मटियानी केवल एक साहित्यकार नहीं, बल्कि संवेदनाओं के कुशल शिल्पी थे। आधुनिक हिन्दी कहानी आंदोलन में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उ स्व. मटियानी के "बोरीवली से बोरीबन्दर", "मुठभेड़", "अधागिनी", "चील" सहित अनेक कथा-कृतियाँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और हिन्दी साहित्य में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि मरणोपरांत यह सम्मान स्वर्गीय मटियानी के परिवार को सौंपना राज्य सरकार के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री ने उनके पुत्र का सम्मान करते हुए कहा कि साहित्यकारों का सम्मान समाज और प्रदेश दोनों को समृद्ध करता है।

स्व. शैलेश मटियानी के पुत्र ने उत्तराखण्ड सरकार तथा मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान समूचे प्रदेश के साहित्य प्रेमियों और मटियानी के प्रशंसकों के लिए गौरव का क्षण है

कार्यक्रम में सचिव विनोद कुमार सुमन सहित वरिष्ठ अधिकारी, साहित्यकार तथा परिवारजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेसी जीत के दावे हकीकत से कोसों दूर : सुरेश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कांग्रेसी जीत के दावों को हकीकत से कोसों दूर मुंगेरी लाल के हसीन सपने बताए हैं। मुख्य प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा, जनता देश में पीएम मोदी और प्रदेश में सीएम धामी के नेतृत्व में विकसित उत्तराखंड बनाने के लिए लगातार आगे बढ़ना चाहती है। लिहाजा जनता, कांग्रेस नेताओं के झूठे, हवा हवाई और निराधार बातों में नहीं आने वाली है, जो बिहार चुनाव परिणामों से भी स्पष्ट हुआ है।

कांग्रेस द्वारा लगाए आरोपों का पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री जोशी ने कहा, उनके नेता अपनी नई टीम गठित होने के बाद भी लगातार अनर्गल आरोप, मिथ्या बाते, बिना सबूत और आधार के बयान दे रहे हैं। उन्होंने आईना दिखाते हुए कहा जो लोग हमारे संगठन के चुनाव पर उंगली उठाते हैं उन्हें देखना चाहिए कि बूथ से प्रदेश अध्यक्ष तक की निर्वाचन प्रक्रिया में एक भी विरोध का स्वर कहीं सुनाई नहीं दिया होगा। जबकि कांग्रेस पार्टी के तो अभी आधे ही जिला अध्यक्ष घोषित किए गए हैं उनमें भी लगातार इस्तीफे, विरोध प्रदर्शनों और असंतोष की खबरों से मीडिया, सोशल मीडिया भरे हुए हैं। जब नए प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी हुई तो भी एक दूसरे को निपटने की भाषणबाजी सभी ने सुनी। लिहाजा पूरी तरह शीशे के घर में रहने वालों को तो दूसरों पर एक भी पत्थर नहीं उछालना चाहिए।

वहीं उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा जोश में किए दावों पर तंज कसा कि 27 का चुनाव जीतने का मंसूबा पाले बैठे उनके नेता मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। कांग्रेस को गलतफहमी है कि 2012 में वह जनता का विश्वास जीत कर सत्ता में आई थी, जबकि सच यह है कि सिर्फ एक सीट के अंतर से भाजपा रिपीट नहीं हो पाई थी। उसके बाद 2017 में 57 और 2022 में 47 सीट जीतकर जनता ने भाजपा पर भरोसा दिखाया है। प्रदेश की जनता कांग्रेस नेताओं के झूठे दावों और बड़बोल. ेपन में नहीं फंसने वाले हैं। और भविष्य में भी जनता को देश में पीएम मोदी और प्रदेश में सीएम धामी ही चाहिए।


## आपदा पीड़ित बुजुर्ग को तत्काल मदद, पहुंचे 146 फरियादी

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर सोमवार को कलेक्ट्रेट में सीडीओ अभिनव शाह की अध्यक्षता में जनता दरबारश आयोजित किया गया। इसमें भूमि विवाद, आर्थिक सहायता, और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी 146 शिकायतें दर्ज की गईं। सीडीओ ने कई मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया। सहस्रधारा निवासी 60 वर्षीय बेसहारा आपदा पीड़ित बुजुर्ग महिला हरदीप कौर को तत्काल राइफल क्लब फंड से घ25,000 का चेक प्रदान किया गया। बेटे-बहू से प्रताड़ित 70 वर्षीय बुजुर्ग अमर देवी के मामले को त्वरित कार्रवाई के लिए सीनियर सिटीजन सेल में वाद दर्ज कराया गया।पड़ोसी से परेशान 84 वर्षीय चंडी प्रसाद की शिकायत पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए।सीडीओ ने अजबपुर फ्लाईओवर के नीचे अवैध पार्किंग/वर्कशॉप पर सिटी मजिस्ट्रेट को, और ग्राम झांझरा में अवैध अतिक्रमण पर एसडीएम विक. ासनगर को एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# पूर्व विधायक पुत्र के मामले में होगी निष्पक्ष कार्रवाई: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने पूर्व विधायक के बेटे से संबंधित प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए स्पष्ट किया है कि पुलिस निष्पक्षता से अपनी कार्रवाई करेगी।



■ कहा -जांच के बिना राजनैतिक टिप्पणी अनुचित

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर और मामले मे पुलिस ने समय पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लिहाजा जांच पूरी होने तक किसी भी ठोस नतीजे पर पहुंचकर, राजनैतिक टिप्पणी सर्वथा अनुचित है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया के सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की जीरो टॉलरेंस की सरकार में किसी को भी अपराध करने की छूट नहीं दी जाती है। अपराध घटित हुआ है तो अपराध के अनुपात में सजा अवश्य दिलाई जाएगी। फिलहाल पुलिस को कार्यवाही करने का अवसर देना चाहिए। सभी लोगों को निश्चिंत रहना चाहिए कि निष्पक्ष तरीके से त्वरित कठोर और कानून सम्मत कार्रवाई जायेगी। किसी भी तरह की राजनीतिक बयानबाजी करने या ठोस नतीजे पर पहुंचने से पहले, सभी को पुलिस जांच का इंतजार करना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी के स्पष्ट निर्देश है कि कोई छोटा व्यक्ति हो या बड़ा, प्रभावशाली हो या सामान्य, सब पर समान रूप से उचित कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इससे पूर्व भी प्रदेश में अनेकों प्रकरण हैं , जिसमें गलती करने पर राजनीतिक कार्यकर्ताओं, शीर्ष अधिकारियों व बड़े रसूखदारों पर कड़ी कार्रवाई की गई हैं।

# चेंबर निर्माण के खिलाफ सरकार की नीतियों पर वकीलों का हमला

■ राजधानी के हजारों वकीलों के भविष्य को दरकिनार करने में जुटी है राज्य सरकार: कंडवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में अपनी मांगों को लेकर हजारों अधिवक्ता आए दिन सड़कों पर उतर जाते हैं और सरकार उसे तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिसके चलते वकीलों में अब सरकार के प्रति रोष उत्पन्न होने लगा है।

बार एसोसिएशन देहरादून ने सिविल कैम्पस पुराने जना न्यायालय परिसर, हरिद्वार रोड पर प्रस्तावित चेंबर निर्माण परियोजना के विरोध में एक अभूतपूर्व और जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें हरिद्वार रोड पर लगभग 3 घंटे तक ट्रैफिक थम-सा गया। एसोसिएशन ने सरकार पर जन-विरोधी नीतियों और अधिवक्ताओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ष्सीधा हमलाष किया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल के नेतृत्व हरिद्वार रोड पर यातायात ठप, सरकारी नीतियों पर तीखा प्रहार किया। बार एसोसिएशन ने इस फैसले को ष्अदूरदर्शी सरकारी नीतिष का परिणाम बताया, जो विकास के नाम पर जन-सुविधाओं की अनदेखी कर रही है।समस्त वकीलों ने एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल नेतृत्व ने सवाल उठाया कि क्या सरकार ने अधिवक्ताओं के लिए वैकल्पिक और सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराए बिना, यह एकतरफा फैसला लेकर अधिवक्ताओं के हितों को दरकिनार नहीं किया है।इस विशाल प्रदर्शन का नेतृत्व बार एसोसिएशन देहरादून के शीर्ष पदाधिकारियों ने किया, जिसमें हजारों की संख्या में अधिवक्ताओं और नागरिकों ने भाग लिया। इस प्रदर्शन को बार काउंसिल के चेयरमैन और विधायक जैसे गणमान्य व्यक्तियों का भी पूर्ण समर्थन मिला। सीनियर अधिवक्ता गगनदीप थापर का कहना है कि अधिवक्ताओं की सरकार से जायज मांग है जिसे सरकार को पूरा करना चाहिए जिससे अधिवक्ताओं के भविष्य पर कोई आंच ना आए। इस दौरान बार एसोसिएशन के सचिव एडवोकेट राजवीर सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिसोदिया,उप सचिव सोमा धस्माना, कपिल अरोड़ा, ललित भंडारी,एडवोकेट गगनदीप थापर, नेहा रावत, अल्पना चतुर्वेदी, अवधेश कुमार सिंह रावत, बार काउंसिल के सदस्य एम.एम. लांबा, सुरेन्द्र पुण्डीर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जोशी ने ग्रामीणों की मांगों पर की तीन महत्वपूर्ण घोषणाएँ



**■ अगलाड़ घाटी खेल एवं सांस्कृतिक समारोह में पहुंचे मंत्री जोशी, खेल संस्कृति के संवर्धन पर जोर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** कैम्पटी क्षेत्र में आयोजित 32वें अगलाड़ घाटी खेल एवं सांस्कृतिक विकास समारोह में रविवार को कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते ही पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया। कैम्पटी पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने परंपरागत ढंग से मंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और उनके सम्मान में लोकनृत्यों व ढोल-दमाऊं की गूँज से वातावरण को उल्लासमय बना दिया।
मंत्री गणेश जोशी ने समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों और विभिन्न सांस्कृतिक प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेल संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए लगातार योजनाएँ लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ाने का सशक्त जरिया हैं। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में हो रहे ऐसे आयोजनों को उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में महत्वपूर्ण बताया।
समारोह के दौरान ग्रामीणों की मांगों को संज्ञान में लेते हुए कैबिनेट मंत्री ने तीन महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। पहली, ग्राम पंचायत सिया कैम्पटी में पिछले दो दशकों से किराए के भवन में संचालित राजकीय न्याय पंचायत स्तरीय कृषि निवेश केंद्र के लिए नए भवन के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। दूसरी, ग्राम नौथा में निर्माणाधीन श्रीदेव सुमन एग्रीक्लस्टर सेंटर को पुनः प्रारंभ करने की मंजूरी दी, जिससे क्षेत्र के किसानों और युवाओं को फिर से लाभ मिलेगा। तीसरी घोषणा के रूप में ग्राम पंचायत नवाड़ीधार के अंतर्गत ग्राम बीरागांव में सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई, जो ग्रामीणों के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा होगी।
अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि किसी भी समाज का वास्तविक परिचय उसकी सांस्कृतिक विरासत से मिलता है। उन्होंने समिति द्वारा वर्षों से संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। समारोह में नगर पालिका का अध्यक्ष मीरा सकलानी, ब्लॉक प्रमुख सीता पंवार, समिति अध्यक्ष वीरेंद्र पंवार, मंडल अध्यक्ष मसूरी रजत अग्रवाल, राजेश नौटियाल, प्रेम सिंह पंवार, किशन पंवार, मुकेश पंवार, सुरवीर पंवार, बिजला पंवार, समीर पंवार, सुनील नौटियाल, अनूप नौटियाल, कविता रौतेला, श्वेता राणा, राजेंद्र रावत, रणवीर कंडारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में खेल, संस्कृति और लोकपरंपराओं का अद्‌भुत मेल देखने को मिला, जिसने अगलाड़ घाटी की इस ऐतिहासिक परंपरा को और जीवंत बना दिया।

# जिलाधिकारी व सीडीओ ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएँ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला सभागार में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल और मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल ने आमजन की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दरबार के दौरान कुल 34 आवेदन दर्ज हुए, जिनमें पुनर्वास, लघु सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, राजस्व, खनन, विकासखंड कार्यालय सहित कई विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़े मुद्दों पर तेजी से कार्यवाही करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।
बैठक में सीएम हेल्पलाइन और जन समर्पण पोर्टल पर दर्ज लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग इन शिकायतों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करें और जिन शिकायतों का निपटारा हो चुका है, उन्हें पोर्टल पर तुरंत अपडेट किया जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर अद्यतनकरण में लापरवाही से जनता तक गलत संदेश जाता है, इसलिए पारदर्शिता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।जनता दरबार में ग्राम हटवाल गांव के गुमानदास और कुमली देवी ने आपदा के दौरान हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम टिहरी को मौका मुआयना कर तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करने और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, मजगांव क्षेत्र के प्रतिनिधि यशपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र निवासी विनोद सिंह का पारंपरिक घराट क्षतिग्रस्त हो गया है तथा लघु सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित चौक डैम से कृषि भूमि को नुकसान हुआ है। इस मामले में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को तत्काल जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम जाखचौरा के बेताल सिंह सरियाल ने डोबरा-जाख से कोटी कॉलोनी पर्यटन सड़क के चौड़ीकरण के दौरान उनके मकान को हुए नुकसान के लिए मुआवजा प्रदान करने की मांग उठाई।

# पुस्तकालय सुबह 6 से रात्री 12 बजे तक खोले जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में छात्र हितों से जुड़ी मांगों को मनवाने को लेकर आइसा ने सोमवार से हस्ताक्षर अभियान शुरू किया। बिड़ला परिसर स्थित केंद्रीय पुस्तकालय में वाईफाई सुविधा सुचारू रूप से संचालित किए जाने, विश्वविद्यालय के दोनों पुस्तकालयों के रीडिंग रूम की समय-सीमा बढ़ाकर सुबह 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक की जाने सहित अन्य मांगों को लेकर छात्र संघ उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल में चल रहें हस्ताक्षर अभियान में छात्रों ने बढ़चढ कर प्रतिभाग किया। इस दौरान शिवांक नौटियाल ने बिड़ला एवं चौरास परिसर के पुस्तकालयों में हीटर की व्यवस्था किए जाने, पुस्तकालयों में पर्याप्त संख्या में एक्सटेंशन प्लग व बोर्ड उपलब्ध कराए जाने, बिरला एवं चौरास परिसर के शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाने और विश्वविद्यालय के दोनों पुस्तकालयों के रीडिंग रूम की समय-सीमा बढ़ाकर सुबह 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक किए जाने की मांग की। कहा कि पुस्तकालय सम्बंधित. मांगों को लेकर आइसा लम्बे समय से मांग उठा रहा है, परंतु अभी तक इस संबंध में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। कहा कि मांगों को लेकर आइसा एक सप्ताह तक हस्ताक्षर अभियान चलायेगा। कहा कि यदि मांगों पर जल्द कार्यवाही नहीं होती है तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# चौहान ने युवाओं से संवाद कर सुनी जन समस्याएं



**■ यमुनोत्री को जिला बनाने के संकल्प के साझीदार बनेंगे क्षेत्र के युवा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी /देहरादून:** आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। खाश कर यमुनोत्री धाम से भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान इन दिनों लगातार विधानसभा क्षेत्र कि भ्रमणकर रहे हैं जिससे यमुनोत्री विधानसभा में चुनाव पारा अभी से चढ़ने लगा है।
भाजपा मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने देहरादून में युवाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकतर समस्याओं का निस्तारण किया। देहरादून के नालापानी रोड पर आयोजित कार्यक्रम मे यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र के अध्ययनरत हजारों छात्र-छात्राओं, युवाओं और सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र मे सक्रिय लोगों ने भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनना और उन्हें तत्काल समाधान की दिशा में कदम उठाना था। कार्यक्रम स्थल पर दूर-दूर से आए युवाओं ने शिक्षा, रोजगार, सड़क, स्वास्थ्य जैसी समस्याओं को रखा। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही समाधान के लिए मौके पर ही निस्तारण और कई मसलों पर शासन स्तर पर कार्यवाही के बाद हल का आश्वासन दिया।
कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि वह पिछले 20 वर्षों से यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र मे सेवा कार्यों मे जुटे हैं। उनका क्षेत्रवासियों के साथ जुड़ाव हमेशा मजबूत रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि युवाओं का भरोसा और समर्थन मिला, तो वे 2027 विधानसभा चुनाव में जरूर मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूर्व में यमुनोत्री को पृथक जिला बनाने की घोषणा भी करवाई है और वह यमुनोत्री को जिला बनाने के संकल्प पर आगे बढ़ेंगे। युवाओं के सहयोग से यह संभव जरूर होगा। इस अवसर पर यमुनोत्री विधानसभा के सैकड़ों युवाओं ने शिरकत कर मनवीर सिंह चौहान को अपना समर्थन दिया । इस मौले पर प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ श्रीनन्द उनियाल , रिटायर्ड वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी मनमोहन सिंह रावत , प्रोफेसर हुकम सिंह रावत ने छात्रों का मार्गदर्शन किया । इस मौले पर सतेंद्र राणा , पूर्व पालिकाध्यक्ष बड़कोट अतोल रावत , कुलदीप रावत , संदीप राणा , गिरीश भट्ट , निषाद रावत , बाबू बिष्ट , नागेंद्र बिष्ट , राकेश थपलियाल , प्रह्लाद राणा आदि ने भाग लिया ।

## एक नजर .......

### उद्यान विभाग की गोष्ठी में बागवानी व खाद्य

**चमोली।**प्रसंस्करण के माध्यम से किसानों की आर्थिकी मजबूत कर पहाड़ी क्षेत्रों से पलायन को रोकने की बात भी मौजूद वक्ताओं ने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं क्योंकि यहां की बेहतरीन जलवायु स्थिति अनुकूल होने के कारण फल सब्जियां के साथ फूल और मौन पालन भी किया जा सकता है। इस गोष्ठी में जिला उद्यान अधिकारी नितेन्द्र सिंह ने सरकार की संचालित योजनाएं और उन पर मिलने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी और संचालित योजनाओं का लाभ उठा कर आर्थिकी मजबूत करने की बात भी कही साथ ही विभागीय विशेषज्ञों ने फलों व सब्जियो में में होने वाले रोगों और पौध रोपण वैज्ञानिक ढंग से करने की बात कही और खाद व कीटनाशक रसायनों का छिड़काव सही तरीके से करने की बात कही ।उघान विभाग द्वारा प्रगतिशील किसानों व काश्तकारों को सम्मानित किया गया जिसमें पत्रकार दिग्पाल गुसाईं, पत्रकार प्रदीप लखेड़ा,कमल रावत,सूरज रावत सहित कई लोगों को पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर मेलाधिकारी सोहन सिंह रांगड , शैलेंद्र नेगी, पालिका सभासद विनोद कनवासी ,गौरव कपूर, राजेन्द्र लाल इंदर सिंह चौहान , कुलदीप सजवाण,मंजू राणा,नेहा राणा, मिनाक्षी पालीवाल,रधुवीर राणा, नरेंद्र बिष्ट सहित कई कृषक मौजूद थे।

### जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट के लिए पांच दिसम्बर तक होंगे आवेदन

देहरादून। जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (एक्सएटी) 2026 की परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 5 दिसम्बर नजदीक आ रही है। वे उम्मीदवार जो देश के 250 से अधिक प्रतिष्ठित संस्थानों में एमबीए/पीजीडीए करना चाहते हैं, वे अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन पूरा कर सकते हैं। एक्सएटी 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन 10 जुलाई 2025 से शुरू हुआ था, हजारों उम्मीदवार पहले से पंजीकरण कर चुके हैं। अगर आप अंतिम दिनांक से पहले अपना रजिस्ट्रेशन पूरा नहीं करते हैं तो आप 4 जनवरी 2026 को होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। इस परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी से किसी भी विषय में कम से कम तीन साल के कोर्स की बैचलर डिग्री होनी चाहिए। फाइनल-ईयर के छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाईट पर विजिट कर सकते हैं।

### बीस से शुरू होगा ऐतिहासिक मदमहेश्वर मेला

रुद्रप्रयाग। द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर की डोली के शीतकालीन गददीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर आगमन पर ऊखीमठ में लगने वाले तीन दिवसीय मदमहेश्वर मेले की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। 20 नवम्बर से मेले की शुरूआत होगी और यह मेला 22 नवम्बर तक चलेगा। मदमहेश्वर मेला पौराणिक काल से ही ऐतिहासिक रहा है। डोली के धाम से लौटने और हजारों भक्तों के पहुंचने के कारण यह मेला लगाया जाता है। भगवान मदमहेश्वर के साथ ही मेले से भी हजारों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। यही कारण है कि इस मेले को मदमहेश्वर मेला नाम दिया गया है। न्याय के देवता के रूप में भी पूजे जाते हैं मदमहेश्वर रुद्रप्रयाग। द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर को केदारघाटी सहित मनसूना और तुंगनाथ घाटी के लोग न्याय के देवता के रूप में भी पूजते हैं। भले ही धाम में भगवान शिव के मध्य भाग की पूजा होती है, लेकिन स्थानीय लोग न्याय के देवता के रूप में भी भगवान मदमहेश्वर की पूजा-अर्चना करते हैं। शीतकालीन गददीस्थल से धाम रवाना करने और धाम से डोली के शीतकालीन गददीस्थल पहुंचने पर भक्तों का हुजुम उमड़ पड़ता है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया जनजाति गौरव दिवस

**कोटद्वार ।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में सोमवार को जनजाति गौरव दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुषमा थलेड़ी ने जनजातीय गौरव दिवस की सभी को बधाई देते हुए किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संदीप कुमार ने सभी को जनजाति गौरव दिवस के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह दिवस हमें उन महान जनजातीय नायकों के संघर्ष, त्याग और योगदान को स्मरण करने का अवसर देता है, जिन्होंने भारतीय समाज और स्वतंत्रता आंदोलन में अमूल्य भूमिका निभाई। उन्होंने विशेष रूप से बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने जन-जागरण, सामाजिक सुधार और औपनिवेशिक सत्ता के विरुद्ध संघर्ष के नए अध्याय लिखे। तथा कार्यक्रम की रुपरेखा से सभी को अवगत कराया।

# डीएम ने कोटद्वार बेस अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा

**■ स्वच्छता, सुरक्षा और उपकरणों के रखरखाव पर दिया गया विशेष ध्यान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया की अध्यक्षता में चंद्रमोहन सिंह नेगी राजकीय बेस चिकित्सालय, कोटद्वार की चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक जिला सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों की स्थिति, स्वच्छता और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गहन समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को आवारा पशुओं की समस्या पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाइजीन एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा।
उन्होंने सीएमएस डॉ विजय सिंह को इमरजेंसी जांच हेतु पैथोलॉजी लैब पूरे समय खोलने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि यदि डॉक्टरों की कैंप में ड्यूटी लगाई जाय, तो कम से कम एक सप्ताह पहले नोटिस बोर्ड पर सूचना लगाई जाय, ताकि जनता को परेशानी न हो। उन्होंने बिल काउंटर पर अधिक भीड़ होने के मुद्दे पर निर्देश दिए कि इसके लिए अतिरिक्त व्यक्ति को तैनात किया जाय। उन्होंने मशीनों के संचालन पर निर्देश देते हुए कहा कि मशीनों की एएमसी की जाय, ताकि मशीन खराब होने की दशा में मरीजों को दिक्कत न हो।
जिलाधिकारी ने एम्बुलेंस गैराज तथा पोस्टमार्टम हाउस के शीघ्र जीर्णोद्धार पर भी बल दिया। अस्पताल में उपलब्ध उपकरणों की मरम्मत और आवश्यक उपकरणों की खरीद हेतु तत्परता से कोटेशन तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा ।
बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 2.5 लाख रुपये से अधिक के व्यय प्रस्तावों के लिए एसीएमओ को समिति में नामित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की पूर्ण उपस्थिति सुनिश्चित करने, ऑक्सीजन सप्लाई लाइन, जंबो सिलेंडर, कैनोग्राफी मशीन सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी अनुमति प्रदान की। इसके अतिरिक्त, सीसीटीवी प्रतिस्थापन, इंटरकॉम सिस्टम और बायोमेट्रिक मशीन की मरम्मत, स्थापना के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएं ।बैठक में अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिव मोहन शुक्ला सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों को उपलब्ध कराई कानूनी जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सोमवार को ग्राम पंचायत रतूड़ा में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 पर विधिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, उनकी सुरक्षा, भरण पोषण तथा उनके लिए उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था।उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशन और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पायल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में स्थानीय नागरिकों को विभिन्न कानूनी अधिकार, समान शिक्षा-समान अधिकार, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही भरण पोषण का अधिकार के तहत माता-पिता एवं वरिष्ठ अपने बच्चों व परिजनों से भरण पोषण की मांग करने, रखरखाव न्यायाधिकरण के तहत जिला स्तर पर बनाए गए रखरखाव न्यायाधिकरण में वरिष्ठ नागरिक तेज, सरल एवं निःशुल्क प्रक्रिया द्वारा आवेदन करने, वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के विरुद्ध हिंसा, उपेक्षा और दुर्व्यवहार को रोकने के लिए जानकरी दी गई।

# उत्तरकाशी भालू के भयभीत से महिला पहाड़ी से कूदने पर घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** जिले भर में भालू ने तांडव मचा रखा है। दो सप्ताह में भटवाडी ब्लॉक में पांच लोगों पर भालू के जान लेवा हमले हो गये है। भालू का आंतक इस कदर है कि जंगल चारा लेने जा रहे महिलाएं भालू के देखते ही भाग जा रही जिससे महिलाएं जंगलो है गिर जाती है और घायल हो रही है।
सोमवार को भी ग्राम प्रधान गणेशपुर गंवाणा ने बताया कि गांव की सबल देई पत्नी पूर्ण सिंह घास के लिए जंगल गई थी जंगल में अचानक भालू दिखने पर महिला भालू से भयभीत होकर पहाड़ी की ओर भागने पर महिला पहाड़ी में गिर गई जिसमें महिला घायल हो गई जिसे ग्रामीणों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी लाया गया हैं।
महिला का उपचार किया जा रहा हैं। इधर जिला प्रशासन ने ग्रामीणों को सचेत एवं वन विभाग की टीम तैनात कर दिया है ।

# केदारनाथ धाम में रिकार्ड 2300 टन कूड़ा हुआ एकत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व विख्यात केदारनाथ धाम में इस बार 17.68 लाख तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किये। वहीं यात्रियों के धाम पहुंचने से हजारों टन कूड़ा भी जमा हुआ है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार अत्यधिक कूड़ा जमा हुआ है। जिस कारण कपाट बंद होने के बाद भी लगभग दस दिनों तक केदारनाथ धाम और यात्रा मार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया।
विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट 23 अक्टूबर को बंद हो गये थे। लगभग छह माह के यात्रा सीजन में केदारनाथ धाम सहित केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग और यात्रा के मुख्य पड़ावों व बाजारों से 2324 टून कूड़ा एकत्रित किया गया है। इसमें प्लास्टिक, घोड़े-खच्चरों की लीद सहित अन्य कूड़ा शामिल है। पिछले यात्रा सीजन की तुलना में 325 टन से अधिक कूड़ा धाम और यात्रा मार्ग से एकत्रित हुआ है। हालांकि धाम सहित केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग और यात्रा मार्ग के बुग्यालों में यात्रियों की ओर से फैलाये गये कूड़े को अब साफ कर दिया गया है।
केदारनाथ धाम हिमालयी क्षेत्र में स्थित है। प्रत्येक वर्ष यहां हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री पहुंचते हैं। तीर्थ यात्री अपने साथ प्लास्टिक की बोतल, रेनकोट सहित अन्य प्लास्टिक का सामान ले जाते हैं, जिसे वहीं छोड़ देते हैं। केदारनाथ धाम में नगर पंचायत केदारनाथ और यात्रा मार्ग सहित धाम और सोनप्रयाग, गौरीकुंड, सीतापुर, फाटा, रामपुर आदि बाजारों में सफाई का जिम्मा सुलभ इंटरनेशनल का है। प्रत्येक यात्रा सीजन में सुलभ के 450 से अधिक पर्यावरण मित्र कार्य करते हैं। घोड़े-खच्चरों की लीद को अलग एकत्रित किया जाता है। जबकि प्लास्टिक और जैविक कूड़ा अलग-अलग किया जाता है। प्लास्टिक और घोड़े-खच्चरों की लीद का निस्तारण सोनप्रयाग के आस-पास ही मशीनों द्वारा किया जाता है। जबकि जैविक कूड़े को सोनप्रयाग से लगभग 70 किमी दूर जिला मुख्यालय के रैंतोली लाया जाता है। कूड़े को यहां तक पहुंचाने में ही लाखों का खर्चा आ जाता है।
अधिक संख्या में यात्रियों के पहुंचने के साथ ही धाम में अधिक मात्रा में कूड़ा भी फैल रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में 325 टन कूड़ा अधिक एकत्रित हुआ है, जो कि एक चिंता का भी विषय है। हिमालयी क्षेत्रों में लगातार बढ़ती मानवीय गतिविधियों के कारण पर्यावरण संतुलन में भी दिक्कतें आ रही हैं। यही कारण है कि समय पर बारिश और बर्फबारी नहीं हो रही है। जबकि ग्लेशियरों की बर्फ लगातार पिघल रही है।
सुलभ इंटरनेशल के प्रभारी धनंजय पाठक ने बताया कि धाम से घोड़े-खच्चरों और पर्यावरण मित्रों के जरिये कूड़े को गौरीकुंड तक पहुंचाया जाता है। फिर यहां से जैविक कूड़े को वाहन के जरिये जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग पहुंचाया जाता है। प्रत्येक वर्ष 450 से अधिक पर्यावरण मित्र धाम और यात्रा मार्ग पर कार्य करते हैं।

# यूसीसी के तहत शत-प्रतिशत विवाह पंजीकरण पर पंचायतें सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिला सभागार नई टिहरी में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने समान नागरिक संहिता के तहत शत-प्रतिशत विवाह पंजीकरण सुनिश्चित करने वाली ग्राम पंचायत पाथौ और शिवपुरी के प्रधानों का सम्मान किया। ग्राम पंचायत पाथौ के प्रधान पियार सिंह पुंडीर और शिवपुरी के प्रधान प्रभु लाल को प्रशस्तिपत्र, स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पंकज उनियाल और विनित रावत को भी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने कहा कि शत-प्रतिशत विवाह पंजीकरण हासिल करना जनजागरूकता, जनभागीदारी और प्रशासनिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को डोर-टू-डोर संपर्क अभियान चलाकर विवाह पंजीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नगरपालिका के वाहनों से प्रचार-प्रसार जारी रखने तथा नियमित शिविर आयोजित कर नागरिकों को विवाह पंजीकरण के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।
जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में टिहरी जनपद की 270 ग्राम पंचायतों में समान नागरिक संहिता के अंतर्गत शत-प्रतिशत विवाह पंजीकरण पूरा हो चुका है। इनमें भिलंगना विकासखंड की 45, चंबा की 34, देवप्रयाग की 24, जाखणीधार की 36, जौनपुर की 35, कीर्तिनगर की 35, नरेंद्रनगर की 14, प्रतापनगर की 14 तथा थौलधार की 33 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। यह उपलब्धि प्रदेश में यूसीसी लागू होने के बाद विवाह पंजीकरण को लेकर बढ़ी हुई जनचेतना का परिणाम है।
इसके साथ ही टिहरी जनपद के 179 शहरी वार्डों में भी शत-प्रतिशत विवाह पंजीकरण किया जा चुका है। इनमें नगर पालिका परिषद नरेंद्रनगर और नगर पंचायत लंबगांव में सभी वार्डों ने यह लक्ष्य पूरा किया। वहीं नगर पंचायत गजा के 4 वार्डों में से 3, नगर पंचायत तपोवन के 4 में से 2, नगर पालिका परिषद देवप्रयाग के 4 में से 1 और नगर पंचायत कीर्तिनगर के 4 में से 2 वार्ड शत-प्रतिशत विवाह पंजीकरण कर चुके हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद विवाह पंजीकरण अनिवार्य हो गया है। पहले उत्तराखंड विवाह पंजीकरण अधिनियम-2010 के तहत कम लोग ही शादी का पंजीकरण कराते थे, लेकिन यूसीसी के लागू होने के बाद विवाह पंजीकरण में तेजी से वृद्धि हुई है।

# स्किल बर्थ अटेंडेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज गढ़वाल में मातृ एवं नवजात मृत्यु दर को कम करने, प्रसव सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और स्वास्थ्य कर्मियों के कौशल को निखारने के उद्देश्य से स्किल बर्थ अटेंडेंट (एसबीए) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। इसी क्रम में रुद्रप्रयाग से आई चार नर्सिंग अधिकारियों ने 21 दिवसीय पहले बैच की ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी की।
प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशन में विभिन्न प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज संपन्न करा रहा है। कहा कि एसबीए प्रशिक्षण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण निवेश है। इस प्रशिक्षण से नर्सिंग अधिकारियों की प्रसव प्रबंधन क्षमता, जोखिम पहचान, जटिल स्थितियों को तत्काल संभालने की योग्यता तथा सुरक्षित डिलीवरी प्रदान करने का कौशल मजबूत होता है। डॉ सयाना ने कहा कि जब स्तर पर स्वास्थ्य कर्मी दक्ष बनते हैं, तभी मातृ मृत्यु दर और नवजात मृत्यु दर में वास्तविक कमी लाई जा सकती है। मेडिकल कॉलेज का उद्देश्य है कि जिले और पर्वतीय क्षेत्रों की सभी गर्भवती महिलाओं को उच्चमानक की सुरक्षित और सम्मानजनक प्रसव सेवाएं मिले। प्रशिक्षण देने वाले विशेषज्ञों में डॉ. नवज्योति बोरा, डॉ. नेहा, डॉ. सीएम शर्मा, डॉ. अंकिता गिरी, डॉ. विनीता रावत आदि ने प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर नर्सिंग अधिकारी शालनी, किरन, पूजा, पूनम चौहान मौजूद रहे।

# पदभार संभालते ही गोदियाल ने की दिग्गजों संग बैठक

## बूथ-स्तर तक की रणनीति और जनता से जुड़ाव बढ़ाने पर किया मंथन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सोमवार को सभी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक की। गोदियाल बतौर प्रदेश अध्यक्ष ये दूसरी पारी की पहली बैठक है। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाते हुए संगठन की मजबूती, बूथ-स्तर तक की रणनीति और जनता से जुड़ाव बढ़ाने पर व्यापक मंथन किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, प्रदेश के नवनियुक्त सहप्रभारी मनोज यादव, सह-प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुं. जवाल, पूर्व काबिना मंत्री हीरा सिंह बिष्ट एवं नवप्रभातपूर्व, राज्य सभा सांसद प्रदीप टम्टा सहित विधायकों, फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष और अधिकांश एआईसीसी सदस्यों ने अपनी-अपनी राय रखी।



नेताओं ने पहाड़ के दर्द और उम्मीद दोनों पर बात रखी।

इस दौरान बैठक में प्रेम बहुखंडी ने सदन में पांच प्रस्ताव रखे गए जिनपर मोहर लगी, जिसे मिशन 2027 के रूप में सदन में स्वीकार किया गया। सुरक्षित उत्तराखंड, आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय सुरक्षा खुशहाल परिवार, स्वस्थ जीवन, सभी के लिए रोजगार और आय की गारंटी।

गोदियाल ने कहा 2027 सिर्फ एक चुनाव नहीं उत्तराखंड के भविष्य का सवाल है। कांग्रेस कार्यकर्ता अगर बूथ तक डट जाएँ तो कोई ताकत हमें रोक नहीं सकती। हम जनता के मुद्दों को लेकर पूरी मजबूती से लौटेंगे। भाजपा ने 10 सालों में उत्तराखंड की उम्मीदें तोड़ी हैं। कांग्रेस हर बूथ पर नई ताकत के साथ खड़ी होगी। 2027 हमारा है।

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा उत्तराखंड की जनता बदलाव चाहती है। बेरोजगारी, महंगाई और उपेक्षा से त्रस्त लोग कांग्रेस की ओर उम्मीद से देख रहे हैं। हमें अपने संगठन को गाँव-गाँव, घर-घर तक पुनर्जीवित करना है। चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि 2027 के लिए रणनीति साफ है, मजबूत बूथ, सशक्त कार्यकर्ता और एकजुट नेतृत्व। प्रदेश सह प्रभारी मनोज यादव ने कहा कि उत्तराखंड कांग्रेस अनुशासन, संगठन और समन्वय के बल पर आगे बढ़ेगी।

सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस तभी जीतती है जब कार्यकर्ता भरोसा और जज़्बा लेकर काम करते हैं। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा हमने हमेशा जनहित को प्राथमिकता दी है।

पूर्व काबिना मंत्री नवप्रभात ने कहा कि उत्तराखंड कांग्रेस में अनुभव और युवा ऊर्जा दोनों का सही संतुलन है। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष संगठन प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने किया। बैठक में विधायक सुमित हृदयेश,विक्रम नेगी अनुपमा रावत लखपत बुटोला,फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष, एआईसीसी सदस्य मौजूद रहे।

### नये जिला अध्यक्षों को तीन माह में बनानी होगी बूथ कमेटियां

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने प्रदेश के सभी सत्ताईस जिलों के अध्यक्षों की बैठक ली, जिसमें प्रदेश कांग्रेस के राष्ट्रीय सह प्रभारियों सुरेन्द्र शर्मा व मनोज यादव उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सभी जिला महानगर अध्यक्षों को अपने अपने जिले में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं सक्रिय कार्यकर्ताओं को विश्वाश में ले कर संगठन को बूथ स्तर न्याय पंचायत स्तर व ब्लॉक स्तर तक मजबूत करना है। प्रदेश कांग्रेस के दूसरे सह प्रभारी मनोज यादव ने सभी नव नियुक्त जिला महानगर अध्यक्षों से आह्वाहन किया कि आने वाले तीन महीनों में बूथ स्तर तक कमेटियां गठित कर लें। इस मौके पर सूर्यकांत धस्माना, राजेंद्र भंडारी, डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, विनोद नेगी, मोरारी लाल खंडेलवाल, दिनेश चौहान, प्रदीप सिंह रावत, विकास नेगी, मीना बछवान, अध्यक्ष कुलदीप कंडारी, उत्तम सिंह असवाल, अमन गर्ग, बालेश्वर सिंह, राजेंद्र चौधरी, फुरकान अहमद, मोहित उनियाल, संजय किशोर, अल्का पाल,हिमांशु गावा, गोविंद सिंह बिष्ट, अल्मोड़ा भूपेंद्र सिंह भोज, दीपक किरौला, अर्जुन भट्ट, पिथौरागढ़ मुकेश पंत, डीडीहाट मनोहर टोलिया व चिराग फर्त्याल उपस्थित रहे।

# समाज का विशेष प्रतिष्ठित वर्ग भी आंदोलन को मजबूर: नेगी



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** कचहरी परिसर में चल रहे वकीलों के आंदोलन धरने को प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग त्रस्त है।

सरकार की कुनीतियों की वजह से समाज के प्रबुद्ध वर्ग जिसके पास आंदोलन के लिए समय नहीं होता वो भी विवश होकर अपने लिए न्याय की गुहार को सरकार के आगे मजबूर होकर धरना-प्रदर्शन को मजबूर है जिससे लोगों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि जब न्यायालय के नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा था तब वकीलों के चौंबर को लेकर अधिवक्ताओ से वार्तालाप की जानी चाहिए थी और उनके सुझाव से चौंबर निर्माण होना चाहिए था जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित न हो।

सरकार की हठधर्मिता से यहां का हर वर्ग आंदोलन को मजबूर है। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि सरकार वकीलों की न्यायोचित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर समाधान निकाले। धरने में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल राजबीर चौहान अनिल शर्मा आदि सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद थे।

# आंदोलन में शहीद हुई नीलम, सरकार संवेदनाएं व्यक्त करने तक नहीं आई: विनोद

- पूर्व सीएम हरीश व पूर्व स्पीकर कुंजवाल ने दिया अपना समर्थन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उपनल कर्मचारियों ने अपने धरने के आठवें दिन सरकार की बुद्धि के लिए यज्ञ किया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुं. जवाल ने उपनल कर्मियों को अपना समर्थन दिया।

सोमवार को धरने के आठवें दिन उपनल कर्मचारियों ने सरकार की बुद्धि शुद्धि के लिए यज्ञ किया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने उपनल कर्मियों के धरना स्थल पहुंच कर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार यदि सहमत हो तो उनकी सरकार के दौरान जो फार्मूला तैयार किया था उसके जरिए उपनल कर्मियों का नियमितीकरण किया जा सकता है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार यदि चार-पांच दिन के अंदर नहीं जगी



दो वो भी रात-दिन खुले आसमान के नीचे उपनल कर्मचारियों के समर्थन में बैठे रहेंगे।

प्रदेश संयोजक विनोद गोदियाल ने कहा कि उपनल कर्मचारी के इस आंदोलन में शहीद हुई बहन नीलम डोभाल की दुखद घटना होने पर भी सरकार का कोई मंत्री या अधिकारी धरना स्थल पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने तक नहीं आया। उआठवें दिन धरने के दौरान प्रदेश संयोजक हरीश कोठारी, महासंघ के प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश भट्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह चौहान, संगठन मंत्री भूपेश नेगी, देहरादून जिला अध्यक्ष गणेश गोदियाल सहित सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी धरने पर बैठे रहे।

### पूर्व सैनिकों के लिए गृहकर में छूट का सुनहरा मौका

**देहरादून।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी करनाल, ओमप्रकाश पासवान (से. नि.) ने अवगत कराया है कि सशस्त्र सेनाओं के हवलदार एवं समकक्ष रैंक तक के पूर्व सैनिक और सैनिक विधवाएं, जो नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत क्षेत्र में स्वयं के मकान में निवास कर रहे हैं, वे वर्ष 2025-2026 के गृहकर (हाउस टैक्स) में छूट के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# मारपीट मामले में पूर्व विधायक के पुत्र पर बढ़ाई धारा

- हरिद्वार के खानपुर से पूर्व विधायक चैंपियन के लड़के पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** तीन दिन पूर्व राजपुर के जाखन के समीप कार चालक से मारपीट करने के आरोपी पूर्व विधायक चौंपियन के लड़के और अन्य लोगों पर दून पुलिस ने हथियारों को लहराकर हडकंप मचाने के आरोपी में राजपुर में दर्ज मुकदमे में संगीन धराओं का समावेश किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने सोमवार को अपने कार्यालय में मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि विगत 14 नवंबर की देर रात्रि राजपुर थाना क्षेत्र के जाखन के समीप बुलेरों गाड़ी सवार लोगों और खाकीवर्दीधारी गनर द्वारा मारपीट किए जाने और हरिद्वार के खानपुर से पूर्व विधायक रहे कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन के लड़के विजय प्रताप द्वारा लाइसेंसी हथियारों का हवा में लहराकर क्षेत्र के लोगों में खौफ जदा करने और चालक को डण्डे से मारपीट करने के मामले में राजपुर पुलिस ने धारा 30 आर्म्स एक्ट के तहत समावेश किया।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि कार चालक से हुई मारपीट के बाद उसमे सवार यशोवृधन की ओर से लिखवाई गई रिपोर्ट में भी हथियारों को लहराने और खौफ पैदा करने का उल्लेख किया गया है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में इस तरह का कार्य करने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। विजय प्रताप और अन्य लोगों के संबंध में विवेचना में जानकारी प्राप्त करने पर नाम शामिल किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता के दौरान मीडियाकर्मियां के सवालों का जवाब देते हुए एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शीध्र ही विवेचना को पूरा करा लिया जाएगा। आरो. पियां को एक से दो साल तक की सजा का प्रवाधान है। उन्होंने बताया कि मामले में शीध्र ही विवेचना पूरी कर अग्रिम कार्यवाही के लिए संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया जाएगा।

### तीनों लाइसेंस निरस्त करने के लिए भेजी रिपोर्ट

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि राजपुर के जाखन में 14 जनवरी की रात्रि हुई घटना में गाड़ी से उतरकर राईफल और दो पिस्टलों को लहराने के मामले को गंभीरता से लिया गया है। उक्त तीनों लाइसेंसी हथियारों के लाइसेंस मंगलौर कोतवाली पुलिस की संस्तुति रिपोर्ट के आधार पर हरिद्वार के जिलाधिकारी द्वारा जारी किये गए है। तीनों लाईसेंसी हथियारों राईफल और पिस्टलों के लाईसेंसो को निरस्त करने के लिए डीएम को रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है। एसएसपी ने बताया कि तीनों हथियार विजय प्रताप के परिजनों के नाम है और अब जिलाधिकारी हरिद्वार ही उक्त लाइसेंसों को निरस्त करने की कार्यवाही करेंगे।

### आरोपी के परिजनों को दिल्ली में सौंपा गया नोटिस

**देहरादून।** एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि मारपीट की वारदात करने के आरोपियों के मौके से फरार हो जाने के बाद घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों को कब्जे में लेकर इस बात का पता लगाया गया कि उक्त मारपीट की वारदात में कौन-कौन लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली निवासी व्यक्ति जो कि लाठी डण्डों के साथ मारपीट की वारदात में शामिल था, के वहां पर नहीं मिलने के बाद राजपुर पुलिस ने उसके परिजनों को नोटिस चस्पा करवाते हुए बता दिया कि वह तीन दिन के अंदर राजपुर थाने पहुंचकर विवेचनाधिकारी से मुलाकात कर विवेचना में सहयोग दें।

### कार चालक का बचाव नहीं करने पर सिपाही निलंबित

**देहरादून।** मारपीट करने वाले पूर्व विधायक के पुत्र और अन्य लोगों पर लगे मारपीट के आरोप के बाद प्राईवेट गाड़ी में सवार हरिद्वार पुलिस के सिपाही पर मारपीट करने वालों को पीड़ित से बचाने का प्रयास नहीं करने और आरोपियों का साथ देने के मामले में शामिल रहे सिपाही को एसएसपी देहरादून की संस्तुति पर हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए निलंबित कर उसकी जांच एसपी स्तर के अधिकारी को सौंप दी।

### कांग्रेस प्रवक्ता दसौनी ने शर्मनाक घटना बताया

**देहरादून।** कांगेस की प्रदेश प्रवक्ता गरिमा महरा दसौनी ने पूरे घटनाक्रम को दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए कहा कि जिस तरह की वारदात देवभूमि उत्तराखंड में हुई है यह असौभनिय है। उन्होंने कहा कि भाजपा में संस्कार नाम की कोई चीज नहीं है जिसका परिणाम उनके नेता समय-समय पर देते रहते है। उन्होंन कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को अपने संगठन पर ध्यान देने और उनका आचरण सही करवाने की दिशा काम करने की आवश्यकता है।

# आदमखोर बाघ को मारने के लिए शूटर तैनात

## पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बीरोंखाल के ग्राम जिवई में भालू के हमले पर चिंता जताई

- प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा देने के निर्देश



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**पौड़ी/देहरादून।** उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री व चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र में बाघ के हमले की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों की जान माल की सुरक्षा के लिए हाल ही में जिलाधिकारी पौड़ी को निर्देश दिए थे कि तत्काल आदमखोर बाघ को करने के लिए अनुमति ली जाए। जिसकी अनुमति मिलने के बाद अब बाघ को मारने के लिए वन विभाग ने पिंजरे लगाने के साथ-साथ शूटर भी तैनात कर दिए हैं। उन्होंने सोमवार सुबह विकासखंड बीरोंखाल के ग्राम जिवई में हुई घटना पर भी चिंता व्यक्त की है जिसमें भालू के हमले में घायल लक्ष्मी देवी पत्नी जयपाल गंभीर रूप से घायल हो गयी है।

महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र में 13 नवम्बर को बाघ के हमले में मारी गई विकासखंड पोखडा, बगड़ीगाड निवासी रानी देवी और उसके अगले ही दिन हमले में ग्राम घन्डियाल की प्रभा देवी के घायल होने की अनवरत घटित घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों की जान माल की सुरक्षा के लिए हाल ही में जिलाधिकारी पौड़ी और डीएफओ को निर्देश दिए थे कि आदमखोर बाघ को मरवाने के लिए की अनुमति ली जाए।

महाराज ने बताया कि विकासखण्ड पोखड़ा में आदमखोर बाघ को मरवाने के लिए (देखते ही गोली मारो) की अनुमति मिलने के बाद सोमवार से क्षेत्र में पिंजरे लगवाने के साथ-साथ शूटरों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही आदमखोर बाघ मरा जाएगा और लोगों को उसके भय से छुटकारा मिल पाएगा। उन्होंने सोमवार सुबह विकासखंड बीरोंखाल के ग्राम जिवई में हुई घटना पर भी चिंता व्यक्त की है जिसमें भालू के हमले में घायल लक्ष्मी देवी पत्नी जयपाल गंभीर रूप से घायल हो गयी है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि जंगली जानवरों के हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं इसलिए विभाग तत्काल जंगली जानवरों से लोगों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें।

महाराज ने बाघ के हमले में प्रभावित हुए परिवारों की हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए वन विभाग के अधिकारियों से तत्काल पीड़ित परिवार को मुआवजा देने के भी निर्देश दिए हैं।

### हरदा के विष पुरुष खुलासे से भाजपा सतर्क: चमोली

**देहरादून।** भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के विष पुरुष वाले खुलासे पर सतर्कता जताते हुए, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सहानुभूति जताई है। वरिष्ठ विधायक एवं भाजपा प्रवक्ता विनोद चमोली ने कटाक्ष किया कि जो विष हरदा ने अपने लंबे राजनैतिक कार्यकाल में कांग्रेस में भरा, वह उसे ही वापिस मांग रहे हैं। मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए उन्होंने कहा, जिस तरह का भाषण हरीश रावत ने गंभीरता और उग्रता से दिया उसे लगा कि शायद पार्टी में उनके मन की नहीं हो रही है। क्योंकि एक अनुभवी नेता होने के बावजूद जिस तरह की आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल उनके द्वारा किया गया वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए बेहद अपमानजनक है।

# राजीव शुक्ला ने किया सोलिटेयर क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर स्थित एल्फा क्रिकेट अकादमी एवं सॉलिटेयर क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने किया। शुक्ला ने कहा कि अगर व्यवस्थाएं इसी तरह दुरुस्त बनी रहीं तो जल्द ही इस मैदान पर रणजी ट्रॉफी और अंडर-19 के आधिकारिक मुकाबले कराए जा सकते हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि अकादमी संचालक मोहम्मद फैसल और उनकी टीम इस मैदान



को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। राजीव शुक्ला ने सहारनपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद अकरम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन ने इस आधुनिक क्रिकेट ग्राउंड को शक्ल देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस मौके पर संस्थापक व प्रसिद्ध क्रिकेटर डॉ. सैयद फैसल, सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी, समाज सेवी डॉ. एस. फारूक आदि मौजूद रहे।

# आरटीआई क्विज प्रतियोगिता में प्रथम रहा ग्राफिक एरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। आरटीआई क्लब उत्तराखंड की और से तस्मिया अकादमी, 1 इंदर रोड, देहरादून में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विधि (लॉ) के विद्यार्थियों में आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों के प्रति जागरूकता और समझ के स्तर का मूल्यांकन करना था। प्रतिभागियों में उत्तरांचल यूनिवर्सिटी, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी और डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून के विधि छात्र शामिल थे।

प्रतियोगिता में ग्राफिक एरा समूह ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि उत्तरांचल यूनिवर्सिटी और डीएवी पीजी कॉलेज संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे। क्विज का संचालन आरटीआई क्लब के अध्यक्ष डॉ. बी. पी. मैथानी ने किया। उन्होंने कहा कि बहस और क्विज प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों, उनके माता-पिता और शिक्षकों को आरटीआई अधिनियम पढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं, जिससे जागरूकता बढ़ती है और आरटीआई उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि होती है।

मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति (सेवा. निवृत्त) कंता प्रसाद ने प्रतिभागियों से संविधान की गहरी समझ विक. सित करने का आग्रह किया। आरटीआई क्लब के मुख्य संरक्षक डॉ. एस. फारूक ने अपने विशिष्ट अंदाज में प्रतिभागियों को अपने-अपने पेशों में श्रेष्ठता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बड़े सार्वजनिक हित में आरटीआई के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आरटीआई क्लब के प्रयासों की भी सराहना की।

# एयरोस्पेस नवाचार की दिशा में यूपीईएस ने बढ़ाए कदम

- एयरोस्पेस तथा स्पेस-टेक्नोलॉजी लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए केन्द्रित संवाद पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस ने रेनेसां 4.0 इंटरनेशनल स्पेस कन्वेंशन 2025 का समापन किया। यह तीन दिवसीय आयोजन स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंजीनियरिंग, एसओएई की और से होस्ट किया गया और इनफिनिटी स्पेस क्लब व मान्यता प्राप्त इसरो स्पेस ट्यूटर की और से आयोजित किया गया।

सम्मेलन के दौरान इंडस्ट्री लीडर्स, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और छात्र यूपीईएस में एकत्र हुए और भारत के एयरोस्पेस तथा स्पेस-टेक्नोलॉजी लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए केन्द्रित संवाद, समुदाय-निर्माण और अनुभव-आधारित सीख में




शामिल हुए।

नॉर्थ ईस्टर्न स्पेस एप्लिकेशंस सेंटर, एनईएसएसी और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग, आईआईआरएस के निदेशकों तथा इंडियन स्पेस एसोसिएशन, आईएस्पा और एसआईए-इंडिया के डायरेक्टर जनरल की विशिष्ट उपस्थिति ने कार्यक्रम के राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित किया।

सम्मेलन में इन प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई। एयरोस्पेस सामग्री व विनिर्माण, द्रव व तापीय विज्ञान, उन्नत प्रणोदन व दहन, स्पेस सिस्टम्स व अन्वेषण, संरचनात्मक अखंडता व विश्लेषण, फ्लाइ, डायनेमिक्स व नियंत्रण, मानवरहित हवाई प्रणालियाँ, यूएएस व एयरबोर्न डिफेन्स सिस्टम्स, एआई/एमएल इन एयरोस्पेस, विमानन सुरक्षा व पर्यावरणीय सततता।

प्रतिभागियों ने हैंड्स-ऑन सेशंस में उन्नत सॉफ्टवेयर टूल्स, व्यावहा. रिक वैज्ञानिक अनुप्रयोगों और टीम-आधारित समस्या-समाधान पर काम किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल अनिल कुमार भट्ट, डीजी, आईएस्पा ने कहा, रेनेसां 4.0 एक परिपक्व होती हुई इकोसिस्टम को दर्शाता है, जहाँ सफलता केवल लॉन्च से नहीं, बल्कि मानकों, सुरक्षा और सतत संचालन से मापी जाती है।

यदि भारतीय छात्र विश्वविद्यालय स्तर पर डिब्रिस मिटिगेशन, इंटरऑपरेबल सिस्टम्स और मिशन विश्वसनीयता के लिए डिजाइन कर सकते हैं, तो उद्योग को पहले दिन से फ्लाइट-रेडी टीमों का लाभ मिलेगा।

### भारत के अंतरिक्ष भविष्य को दिशा मिलेगी: डॉ. राम



**देहरादून।** डॉ. राम शर्मा, वाइस-चांसलर, यूपीईएस ने कहा, "रेनेसां 4.0 इंटरनेशनल स्पेस कन्वेंशन 2025 भारतीय एयरोस्पेस के भविष्य के लिए एक मजबूत प्रेरक साबित हुआ है। इसरो, आईएस्पा और एआईएए के अग्रणी विशेषज्ञों को साथ लाने से हम केवल स्पेस टेक्नोलॉजी पर बात ही नहीं कर रहे थे, हमने अपने छात्रों को कठिन और उच्च-दांव वाली चुनौतियों से भी गुजारा। हमारा लक्ष्य एक 'फ्लाइट-रेडी' वर्कफोर्स तैयार करना है, जिसके लिए हम उन्हें अभी से टीमवर्क और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता में निपुण बना रहे हैं। हम प्रतिभा को संवारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, ताकि ये छात्र जागरूक, जिम्मेदार बनें और भारत के अंतरिक्ष भविष्य को दिशा दें।

### 64वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2025 का शुभारंभ

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** केसरी चन्द सुभारती इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी देहरादून में सोमवार को 64वें राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह 2025 का शुभारंभ किया गया। इस वर्ष का विषय टीकाकरण के समर्थक के रूप में फार्मासिस्ट रखा गया है, जिसका उद्देश्य टीकाकरण के महत्व और जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ करने में फार्मासिस्ट की भूमिका को रेखांकित करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन ट्रस्ट के महानिदेशक डॉ. जीके थपलियाल व रास बिहारी बोस सुभारती विश्व. विद्यालय के कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर सुभारती विश्वविद्यालय के कुलसचिव खालिद हसन, परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, केसरी चन्द सुभारती इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य व डीन डॉ. लोकेश त्यागी, विभागाध्यक्ष रिचा पूण्डीर, सभी शिक्षक, स्टाफ व छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# इरादा नेक है उत्तराखंडवासी एक है

रोहन कुमार शाह टाइम्स

**हरिद्वार।** हरिद्वार में पर्वतीयख्र मैदानी एकता मंच द्वारा हर की पैड़ी से ललतारा पुल सिंह सभा गुरुद्वारे तक एक भव्य जनजागरूकता रैली निकाली गई जिसकी शुरुआत मां गंगा के पूजन के साथ हुई। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति वाली इस रैली में पर्वतीय-मैदानी एकता जिंदाबाद, हमारा इरादा नेक है उत्तराखण्ड एक है भाईचारा बढ़ाना है। नफरत को मिटाना है जैसे नारों से पूरा हरिद्वार गूंज उठा। पर्वतीयख्रमैदानी एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल ने कहा कि समाज में कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही गलतफहमी को दूर करना और एकता को बढ़ावा देना इस रैली का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने यह भी बताया कि यह केवल शुरुआत है और आगे भी उत्तराखण्ड की एकता और भाईचारे के लिए कई पहलें की जाएंगी। महिला प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह ने घोषणा की कि मंच जल्द ही एक विशाल जनजागरूकता रथयात्रा निकालने जा रहा है जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। वहीं संगठन मंत्री सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि हरिद्वार मोक्षदायिनी मां गंगा की पवित्र धरा है और यहां से एकता और सद्भाव का संदेश पूरे देश तक पहुंच रहा है। रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष पी.के. अग्रवाल, महासचिव लक्ष्मी कपरुवाण अग्रवाल, अनीता तिवारी, आशिष तिवारी, संगठन मंत्री सुरेंद्र ठाकुर, जिलाध्यक्ष पवन ठाकुर, महिला प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह, प्रदेश सचिव संदीप कश्यप सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल रहे। रैली ने हरिद्वार में उत्तराखण्ड की एकता का मजबूत संदेश दिया।



# नगर निगम पर अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान पक्षपात का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन की टीम ने वार्ड संख्या 17 टिबड़ी में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर अवैध रूप से लगाए गए तीन खोखों को जे.सी.बी की सहायता से ध्वस्त कर दिया तथा दो ठेलियों को जब्त कर लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गयी है। जन सुनवाई कार्यक्रम में अतिक्रमण का मामला सामने आने पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। निर्देशों के अनुपालन में सोमवार को उप नगर आयुक्त, मुख्य सफाई निरीक्षक, आदित्य तेश्वर प्रभारी अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने मौके पर पहुंचकर जे.सी.बी से खोखे ध्वस्त करवाए और ठेलियों को जब्त कर लिया। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। गौरतलब है कि स्थानीय लोगो ने कहा कि नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के दौरान चिन्हित खोखों को ध्वस्त किया व ठेलियों को जब्त किया जबकि विद्यालय के आसपास दो सो मीटर के दायरे में अन्य खोखे व ठेले भी है लेकिन वहाँ से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। टिबड़ीवासियों ने कहा कि निगम को अतिक्रमण हटाओ की कार्रवाई बिना पक्षपात व भेदभाव के करनी चाहिए। अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगो ने विरोध जताया।



# सार्वजनिक स्थानो पर शराब सेवन व धूम्रपान पर रानीपुर पुलिस की कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर पुलिस टीमो द्वारा गैस प्लान्ट क्षेत्रान्तर्गत बैरियर 6, सलेमपुर चौराहा, सलेमपुर, सुमन नगर क्षेत्र शिवालिक नगर व भेल मध्य मार्ग के आस पास सार्वजनिक स्थानो पर शराब का सेवन करने वालो के विरूद्ध चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत पुलिस टीमो द्वारा अलग-अलग सार्वजनिक स्थानो पर छापेमारी की कार्यवाही करते हुये शराब पीने वालों के खिलाफ चौकिंग की कार्रवाई की गई जिसमें सार्वजनिक एवं खुले स्थान में शराब का सेवन करते हुये चालीस व्यक्तियो का पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान की कार्यवाही करते हुये कुल शुल्क 8700 रुपये की धनराशि वसूल की गयी तथा सभी को पुनः सार्वजनिक स्थानो, खुले स्थानो में शराब का सेवन न करने की हिदायत भी दी गयी। सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वालों 6 व्यक्तियों के विरुद्ध भी चालान करते हुए रुपये 300 की धनराशि वसूली गई। इसके अतिरिक्त वाहन चेकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में कुल 16 चालान कर 8500 रुपये की धनराशि वसूली गई।

# रैन बसेरों में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्थाएं करे : सी.डी.ओ

## असहाय लोगो को ठंड के प्रकोप से बचाए

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शीत लहर के दृष्टिगत जनपद में गरीब बेसहारा एवं असहाय लोगो को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए की जाने वाली तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के लिए जिला कार्यालय सभागार में मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र ने सभी उप जिलाधिकारियों, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों एवं जिला पंचायतों के अधिकारियों को निर्देश दिए ही कि शीत लहर से बचने के लिए जनपद में विभिन्न स्थानों पर जलाए जाने वाले अलाव के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने रैन बसेरों में सभी सुविधाएं जैसे बिस्तर, विद्युत, स्वच्छ पानी, शौचालय आदि से संबंधित का निरीक्षण कर सभी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि वह संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर अपने अपने क्षेत्रों में सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त करले ताकि शीत लहर के कारण किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशानी न होने पाए। उन्होंने सभी रैन बसेरों में साइन बोर्ड लगवाने के भी निर्देश दिए ताकि सभी लोगों को इसकी जानकारी हो सके तथा उन्होंने कोहरे के कारण कोई सड़क दुर्घटना न हो इसके लिए उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देश दिए है कि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण रखें एवं ट्रैक्टर ट्रॉली एवं दुपहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर लाइट लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग एवं नगर निगम एवं नगर पालिका को निर्देश दिया है कि आवारा पशुओं के कारण कोई सड़क दुर्घटना न हो इसके लिए पशुओं के गले में रेडियम कॉलर लगाने के भी निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरके सिंह, उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुसुम चौहान, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत,जिला पशु चिकित्सधिकारी डीके चंद, रुड़की ए.आ.र.टी.ओ-ए एल्विन सहित नगर निगम, नगर पालिका,जिला पंचायत के खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# पचास हजार आर्थिक दंड : चिकित्सालय नियम उल्लंघन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार डॉ रमेश कुंवर द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ 17 नवंबर को जनपद हरिद्वार के सुल्तानपुर क्षेत्र स्थित लविश क्लीनिक, आदित्य क्लीनिक, मैक्स मेडिकेयर, धनपुरा स्थित एल एम हॉस्पिटल, ग्लोबल हॉस्पिटल क्लासिक हॉस्पिटल, वेल केयर हॉस्पिटल एवं गैलेक्सी हॉस्पिटल में औचक निरिक्षण किया गयाप् निरिक्षण के दौरान पाया गया की चिकित्सालयों में बिना चिकित्सको एवं प्रशिक्षित पैरा मेडिकल स्टाफ के चिकित्सालयों का संचालन किया जा रहा है इसके अलावा चिकित्सालय संचालन हेतु आवश्यक न्यूनतम मानकों के जैसे मेडिकल वेस्ट निस्तारण एवं अग्नी शमन सम्बंधित नियमो का पालन भी नहीं किया जा रहा है जिस कारण उक्त चिकित्सालयों पर नैदानिक स्थापना अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए प्रत्येक चिकित्सालय पर रूपय पचास हजार का आर्थिक दंड निर्धारित करते हुए चिकित्सालय के पंजीकरण एवं आवेदनों को निरस्त किया जाएगाप् निरिक्षण के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार के साथ राजन ठाकुर कनिष्ठ सहायक, अवनीश कुमार STS उपस्थित रहे।



# आर.टी.ओ में प्रवेश दौरान कारण बताना आवश्यक

## सौ सेकेंड हैंड वाहन ब्लैक लिस्टेड

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ए.आर.टी.ओ निखिल शर्मा के नेतृत्व में टी.टी.ओ वरुणा सैनी, भारत भूषण एवं मुकेश भारती की उपस्थिति में आर.टी.ओ कार्यालय परिसर की प्रवेश व्यवस्था एवं सुरक्षा का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि कार्यालय में किसी भी प्रकार का अनधिकृत व्यक्ति मौजूद न हो इसके निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रवेश रजिस्टर का परीक्षण किया गया तथा प्रवेश द्वार पर तैनात कर्मियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी व्यक्ति को तब तक परिसर में प्रवेश न दिया जाए जब तक वह आगंतुक रजिस्टर में अपना उद्देश्य दर्ज न कर दे। उन्होंने सभी आगंतुकों के लिए नाम, मोबाइल नंबर और आने का कारण लिखना अनिवार्य किया गया साथ ही सेकंड हैंड वाहन विक्रेताओं का निरीक्षण। निरीक्षण दल द्वारा सेकंड हैंड वाहन विक्रेताओं का भी औचक निरीक्षण किया गया। नियमों के अनुसार सेकंड हैंड वाहन का व्यापार करने के लिए परिवहन विभाग से डीलर लाइसेंस लेना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान कुल पाँच सेकंड हैंड कार डीलरों की जाँच की गई इनमें से केवल एक मारुति ट्रू वैल्यू के पास वैध डीलर लाइसेंस पाया गया तथा बाकी डीलर बिना लाइसेंस के ही वाहन खरीदख्रफरोख्त करते मिले साथ ही जाँच में सामने आया कि बिना लाइसेंस वाले डीलरों के परिसर में सौ से अधिक वाहन खड़े हैं। इस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई इन सभी वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया जिससे उनकी ट्रांसफर ओनरशिप प्रक्रिया रोक दी गई है तथा संबंधित डीलरों को नोटिस जारी कर यह निर्देश दिया गया कि वे विभाग से वैध लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही वाहन बिक्री खरीद कर सकेंगे।

# ए.एच.टी.यू के प्रयास से परिजनों को लापता बालिका मिली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** दिनांक 16 नवंबर 2025 को ग्राम धुरिया जिला औरंगाबाद बिहार के रहने वाले परिवार के जीवन में उनकी खोई खुशियों वापिस आई। 30 अक्टूबर 2025 से लापता बालिका को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने रेलवे स्टेशन रुड़की से बालिका को सकुशल बरामद कर बालिका के परिजनों को सपुर्द किया। बालिका के परिजनों द्वारा बताया गया कि बालिका गांव के ही विद्यालय में आठवीं कक्षा की छात्रा है जो कि 30 अक्टूबर 2025 की सुबह घर से गांव के बाजार गई थी जो फिर वापिस नहीं आई उनके द्वारागांव वालों के साथ मिलकर बालिका को हर संभव स्थान बस स्टेशन रेलवे स्टेशन पर तलाशा किया गया किन्तु कही से भी कोई सूचना नहीं मिली स्थानीय पुलिस को भी जानकारी दी गई किंतु वहां से भी निराशा ही हाथ लगी जैसे जैसे दिन बीत रहे थे उनकी चिंता और बढ़ते जा रही थी हरिद्वार पुलिस के प्रयासों से बालिका के मिलने पर अत्यधिक प्रयास कर बालिका के गांव में संपर्क कर परिजनों को बुलाया गया। परिजनों के आने पर उन्हें बाल कल्याण समिति हरिद्वार के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां आवश्यक काउंसलिंग, विधिक कार्यवाही उपरांत बालिका को खुला आश्रय गृह ज्वालापुर से मुक्त करवा कर उनके परिजनों के सपुर्द किया गया। परिजनों ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम हरिद्वार द्वारा किए गए प्रयास व सफल कार्यवाही एवं अत्यंत मानवीय सहयोगपूर्ण व्यवहार के लिए टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया तत्पश्चात अपनी बालिका के साथ परिजनों ने बिहार के लिए प्रस्थान किया।



# नशा तस्कर व उपद्रवियों पर विधिक कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान पथरी पुलिस ने 16 नवंबर की रात्रि को बादशाहपुर से हर्षिवाला को जाने वाली मार्ग पर एक व्यक्ति को बीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पकडा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना हाजा पर आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।

इसी क्रम में 16 नवंबर को कोतवाली ज्वालापुर ने दौराने चौकिंग आरोपी चिंटू पुत्र सतपाल निवासी आर्य नगर व हरीश जौली पुत्र स्वर्गीय सिकंदर लाल निवासी राजा गार्डन कनखल को अलग-अलग स्थानों से अवैध देशी व अंग्रेजी शराब के साथ पकडा। आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली ज्वालापुर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभीयोग पंजीकृत विधिक कार्रवाई की गई।

दिनांक 17 नवंबर को थाना कनखल को सूचना मिली कि बाल्मीकि बस्ती में कुछ व्यक्ति बीच मार्ग पर हो हल्ला, झगडा,शांति भंग व हुडदंग आदि कर रहे है उक्त सूचना पर चेतक मौके पर पहुँची तो पुलिसकर्मियों ने देखा कि चार व्यक्ति आपस मे गाली गलौच, हंगामा, मार-पीट व मरने मारने पर उतारु है जहां पर काफी भीड एकत्रित थी उद्रवियों को काफी समझाने का प्रयास किया गया किन्तु नही माने और उग्र होकर उत्तेजित होकर मार पीट पर उतारु रहे जिस कारण पुलिस टीम द्वारा चारों लोगों को हिरासत मैं लेकर विधिक कार्रवाई की गई।

# दयानंद स्टेडियम में 21 नवंबर को विशाल रोजगार मेला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बेरोजगार युवकों के लिए 21 नवंबर को दयानंद स्टेडियम गुरुकुल कांगड़ी विवि, हरिद्वार में वृहद रोजगार मेला का आयोजन। अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कार्यालय परिसर से प्रचार वाहन को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्र ने अवगत कराया है कि जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए आ.ई.टी.सी मिशन सुनहरा कल तथा जिला कौशल विकास एवं सेवायोजन कार्यालय, हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में दिनांक 21 नवंबर 2025 को दयानंद स्टेडियम गुरुकुल कांगड़ी विवि हरिद्वार में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रोग्राम अधिकारी गिरीश तिवारी को निर्देश दिए कि रोजगार मेले का जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए है जिससे रोजगार मेले में अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

# कुंभ मेले की व्यवस्था एवं निर्माण कार्य का संक्षिप्त विवरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले कुंभ मेले की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए की जा रही तैयारियों तथा किए जा रहे निर्माण कार्यों के संबंध में सी.सी.आर सभागार में मेलाधिकारी सोनिका ने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि 2027 के कुंभ मेले को दिव्य एवं भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए सभी तैयारियां एवं व्यवस्थाएं कराई जा रही है तथा शासन द्वारा कई कार्यों के शासनादेश जारी किए जा चुके है जिसमें कई निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए है तथा कई निर्माण कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा ऋषिकुल से साक्षी सतनाम घाट, लक्ष्मण घाट, भरत घाट जिसकी लंबाई 810 मीटर है जिसका निर्माण कार्य गतिमान है। अमरापुर घाट से ऋषिकुल पुल-शंकराचार्य चौक तुलसी घाट तक जिसकी लंबाई 770 मीटर है जिसका निर्माण कार्य गतिमान है। कुंभ मेला के अंतर्गत ध नौरी-सिडकुल लिंक मार्ग के मरम्मत कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लिए शासनादेश निर्गत किया जा चुका है जिसके लिए जनपद हरिद्वार में बहादराबाद-सिडकुल फोरलेन मार्ग से भेल बैरियर न 6 होते हुए शिवालिक नगर चौक से भेल मध्य मार्ग तक का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण की ली गई है। दिल्ली-हरिद्वार देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 334 पर पतंजलि योगपीठ से सहदेवपुर-दिनारपुर, सुभाषगढ़ होते हुए पुरकाजी-लक्सर-ज्वालापुर-राष्ट्रीय राजमार्ग नं 334 ए पर फेरूपुर तक मार्ग का डेढ़ लेन में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यों के लिए टेंडर प्रकिया गतिमान है। उन्होंने कहा कि कुम्भ मेले के लिए जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे है उन कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्तापूर्ण संपन्न कराया जाएगा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता एवं लापरवाही नहीं बरती जाएगी। कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को साफ स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो इसके लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखते हुए उचित प्रबंधन के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जाम की स्थिति से निपटने के लिए वाहनों के उचित पार्किंग के लिए भी पार्किंग स्थल चिन्हित किए जा रहे है। यह भी कहा कि कुम्भ मेले क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है तथा अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध निरंतर हटाने की भी कार्यवाही की जा रही है। कुंभ मेला क्षेत्र में किसी भी तरह से अतिक्रमण नहीं किया जाएगा। कुंभ मेले को सुव्यस्थित ढंग से संपादित करने के लिए स्टेट होल्डर के साथ बैठक कर उनके सुझाव भी लिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि दिव्य एवं भव्य कुंभ आयोजन के लिए आमजन का भी सहयोग भी अपेक्षित है। इस अवसर पर अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ,प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह सहित विभिन्न संस्थानों के प्रेस प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# गुरुद्वारों में संक्रांत मनाई गई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मार्गशीर्ष महीने की संक्रांत पर गुरुद्वारों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्वालापुर गोल गुरुद्वारे, निर्मल विरक्त कुटिया गुरुद्वारा, निर्मल संतपुरा गुरुद्वारे, भेल नानक दरबार गुरुद्वारा, सिंह सभा गुरुद्वारे में संक्रांत मनाई गई। सभी गुरुद्वारों में कथावाचकों ने संक्रांत और महापुरुषों की कथा और स्थानीय संगत ने शब्द कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया। निर्मल संतपुरा गुरुद्वारे में कथावाचक संत बलजिंदर सिंह शास्त्री और गुरप्रीत सिंह ने कहा कि जो परमात्मा की भक्ति में लीन रहता है उसे कोई कष्ट नहीं होता। गुरु, महापुरुषों के उपदेशों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। संत जगजीत सिंह शास्त्री ने कहा कि नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर का 350 सालाना शहादत दिवस आ रहा है। जिसके अंतर्गत 23 नवंबर को विशाल प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो सिंहद्वार से प्रारंभ होकर देशरक्षक तिराहा, दादूबाग पुलिया, कनखल थाना तिराहा, कनखल चौक होते हुए तीजी पातशाही गुरु अमरदास गुरुद्वारेपर समाप्त होगी। गुरु तेग बहादुर ने और उनके पूरे परिवार ने अपना बलिदान दिया। इस अवसर पर संत तरलोचन सिंह, ज्ञानी पंकज सिंह, परमजीत सिंह, हरजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह भाटिया, पूनम नरूला, अपनिंदर कौर, सरबजीत कौर, महिंद्र सिंह, सिमरन कौर, नैनी महेंद्रू, जसविंदर सिंह, ओसिल, बीना चिटकारिया, सतविंदर सिंह, हरविंदर सिंह रिंकू, कुलदीप सिंह, विक्रमजीत सिंह, सतनाम सिंह आदि उपस्थित रहे।



# माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम जानकारी : विधिक सेवा प्राधिकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार, जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार, नरेन्द्र दत्त के आदेशानुसार सचिव सिमरनजीत कौर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरिद्वार की अध्यक्षता में ए.डी.आर भवन रोशनाबाद के सभागार भवन में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007, उत्तराखण्ड माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण-पोषण एवं कल्याण सरकार नियमावली 2011 के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्याशाला में जिले से वरिष्ठ नागरिकों से संबधित अनेक संगठन, समिति व एन.जी.ओ से वरिष्ठ नागरिक उपस्थित हुए। पैनल अधिवक्ता अनुज कुमार शर्मा के द्वारामाता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 को विस्तार से पढाया गया साथ ही साथ रमन कुमार सैनी, डिप्टी एल.ए.डी.सी द्वाराउत्तराखंड सरकार द्वारा उक्त अधिनियम पर बनायी गयी नियमावली के बारे में जानकारी प्रदान करायी गयी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों व माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम के तहत भरण-पोषण प्राप्त करने के अन्य विधिक प्रावधानों, वरिष्ठ नागरिक व नालसा की स्कीम वरिष्ठ नागरिक विधिक सेवा योजना 2016 के बारे में बताया तथा प्राधिकरण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान कराये जाने व नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी और सभागार में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों की समस्या से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया गया तथा उनसे उक्त कार्यशाला से सम्बन्धित फीडबैक लेते हुए उनके सुझाव भी सम्मिलित किये गये साथ ही कार्यशाला में उपस्थित लगभग चालीस वरिष्ठ नागरिकों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान कराया गया और कार्यशाला में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों, संगठन, एन.जी.ओ का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# नहीं लगाने दिए स्मार्ट मीटर

## भारी विरोध के चलते बैरंग लौटी विद्युत विभाग की टीम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विद्युत विभाग की टीम को जनता के विरोध के चलते बेरंग लौटना पड़ा। जनप्रतिनिधियों ने कहा पहले जनता को विश्वास में लें विभाग। जबरजस्ती मीटर नहीं लगाने दिया जाएगा। सोमवार को कालाढूंगी के वार्ड नंबर एक में बोरपुल के पास विद्युत विभाग की टीम स्मार्ट मीटर लगाने गई थी जिसका विरोध करते हुए जनता ने कहा पहले नेताओं ओर अधिकारियों के घर लगाए जाएं।



उसके बाद आम जनता के घर लगाएं। विरोध के चलते विद्युत विभाग ने पुलिस की मददत से मीटर लगाने का प्रयास किया मगर विरोध के चलते विभाग को कामयाबी नहीं मिल पाई और विभाग को बेरंग लौटना पड़ा। इस दौरान सभासद रोहित बुधलाकोटी, जिला पंचायत अरनव कंबोज के बीच काफी जद्दोजेहद हुई। वार्ड सभासद रोहित बुधलाकोटी ने कहा विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का हो जबरजस्ती प्रयास किया जा रहा है वह गलत है।

पहले विभाग को जनता को विश्वास में ले। पहले लगे मीटर के नुकसान ओर स्मार्ट मीटर के फायदे बताए उसके बाद जनता अगर मीटर लगाने को राजी हो तो तब ही मीटर लगाए जबरजस्ती विभाग मीटर लगाएगा तो इसका विरोध किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य अरनव कंबोज ने कहा बेलपड़ाव क्षेत्र में लगे कई स्मार्ट मीटर की शिकायतें आ रही हैं कि उनका विद्युत बिल पहले की अपेक्षा अधिक आ रहा है। अरनव ने कहा स्मार्ट मीटर को लेकर पहले उच्च स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए जनता को अगर स्मार्ट मीटर का लाभ नजर आएगा तो जनता स्वयं मीटर लगवाएगी। कालाढूंगी उपखंड अधिकारी दीपक पाठक द्वारा बताया गया सरकार की योजना के चलते हर घर में स्मार्ट मीटर लगाने हैं। स्मार्ट मीटर का अपडेटा उपभोक्ता के मोबाइल में ऑनलाइन रहेगा। स्मार्ट मीटर से कोई नुकसान नहीं है। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सहयोग करने की अपील की उन्होंने कहा जिस किसी को भी स्मार्ट मीटर के बारे में कोई जानकारी लेनी है तो वह कभी भी उनके ऑफिस आकर जानकारी ले सकता है। इस दौरान एसडीओ दीपक पाठक, एसडीओ मीटर ऋतु सहित दीपक बिष्ट, चंद्र लाल सहित दर्जनों क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# दो महिला उद्यमियों को राष्ट्रीय कमेटी में मिला स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सोनिया शर्मा ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव जायसवाल एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (उत्तर भारत प्रभारी) अतुल गुप्ता की संस्तुति पर हल्द्वानी की दो महिला उद्यमियों व समाजसेवियों को केंद्रीय महिला कमेटी में मनोनीत किया है। इस मनोनयन से हल्द्वानी की महिला उद्यमियों में उत्साह और हर्ष का माहौल है। नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव तनुजा जोशी के आवास पर पहुंचे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल गुप्ता ने तनुजा जोशी, नवनियुक्त महिला राष्ट्रीय सचिव सीमा देवल तथा प्रदेश महिला महासचिव शालिनी गुप्ता और प्रदेश कोषाध्यक्ष कुसुमलता केसरवानी का बुके, माला एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान सभी पदाधिकारियों ने परस्पर परिचय देते हुए संगठन की महिला सदस्यों को और अधिक सशक्त, आत्मनिर्भर एवं स्वरोजगार से जोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रदेश महिला अध्यक्ष बीना, हल्द्वानी जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, जिला संरक्षक तेजपाल भंडारी, मंडी प्रभारी विजय जायसवाल, जिला महासचिव राघवेंद्र चौहान, नगर अध्यक्ष (ग्रामीण) अजय डंगवाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## एक नजर....

### एसडीएम ने पालिका में रिकॉर्ड देखे

**बागेश्वर।** उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी ने सोमवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न पटलों की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और उपस्थिति पंजिका का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने जन्म मृत्यु पंजीकरण, कर संग्रह, साफ–सफाई अनुभाग, लेखा विभाग सहित अन्य महत्वपूर्ण पटलों के रिकॉर्ड और कार्यप्रवाह की समीक्षा की। उन्होंने कर्मचारियों से लंबित मामलों, जन शिकायतों के निस्तारण और दैनिक कार्यों की प्रगति संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। जांच के दौरान दो कर्मचारी बिना पूर्व सूचना और बिना स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित पाए गए। इस पर एसडीएम ने गहरी नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यालय में अनुशासनहीनता और लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी समय पर उपस्थित होकर जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ और निर्धारित समय सीमा में पूरा करें।

### स्वदेशी को अपनाने की ललक जगानी होगी

**बागेश्वर।** वंदे मातरम एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर पालिका परिषद में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल एवं नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी संयुक्त अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम के जिले के प्रभारी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुंदन लटवाल मौजूद रहे। नगर पालिका सभागार में राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने वंदे मातरम का गायन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुंदन लटवाल, राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्टि एवं बलवंत सिंह भौर्याल ने लोगों में राष्ट्र प्रेम एवं स्वदेशी को अपनाने की ललक जगाने की बात कही। जिसके पश्चात संयुक्त रूप से नगर पालिका परिषद से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली नगर के बाजार क्षेत्र से होते हुए जिला पंचायत परिसर में संपन्न हुई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, सांसद प्रतिनिधि विक्रम सिंह शाही, दीपा आर्या, उमा बिष्ट, जिला महामंत्री संजय परिहार, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा डा. राजेंद्र परिहार, जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष खड़क सिंह टंगड़िया, नवीन रावल, सविता नगरकोटी, गिरीश परिहार, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कांडा तहसील में जनता दरबार

**बागेश्वर।** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी और अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में कांडा तहसील में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 62 शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए सीडीओ ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य शिकायतें पेयजल, सड़क, बिजली, आवास, जंगली जानवरों से नुकसान, स्ट्रीट लाइट और प्रधानमंत्री आवास से संबंधित थीं। सीडीओ ने जल संस्थान को कांडा क्षेत्र में सप्ताह में दो दिन टैंकर से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया और लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की। साथ ही, निर्माणदायी संस्थाओं को पिछले वित्तीय वर्ष के अधूरे कार्य 30 नवंबर तक पूरा करने के लिए कहा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी अनिल चन्याल, नायब तहसीलदार नितिशा आर्य और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

### कांडा में मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण

**बागेश्वर।** नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान और स्प्यूरियस दवाओं की रोकथाम के तहत औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने कांडा क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में लाइसेंस की उपलब्धता, पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, एक्सपायरी दवाओं का निस्तारण और प्रभावी दवाओं के क्रय–विक्रय बिलों का सत्यापन किया गया। इस दौरान चार मेडिकल स्टोर्स में अनियमितताएं पाई गईं। संबंधित स्टोर मालिकों से सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण और अनुपालन आख्या देने को कहा गया, अन्यथा लाइसेंस निलंबन की चेतावनी दी गई। औषधि निरीक्षक ने यह भी निर्देश दिए कि नारकोटिक दवाएं केवल डॉक्टर के वैध पर्चे पर ही बेची जाएं और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत सभी शर्तों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

### इदरीस बाबा की स्मृति में सद्भावना मैच

अल्मोड़ा। स्व. मोहम्मद इदरीस बाबा की स्मृति में हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में सदभावना फुटबॉल मैच का खेला गया। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर अजय वर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष नयाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मुकाबले में रानीखेत एकादश ने अल्मोड़ा एकादश को 02–01 से पराजित किया। मैच में अल्मोड़ा एवं रानीखेत के बुजुर्ग खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया। मैच के समापन पर रानीखेत एकादश के वरिष्ठ खिलाड़ियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन करते हुए हरीश कनवाल ने सभी खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मैचों का आयोजन भविष्य में भी करते रहेंगे।

# दुर्घटना के आरोपी ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम पीलकपुर गुमानी थाना ठाकुरद्वारा निवासी अमर अली पुत्र अफसर अली ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 13 नवंबर को उसका चचेरा भाई निसार अहमद पुत्र हनीफ अहमद व उनके साथी इरुान हुसैन पुत्र अबरार हुसैन, रईस अहमद पुत्र हबीब शाह एवं पिन्टू कुमार पुत्र छोटेलाल सिंह निवासीगण ग्राम पीलकपुर गुमानी थाना ठाकुरद्वारा ट्रैक्टर ट्रॉली सं. यूपी21 सीआर–6631 से मजदूरी पर अलीगंज काशीपुर मार्ग पर पशुओं के लिए भूसा भर रहे थे कि सुबह करीब 06:30 बजे काशीपुर की ओर से आ रहे ट्रक सं. एचआर58 डी–6067 के चालक ने ट्रक से ट्रैक्टर–ट्राली में टक्कर मार दी जिससे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए व ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग गया। सभी घायलों का इलाज मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां निसार की हालत गंभीर होने पर उसे मानपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां भी हालत में सुधार न होने पर उसे मेरठ के अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

## किया औद्योगिक भ्रमण

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टिट्यूट और मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के एमबीए एवं बीबीए एलएलबी के विद्यार्थियों ने देवर्पण फूड्स प्रा. लि. का औद्योगिक भ्रमण किया। संस्थान के निदेशक डॉ. केवल कुमार ने बताया कि संस्थान के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उप निदेशक (एकेडमिक्स) डॉक्टर सचिन कुमार गुप्ता एवं चीफ लाइब्रेरियन शाहनवाज हुसैन के नेतृत्व में उक्त कंपनी का औद्योगिक भ्रमण कर इसमें निर्मित होने वाले फूड प्रोडक्ट्स के निर्माण की प्रक्रिया को समझा एवं जाना। इस अवसर पर कंपनी के डीजीएम फाइनेंस विवेक कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को लेक्चर प्रस्तुत करते हुए कंपनी के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर कपिल दीप प्रजापति ने विद्यार्थियों को पूरे प्लांट का भ्रमण कराया।

# बच्चों ने परिवार के साथ खेला मैच

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर द्वारा एक और अभिनव पहल करते हुए बच्चों को परिवारजनों के साथ समय बिताने और परिवार जनों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध प्रगाढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से फादर्स–किड्स नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें बाजी किड्स टीम के हाथ लगी।



किड्स टीम ने 12 ओवर में 119 रन बनाकर फादर्स टीम को 60 रन से पराजित किया। फादर्स टीम ने कुल 59 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच अनग मेहरोत्रा, जबकि बेस्ट बैटमैन का खिताब दक्ष पैगिया और बेस्ट बॉलर का खिताब हार्दिक मेहरोत्रा के नाम रहा। टूर्नामेंट के एंपायर चरनजीत सिंह रहे। फादर्स टीम के विकेट कीपर सौरभ शर्मा तथा किड्स टीम के विकेट कीपर अनग मेहरोत्रा रहे। अनग ने 52 रन की पारी खेली। फादर्स टीम के कप्तान मयंक गुप्ता एडवोकेट, जबकि किड्स टीम के कप्तान शौर्य सोलंकी रहे। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन छावनी परिसर के विशाल मैदान में किया गया। क्लब के पूर्व गवर्नर ला. संदीप सहगल एडवोकेट द्वारा विजेताओं और रनर अप को ट्राफी प्रदान की गई। टूर्नामेंट की कमेंट्री ला. अभिषेक गोयल एवं डा. मोनिका मेहरोत्रा ने की। इस दौरान अनुराग सोलंकी, अपूर्व मेहरोत्रा, समीर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, हरप्रीत सेठी, भूपेश नरूला, मयंक वर्मा, नीरज अग्रवाल, सचिन गोयल, जतिन गोयल, डा. दीपक कुमार, सीए सौरभ शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर के अध्यक्ष ला. गौतम मेहरोत्रा ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## फसल की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर द्वारा काशीपुर परिक्षेत्र के ग्राम गांधीनगर में एकदिवसीय कृषक गोष्टी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने नव घोषित सट्टा नीति के विषय में किसानों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शरद कालीन गन्ना बुवाई का समय है। गन्ना किसान अपनी खेत की अच्छी सी तैयारी कर लें। जिन गन्ना किसानों को शरद कालीन गन्ना की बुवाई करनी है वह उत्तम बीज का चुनाव करें।। प्रत्येक गन्ना कृषक अपनी खेत का निरीक्षण करें। गोष्ठी में प्रतिभाग करते हुए गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 15023, 13235, 14201 जैसी उन्नतशील प्रजातियां है जिनको गन्ना कृषकों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

# छात्रसंघ अध्यक्ष को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा के तत्वाधान में विशाल सभा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के ब्राह्मणों की समस्याओं एवं ब्राह्मण के विकास पर मंथन किया गया।

साथ ही राधे हरि राजकीय महाविद्यालय के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जतिन शर्मा व शिवलालपुर डल्लू के नवनिर्वाचित प्रधान शौर्य लखेड़ा को माला पहनाकर व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री उमेश जोशी ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने पूरे विश्व को एकजुटता का संदेश दिया है। देश की तरक्की में ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तराखंड रत्न से सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र




कुमार मिश्रा ने कहा कि युवाओं का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। युवा ब्राह्मण इस विकास के योगदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एडवोकेट भास्कर त्यागी ने कहा कि ब्राह्मण समाज को एक होकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। संचालन महामंत्री संदीप चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम संयोजक शिवालिक होली माउंट एकेडमी के प्रबंधक बसंत बल्लभ भट्ट ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अवधेश चौबे, गिरिजेश खुल्वे, मोहन चंद्र, गिरीश चंद्र अधिकारी, लता शर्मा, देवांग मिश्रा एडवोकेट, पंकज पंत, बीसी नौटियाल सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# समय पर पूरा करें कामः शाही

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल एवं सांसद प्रतिनिधि बिक्रम सिंह शाही ने कार्यकर्ताओं व अधिकारियों के साथ विधानसभा कपकोट क्षेत्र का दो दिवसीय भ्रमण एवं निर्माण कार्यों की जांच की गई। भ्रमण के दौरान मल्ला दानपुर क्षेत्र में कपकोट–कर्मी मोटरमार्ग, सोराग मोटर पुल, किलपारा–कुंवारी मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण में सड़क की वर्तमान स्थिति का आकलन, मरम्मत कार्य में तेजी लाने एवं डामरीकरण के कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखने तथा निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके सोराग मोटर पुल के शीघ्र निर्माण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की गई। भ्रमण से लौटने के बाद सोमवार को पूर्व मंत्री भौर्याल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नाम रिखाड़ी बाछम मोटर मार्ग से सोराग मोटर मार्ग के किमी 5–6 में 60 मीटर स्टील गाडर पुल निर्माण कार्य के संबंध में ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि उक्त पुल का निर्माण कार्य वर्ष 7 जनवरी 2022 को प्रारंभ हुआ था। पुलिया के कार्य पूर्ण करने का समय 6 जुलाई 2022 था। लेकिन साल पूर्ण होने के बावजूद पुल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि उक्त पुल का निर्माण कार्य पूर्ण न होने के कारण शासन प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। जबकि उक्त ग्राम सभा के लिए सड़क निर्माण कार्य तीन वर्ष पहले पूर्ण हो चुका है।

उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कॉरपोरेट आईडेन्टीटी नं० U40109UR2001SGCO25867/2358
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड़, देहरादून
फोन: 91–135–2763672–76 फैक्स: 91–135–2760289

पत्रांक : 732/EE(CM)/UPCL/A-2 दिनांक : 17.11.2025

ई–निविदा तिथि विस्तार सूचना

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आमंत्रित सी सी पी – I/13/2025–2026 जोकि Revamped Distribution Sector Scheme के अन्तर्गत स्काडा के कार्य हेतु आमंत्रित की गयी थी को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ई–निविदा दिनांक 26.11.2025 के 17:00 बजे तक क्रय एवं जमा की जा सकती है। ई–निविदा का भाग–एक दिनांक 27.11.2025 को 11:30 बजे खोला जायेगा।

अन्य नियम व शर्त मूल ई– निविदा के अनुसार रहेगी। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेवसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय–प्रथम)

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं० 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 18001804185/फैक्स नं० 0135–2760911 पर दें)

# नशे से दूर रहने का संदेश दिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मां अंबे इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज ने सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक जनजागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना था। रैली नंदा देवी मंदिर से शुरू होकर माल रोड, लिंक रोड और लोअर बाजार होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरी। इसमें बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं, फैकल्टी सदस्यों और कर्मचारियों ने भाग लिया। हाथों में नशा विरोधी पोस्टर और बैनर लिए छात्र–छात्राओं ने नारे लगाए, जैसे नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, युवा




बदलेंगे, देश की पहचान, नशा नहीं, रोजगार चाहिए। रैली के दौरान, छात्रों ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें नशे के स्वास्थ्य पर प्रभाव, पारिवारिक समस्याओं और सामाजिक हानि के बारे में बताया। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने भी छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी और साइबर अपराध, बाल विवाह, महिला अपराध, यातायात नियमों और आपदा हेल्पलाइन के बारे में जागरूक किया। रैली का समापन संस्थान परिसर में हुआ, जहां छात्रों को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया।

# जिला खनन न्यास की शासी परिषद की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला खनन न्यास की शासी परिषद की बैठक हुई। बैठक में खनन न्यास की धनराशि को शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन विकास, और खेल संवर्धन जैसे जनोपयोगी कार्यों में खर्च करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इसमें जिला अस्पताल में 3डी अल्ट्रासाउंड मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों और गर्भवती महिलाओं को लाभ होगा। इसके अलावा, खनन न्यास से राजकीय विद्यालयों में अस्थाई शिक्षकों की तैनाती के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई। कोसी नदी पर बने बैराज का डिसिल्टिंग कार्य भी खनन न्यास से कराने पर सहमति बनी।



जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि खनन न्यास की धनराशि का सदुपयोग जनपद के चहुमुखी विकास के लिए किया जाए। बैठक में एडीएम युक्ता मिश्र, सीईओ अत्रेश सयाना, एसडीएम संजय कुमार और जिला खनन अधिकारी राहुल रावत उपस्थित रहे।

**न्यायालय सिविल जज (क0ख0) महोदय पौड़ी गढ़वाल**

दी0वा0सं0 36 सन् 2025

श्रीमती जयन्ती देवी उम्र 69 वर्ष पत्नी श्री ओमप्रकाश निवासी ग्राम भट्टीगांव, (ग्वाड़ीगाड़), पो0–चोपडियूं, पट्टी–घुड़दौड़स्यू–2 वि0ख0–पाबौ, तह0–पौड़ी पौड़ी गढ़वाल मो0न– .....**प्रार्थिनी**

**बनाम**

1–श्री सजंय कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश उम्र–42 वर्ष निवासी ग्राम भट्टीगांव, (ग्वाडीगाड़), पो0–चोपडियूं, पट्टी–घुड़दौड़स्यू, 2 वि0ख0 पाबौ, तह0–पौड़ी, पौड़ी गढ़वाल।

2– ग्राम प्रधान, ग्राम सभा भट्टीगांव (ग्वाड़ीगाड़), पो0–चोपडियूं पट्टी–घुड़दौड़स्यू–2 वि0ख0– पाबी, तह0–पौड़ी, पौड़ी गढ़वाल।

3– आम व खास जन प्रकाशन हेतु .......**प्रतिवादीगण**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी श्रीमती जयन्ती देवी ने अपने पति ओमप्रकाश पुत्र स्व0 भजराम जो कि दि0 20.07.1999 से अपने गांव भट्टीगांव से लापता है की व्यवहारिक मृत्यु (दीवानी मृत्यु) घोषित करने वावत इस न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया है जिसमें सुनवाई हेतु 05–12–25 तिथि नियत है। अंत: हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी के हक में उसके पति ओमप्रकाश की व्यवहारिक मृत्यु (दीवानी मृत्यु) प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह उक्त तिथि को ठीक 10 बजे प्रात: न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी जबाबदेही करे अन्यथा एकतरफा सुनवाई की जायेगी। आज दि0 15–12–25 को न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी।

आज्ञा से
मुन्तरिम/रीडर
न्यायिक मजिस्ट्रेट **सिविल जज (क0ख0) महोदय पौड़ी गढ़वाल**

# सामाजिक विज्ञान महोत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में संकुल स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मॉडल, क्विज और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। महोत्सव का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक विज्ञान के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप, मॉडल प्रतियोगिता में सागर जोशी (कक्षा 8, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज) ने प्रथम, मयंक सिंह (कक्षा 7, राजकीय जूनियर हाई स्कूल अमशर कोर्ट) ने द्वितीय, और सागर सिंह (कक्षा 8, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेटी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में नव्या टंगड़िया (कक्षा 8, राजकीय जूनियर हाई स्कूल अमशर कोर्ट) ने प्रथम, मानस रौतेला (कक्षा 6, राजकीय इंटर कॉलेज) ने द्वितीय, और गरिमा (कक्षा 8, राजकीय हाई स्कूल लेटी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में गौरव जोशी (कक्षा 8, राजकीय इंटर कॉलेज) ने प्रथम, मानसी जोशी (कक्षा 8, राजकीय जूनियर हाई स्कूल अमशर कोर्ट) ने द्वितीय, और दिव्या (कक्षा 8, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेटी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक सुरेश राम ने किया, और प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर समन्वयक भावना, कविता नेगी, नवीन पाठक, आलम रामपाल, राजेंद्र सिंह पूना, सुरेश राम, जितेंद्र वर्मा, धना नेगी आदि उपस्थित थे।

# केवीएस को ग्रीन स्टील सर्टिफिकेट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** उत्तराखण्ड में इस्पात उत्पादन के क्षेत्र में कार्यरत काशी विश्वनाथ स्टील्स प्रा. लि. पिछले 40 वर्षो से देश एवं प्रदेश के चहुँमुखी विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र उत्कृष्ट कार्य कर रही है। इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित कार्बन उत्सर्जन के मानकों के निर्धारण हेतु राष्ट्रीय द्वितीयक इस्पात प्रोद्योगिकी संस्थान (एनआईएसएसटी) की ऑडिट रिर्पोट के आधार पर काशी विश्वनाथ स्टील्स प्रा. लि. को ग्रीन स्टील प्रमाणन के लिए चुना गया।

विगत 14 नवम्बर को नई दिल्ली के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान काशी विश्वनाथ स्टील्स प्रा. लि. को संदीप पुंडरीक सचिव (इस्पात) एवं वीके त्रिपाठी संयुक्त सचिव, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार एवं परमजीत सिंह,



डायरेक्टर, एनआईएसएसटी द्वारा ग्रीन स्टील सर्टीफिकेट प्रदान किया गया। ग्रीन स्टील प्रमाण पत्र पाने वाली काशीविश्वनाथ उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड प्रदेश की प्रथम इकाई है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन–2021, जो कि सीओपी 26 के नाम से जाना जाता है। 13 नबम्वर 2021 को ग्लासगो स्कॉटलैण्ड (यूनाइटेड किंगडम) में 26वां जलवायु सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें 197 देशों ने भाग लिया। सम्मेलन में दौरान प्रत्येक देश ने सीओ2 उर्त्सजन को कम करने की प्रतिबद्धता जताई। भारत विश्व में सीओ2 उर्त्सजन का विश्व में तीसरा सबसे बडा उत्सर्जक देश माना जाता है। भारत सरकार ने 2030 तक अपनी ऊर्जा का 50 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय स्रोतो से प्राप्त करने एवं 2070 तक सीओ2 उर्त्सजन की मात्रा शून्य करने का लक्ष्य रखा है।

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत पता: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपंत राव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रत्यावर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रत्यावर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के अधीन

जैसाकि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम के अधीन और नियमों के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत अधिकारो का प्रयोग करते हुए नीचे दिए गए विवरण अनुसार इसमें सूचीबद्ध कर्जदारों/सह कर्जदारों/गारंटरों (सभी को अकेले या एक साथ "बाध्यताधारी" कहा गया है) कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों को संबंधित नोटिसों की तिथियों से 60 दिन के अंदर मांग सूचना मे निर्दिष्ट राशि का भुगतान करने की अपील करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधिन विस्तृत मांग सूचना दिनांक जारी किए गए थे. कथित सूचना की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा तामील की गई हैं और अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैं और यदि कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि चाहें तो किसी भी कार्यालय दिवस को सामान्य कार्यावधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त कर सकते है। उपर्युक्त संबंध में एतद द्वारा कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/ कानूनी प्रतिनिधियों को एक बार पुन: सुचित किया जाता है कि कथित बाध्यताधारियों द्वारा निष्पादित ऋण के करार एवं अन्य दस्तावेजों/विलेखों के साथ पठित नीचे कॉलम (डी) में संबंधित तिथि से भुगतान और/या वसुली की तिथि तक आगामी ब्याज सहित इसमें उनके संबंधित नामों के समक्ष निर्दिष्ट राशि संबंधित सूचना की तिथियों से 60 दिन के अंदर टीसीएचएफएल को भुगतान करें. कथित बाध्यताधारियों द्वारा निम्नलिखित सुरक्षित आस्तियां कर्ज के देय भुगतान की सुरक्षा के रुप में टीसीएचएफएल के लिए गिरवी रखी गई है।

| ऋण खाता नम्बर | बाध्यताकारी का नाम/ कानूनी उत्तराधिकारी (एस) कानूनी प्रतिनिधि (ओं) | कुल बकाया राशि (रु.) निम्न दिनांक तक | डिमांड नोटिस की तिथि एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|
| 10131974 | श्री शैलेंद्र चौधरी (उधारकर्ता) और श्री प्रीति चौधरी (सह-उधारकर्ता) | 11/11/2025 तक, धनराशि रु. 19,22,770/– (रू. उन्नीस लाख बाईस हज़ार सात सौ सत्तर मात्र) | 11-11-2025 07-11-2025 |

सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण गिरवी रखी गई संपत्तियां: 559.70 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली आवासीय संपत्ति, खाता/खतौनी संख्या 1144 (फसल वर्ष 1417–1422) में शमिल, खसरा नंबर 41 मिन, मौजा अठ्ठुरवाला, परगना परवादून, तहसील ऋषिकेश, जिला देहरादून, जिसमें बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाएँ उपलब्ध हैं। सीमाएँ:– पूर्व: अन्य की भूमि (साईट 236.26'), पश्चिम: प्रथम पक्ष की भूमि (साईट 236.26'), उत्तर: मुख्य ऋषिकेश रोड (साईट 23.6'), दक्षिण: अन्य की भूमि (25.5')।

संबंधित मांग सूचना दिनांक में विशेष रुप से निदिष्ट दर पर आगामी ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अदायगी और/या वसूली की तिथि तक उठाया गया आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क इत्यादि. यदिजैसा की ऊपर कहा गया है कथित बाध्यताधारी टीसीएचएफएल को भुगतान नहीं करेंगे तो टीसीएचएफएल खर्च एवं परिणाम के रुप में पूरी तरह से कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों के जोखिम पर कथित अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों / अचल संपत्तियों के लिए कार्यवाही करेगा।

कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि टीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियो को बिक्री, पट्टा या अन्य किसी भी रुप में हस्तांतरित करने के लिए कथित अधिनियम के अधीन प्रतिबंधित हैं.अधिनियम के प्रावधानों या उसके अधीन बने नियमों का उल्लंघन या उल्लंघन करने के लिए उकसाने वाला व्यक्ति अधिनियम के अंतर्गत यथा विहित सजा और/या दंड का पात्र होगा।

दिनांक: 18.11.2025 एसडी/–अधिकृत अधिकारी
स्थान: देहरादून टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।

# कुत्तों ने ही नोंचा था गाय के बछड़े को, फॉरेंसिक ने जुटाए साक्ष्य

## उजाला नगर की घटना में साम्प्रदायिक कुछ नहीं आया नज़र, पुलिस रही मुस्तैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते रविवार की रात बरेली रोड स्थित उजाला नगर क्षेत्र में एक मंदिर व स्कूल के पास गौवंश का सिर मिलने के बाद देर रात तक क्षेत्र में बवाल होता रहा। पुलिस ने किसी तरह से हालात पर काबू पाया, और मामले को शांत कराया। फोरेंसिक टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मौके पर जाकर जांच की है। मामले की जांच शुरू हो गई है। फिलहाल इस घटना में किसी मानव का हाथ नहीं होना सामने आ रहा है। कुत्ते ही एक नवजात बछड़े को नोच कर वहां तक ले गए थे। सांप्रदायिक घटना के साक्ष्य नजर नहीं आ रहे, तो वहीं फोरेंसिक टीम ने मौके से कई साक्ष्य जुटाए है। बता दें कि बरेली रोड पर शमा रेस्टोरेंट के पीछे चंद्रेश्वर महादेव मंदिर के पास अलीगढ़ पब्लिक स्कूल है। बीते रविवार की शाम करीब सात बजे एक गौवंशीय पशु का कटा हुआ सिर यहां मिला। इसके बाद यहां कई लोग आकर जमा हो गए। देखते ही देखते 200 से ज्यादा लोगों की भीड़ ने उपद्रव करना भी शुरू कर दिया। बाद में किसी तरह से मामले को शांत किया गया। अब सोमवार की सुबह फोरेंसिक टीम पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने सीसीटीवी के आधार पर साक्ष्य जुटाना शुरू किए। गौवंश के मांस के टुकड़ों को इकठ्ठा किया है। पुलिस के अनुसार पास में एक बगीचे में एक गौवंश ने बछड़े को जन्म दिया था। उसके बाद से अभी तक जांच में यही सामने आ रहा है कि उस बछड़े पर कुत्ते ने हमला कर दिया। किसी तरह जन्म देने वाली गौवंश वहां से चली गई। सीसीटीवी में भी नजर आ रहा है कि एक कुत्ता नवजात गौवंश के शरीर के हिस्से को स्कूल के पास छोड़ कर गया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू कर दी है। उनकी रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी। जबकि सोमवार को भी फोरेंसिक टीम ने को मौके पर पहुंचकर कई साक्ष्य जुटाए।



### पछास ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते रविवार की देर शाम हल्द्वानी के बरेली रोड क्षेत्र में उपद्रवी तत्वों ने अचानक तोड़फोड़ और पत्थरबाजी कर शहर के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया। प्रारंभिक जानकारी और समाचार रिपोर्टों के अनुसार एक कुत्ता कहीं से मांस का टुकड़ा उठाकर ले आया, जिसे गौवंशीय बताकर उपद्रवियों ने हिंसा का बहाना बनाया और शहर में साम्प्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश की। पछास के महेश ने कहा घटना के दौरान सीसीटीवी फुटेज और पुलिस जांच का इंतजार किए बिना, पुलिस की मौजूदगी में ही उपद्रव किया गया। पीलीकोठी क्षेत्र में 15-20 लोगों की भीड़ ने एक मुस्लिम दुकानदार पर हमला किया, दुकान में तोड़फोड़ की और बीच-बचाव करने आए स्थानीय नागरिकों को भी धमकाया। परिवर्तनकामी छात्र संगठन पछास ने हल्द्वानी में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की नीयत से किए गए इन हमलों की कड़ी निंदा की है। संगठन ने मांग की है कि ऐसे दंगाइयों को उनकी अपराध की गंभीरता के आधार पर तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

### थानाध्यक्ष की तहरीर पर 50 अज्ञात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा एसओ सुशील कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 50 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि असमाजिक तत्वों ने भीड़ को एकत्रित कर हल्द्वानी शहर के विभिन्न हिस्सों में अनावश्यक गतिविधियां की। पथराव और तोड़-फोड़ की। वाहनों को भी क्षतिग्रस्त किया और साथ ही राहगीरों के साथ भी मारपीट की। शमा रेस्टोरेंट के पास 40 से 50 उपद्रवियों ने तोड़-फोड़ और पथराव किया। टैम्पो चालक के साथ भी मारपीट की। देर रात ही पुलिस ने बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील जोशी की तहरीर के आधार पर उपद्रवियों के खिलाफ धारा 115(2), 125, 191(1), 191(2), 324(4), और 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### पुलिस की मौजूदगी में खुला शमा रेस्टोरेंट

**हल्द्वानी।** गौवंश का सिर मिलने के बाद बरेली रोड स्थित शमा रेस्टोरेंट पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया था। सोमवार की सुबह रेस्टोरेंट के पास पुलिस मौजूद रही और रेस्टोरेंट खोला गया। रेस्टोरेंट के अंदर गतिविधियां सामान्य चल रहीं थीं और ग्राहक अंदर खाना भी खा रहे थे। इधर अलीगढ़ पब्लिक स्कूल के पास भी पुलिस मौजूद रही। साथ ही बरेली रोड पर अन्य जगह भी पुलिस बल को तैनात किया गया था। पुलिस के अनुसार मुखबिर तंत्र भी पूरी तरह से अलर्ट है और सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। पुलिस ने लोगों से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की है।

## फिज़ा बिगाड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाईः एसएसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बरेली रोड उजाला नगर क्षेत्र में पशु का सिर मिलने की सूचना फैलते ही बीती रात क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी नैनीताल डा. मंजूनाथ टीसी ने तुरंत पुलिस और खुफिया टीमों को मौके पर भेजा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि एक कुत्ता जंगल की ओर से यह अंग लेकर आता दिखाई दिया। स्थानीय स्तर पर की गई पड़ताल में भी यह संकेत मिले कि जंगल क्षेत्र में किसी पशु के ब्याने के बाद यह हिस्सा बाहर लाया गया। पुलिस ने तथ्यों को स बंधित संगठनों के साथ साझा किया जिसके बाद स्थिति शांत हो गई। पुलिस ने अवशेष को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। वहीं कुछ असामाजिक तत्वों ने भीड़ जुटाकर कुछ स्थानों पर उपद्रव व तोड़फोड़ की। पुलिस ने इसे कानून व्यवस्था के खिलाफ गंभीर मानते हुए ऐसे सभी लोगों की पहचान कर रही है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चार सीओ, सभी थानाध्यक्ष, पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व पीएसी को तैनात किया गया है। पीएचक्यू व रेंज कार्यालय से अतिरिक्त पुलिस बल भी हल्द्वानी को भेजा जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर पैरामिलिट्री फोर्स की मांग भी की गई है। पूरे क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि शहर में कहीं भी उपद्रव करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई होगी। सभी संवेदनशील क्षेत्रों में अभिसूचना तंत्र सक्रिय, उपद्रवियों की वीडियोग्राफी कर पहचान की जा रही है। इसके अलावा सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सक्रिय है और भड़काऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे शांति बनाए रखे, अफवाहों से दूर रहे और किसी भी संदिग्ध जानकारी की सूचना पुलिस को दें।



### साम्प्रदायिक रंग देने वालों पर हो सख्त कार्रवाईः सुमित हृदयेश

**हल्द्वानी।** शहर में फैली अफवाहों के बीच विधायक सुमित हृदयेश ने शांति बनाए रखने की अपील की है। विधायक सुमित ने चिंता जताते हुए कहा कि कुछ लोग मामले को साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं, जो हल्द्वानी की आपसी सौहार्द की भावना के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण पर डीएम और एसएसपी से विस्तारपूर्वक फोन पर बातचीत हुई है। प्रशासन और पुलिस दोनों स्थिति पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है। पुलिस के पास संबंधित फुटेज और आवश्यक साक्ष्य उपलब्ध है, जिनकी गहन जांच जारी है। उन्होंने पुलिस कप्तान से आग्रह किया है कि निष्पक्ष और पारदर्शी खुलासा यथाशीघ्र जनता के समक्ष किया जाये, ताकि सत्य सामने आ सके और लोग किसी भी प्रकार की गलतफहमी या भ्रम में न रहे। हल्द्वानी की शांति और सद्भावना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए लोगों से अपील है कि वे कि वे धैर्य रखें, संयम बरतें और पुलिस को पूरी तरह से अपना काम करने दें। पुलिस इस प्रकरण की तह तक जाकर सच्चाई को उजागर करेगी और जो लोग शहर की फिजा बिगाड़ने या इस घटना को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास कर रहे हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी।

बीते रविवार बरेली रोड में हुई मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। पहला मुकदमा 40-50 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ पथराव और अन्य उपद्रव की घटनाओं के लिए दर्ज किया गया। दूसरा मुकदमा हिंदूवादी नेता रविंद्र गुप्ता की तहरीर पर एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ, प्रतिबंधित पशु के अवशेष को लेकर दर्ज किया गया। घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों के साथ ही सर्विलांस से भी जांच की जा रही है। उपद्रव करने वाले आरोपियों की जा रही है। उस क्षेत्र के आस-पास पुलिस बल तैनात किया है, फिलहाल शहर में शांति व्यवस्था कायम है।

**मनोज कत्याल, एसपी सिटी**

## अराजकता की चौतरफा निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के बरेली रोड स्थित एक स्थान पर रविवार को जानवर का सिर मिलने की घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। इस बीच भाकपा (माले) नैनीताल के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने आरोप लगाया कि कुछ कथित हिंदूवादी संगठन इस प्रकार की स्थितियों का इस्तेमाल करके साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। डा. पाण्डेय के अनुसार, इससे पहले भी बनभूलपुरा से लेकर कमलुआगांजा तक कई घटनाओं को साम्प्रदायिक रंग देने की कोशिशें देखी गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी घटनाओं की आड़ में मुस्लिम समुदाय की दुकानों, घरों और प्रतिष्ठानों पर हमले किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त तत्व खुले तौर पर नफरत भरी भाषा का प्रयोग करते हैं, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के भीतर भय का वातावरण उत्पन्न होता है। उन्होंने मांग की कि साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों तथा तोड़फोड़ में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दलों, प्रगतिशील संगठनों, लोकतांत्रिक नागरिकों और पूरे समाज से आह्वान किया कि ऐसी विभाजनकारी राजनीति का सामूहिक विरोध किया जाए, ताकि एक सौहार्दपूर्ण समाज का निर्माण किया जा सके।

### कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा न जाए: व्यापारी

हल्द्वानी। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने गोवंश मामले में पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्स्वाण और प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले में स्पष्ट और पारदर्शिता से जांच करे कि आखिरकार यह घटना कैसे घटित हो गई और इस घटना में जो भी दोषी पाया जाता है उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये। साथ ही कानून को अपने हाथों पर लेने वालों को भी नहीं बक्शा जाये जिससे शहर का अमन चौन बिगड़े और फिर माहौल खराब हो। निष्पक्ष जांच की मांग करने वालों में संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, कुंदन बिष्ट, राकेश गुप्ता, अश्मित गुजराल, गौरव अग्रवाल, भुवन जोशी, कुंदन रावत, ललित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## नगर निगम द्वारा फड़ फेरी व्यवसायियों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर आयुक्त परितोष वर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम सभागार में सोमवार को शहर के फड़-फेरी व्यवसायी संगठनों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त ने बताया कि निगम की ओर से 1826 फड़-फेरी व्यवसायियों को फेरी पहचान पत्र एवं फेरी प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके हैं। उन्होंने सभी फेरी व्यवसायियों से अपील की कि वे अपने ठेले पर पहचान पत्र एवं प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से साथ रखें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी फेरी व्यवसायी नगरीय फेरी समिति द्वारा निर्धारित 4 बाई 6 फीट के ठेले पर ही व्यवसाय करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई फेरी व्यवसायी निर्धारित नियमों के विरुद्ध ठेला लगाता है या यातायात में अवरोध उत्पन्न करता है तो उसका फेरी पहचान पत्र एवं प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया जाएगा। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि वेंडिंग जोन चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है। उन्होंने सभी फड़-फेरी व्यवसायियों से आग्रह किया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर निगम का सहयोग करें तथा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करें।

## संविधान दिवस की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संविधान दिवस 26 नवंबर को भव्य रूप से मनाने की तैयारियों को लेकर मूलनिवासी संघ की महत्वपूर्ण सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता जीआर टम्टा ने की, जबकि संचालन एडवोकेट गंगा प्रसाद ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार करना और आयोजन हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन करना था। सभा को संबोधित करते हुए मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चनियाल ने बताया कि संविधान दिवस कार्यक्रम इस वर्ष पूरे भारत में एक समान रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यक्रम के तहत लगभग 2 से 3 किलोमीटर लंबा पैदल जुलूस निकाला जाएगा, जिसके सबसे आगे राष्ट्रीय ध्वज होगा और परंपरागत राम ढोल बजाया जाएगा। यह जुलूस तिकोनिया बुद्ध पार्क पहुंचकर सभा में परिवर्तित होगा, जहां संविधान के मौलिक अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने बताया कि 24-25 नवंबर को माइक द्वारा प्रचार-प्रसार किया जाएगा और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को संविधान दिवस कार्यक्रम में आमंत्रित करेंगे। सभा में जीआर टम्टा, दीपक चनियाल, नफीस अहमद खान, आरपी गंगोला, शंकर लाल, सुंदरलाल बौद्ध, हरिप्रसाद लोहिया, पीआर टम्टा, महेश चंद्र आर्य, हरीश लोधी, संजय कुमार टम्टा, आरआर आर्य, प्रेम राम, बालकिशन राम, हरिराम मौजूद रहे।



### कोल्ट्स सेमीफाइनल में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कोल्ट्स क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में हल्द्वानी कोल्ट्स क्लब के मैदान में कराई जा रही अंडर-14 स्व. पूरन चन्द्र बल्यूटिया मेमोरियल बहु दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के बारहवे मैच में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले दिन अपनी पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने 3 विकेट के नुकसान पर 353 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। हर्ष भगत ने 108, हर्षित धामी ने 86, और कार्तिक ने 42 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमएस क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम अपनी पहली पारी में 68 रनों पर आल आउट हो गई। जबकि कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने अपनी दूसरी पारी में वंश रावत के नाबाद 107, जयवर्धन के नाबाद 85, अंशपाल के 80 और अर्जुन मोहन के 65 रनों की बदौलत 409 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। अपनी दूसरी पारी में 695 रनों का लक्ष्य पूरा करने उतरी एमएस स्पोर्ट्स अकादमी की पूरी टीम 91 रन बनाकर आल आउट हो गई। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने 603 रनों के बड़े अंतर से मैच जीतकर पुरे दो अंक हासिल किये। मैन ऑफ़-द मैच का पुरस्कार कोल्ट्स क्रिकेट के गेंदबाज हरमन के नाम रहा। मैच में अंपायर की भूमिका गौरव नेगी और प्रिंस रहे जबकि स्कोरर की भूमिका रवि सिंह थे। इस मौके पर नीरज बल्यूटिया, आनंद बिष्ट, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, संजय चौधरी, विक्रम बोरा, धर्मेंद्र पाल, प्रशांत भंडारी, प्रकाश रावत, विजय आर्या, सोनू आर्या, प्रकाश भगत, मनोज पंत आदि मौजूद रहे।

## पत्रकार गणेश पाठक हुए सम्मानित




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा की ओर से सोमवार को भारतीय प्रेस दिवस पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात पत्रकार दिलीप चौबे रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार गणेश पाठक को सम्मानित किया गया।

पत्रकारिता को वैचारिक उद्म की तरह मानने वाले संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डा. दिलीप चौबे ने कहा कि 16वीं सदी से प्रिंट मीडिया का इतिहास शुरु होता है। देश में औपनिवेशिक सत्ता से संघर्ष का इतिहास रहा है। आजादी से 80 के दशक तक मीडिया एक आदर्श से बंधा हुआ था, सटीक व संतुलित खबरें दी जाती थी। तकनीकी के आगमन के बाद प्रिंट मीडिया के वर्चस्व को टेलीविजन ने तोड़ा। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि मीडिया में तकनीकी के आने से पत्रकारिता का स्वरूप बहुत बदल चुका है, ऐसे समय में अभिव्यक्ति कौशल भी बचा रहे, जनसरोकार भी बचे रहे ये बहुत जरूरी है आज की युवा पीढ़ी के लिए। सोशल मीडिया में काम कर रहे लोगों के लिए भी बहुत जरूरी है कि वह नए कौशलों के साथ पत्रकारिता के मानकों को भी बनाए रखें। संगोष्ठी में विशिष्ट वक्ता और एक दैनिक अखबार के संपादक विजय यादव ने कहा कि प्रिंट मीडिया एक दस्तावेज की तरह है, जहां हर चीजे सहेजी हुई होती है। आज हम सूचना युग में है, सूचनाओं का समुद्र हमारे सामने है। ऐसे दौर में प्रिंट मीडिया के सामने बहुत चुनौतियां है, क्योंकि खबरों की तात्कालिकता बढ़ गई है। पत्रकार गणेश पाठक ने कहा कि पत्रकारिता एक ऐसे मुकाम पर आ चुकी है कि अब हर तीसरा व्यक्ति पत्रकार बन गया है। पत्रकारिता की विश्वसनीयता पर इससे असर पड़ा है। पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन विद्याशाखा के निदेशक प्रो. राकेश चंद्र रयाल ने भारतीय प्रेस दिवस के इतिहास पर बहुत विस्तार से बात रखी। इस मौके पर ओपी नेगी, जगमोहन रौतेला, दया पांडे, चंद्रशेखर भट्ट, विपिन चंद्रा, नवीन चंद्र पाठक, नीमा पाठक, गणेश जोशी, भूपेंद्र सिंह, प्रो. पीडी पंत, प्रो. गिरिजा पांडे, जितेंद्र पांडे, एमएम जोशी, कल्पना लखेड़ा, शैलेंद्र टम्टा, पूर्णिमा, सुनील श्रीवास्तव, डा. शशांक शुक्ला, डा. राजेंद्र क्वीरा आदि मौजूद रहे।

## अल्ट्रासाउंड की तकनीक समझाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग और सोसाइटी ऑफ फिटल मेडिसिन के संयुक्त तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एचसी पंत ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में पीजी छात्र-छात्राओं को आधुनिक अल्ट्रासाउंड तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

विभागाध्यक्ष प्रो. गोदावरी जोशी, डा. महिमा मौर्या, डा. भारती गहतोड़ी सहित विशेषज्ञ संकाय सदस्यों ने विषय विशेष पर विस्तृत व्या यान दिये। आमंत्रित विशेषज्ञ चिकित्सक डा. अशोक खुराना एवं डा. कृष्ण गोपाल ने आधुनिक तकनीक की सहायता से गर्भवती महिलाओं की अल्ट्रासाउंड जांच कर विद्यार्थियों को व्यवहारिक जानकारी दी। विभागाध्यक्ष प्रो. गोदावरी जोशी ने बताया कि वरिष्ठ संकाय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला से विद्यार्थियों को उन्नत अल्ट्रासाउंड तकनीकों का लाभ मिलेगा, जिससे क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायता होगी। चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थी प्रशिक्षण को सुदृढ़ बनाते है और मरीजों के उपचार में प्रत्यक्ष लाभ पहुंचता है। इस अवसर पर डा. महिमा रानी, डा. पूनम बिष्ट, डा. पल्लवी पंत, डा. अनुश्री बंसल सहित विभागीय संकाय सदस्य और पीजी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




## 'म्यर पहाड़ ढकी द्वार' रिलीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड राज्य गठन के समय पूरे पहाड़ में अपार खुशी का माहौल था। जनकवि स्व. हीरा सिंह राणा ने उत्साह में गीत गाया उत्तराखण्ड राज हैगो गीत गहाओ, फुको हो रणसिंघ, नगार ढोल बजाओ और जनकवि आनंद बल्लभ पपनै ने लिखा उत्तराखण्ड राज छा, के बातैकी कमती रौली। उम्मीद थी कि पहाड़ का विकास होगा और पलायन थमेगा। लेकिन 25 साल बाद तस्वीर ठीक उलट दिखती है, गांव वीरान, घरों में ताले और कई बस्तियां खंडहर बन चुकी हैं। राज्य स्थापना दिवस जहां शहरों में धूमधाम से मनाया जाता है, वहीं पहाड़ आज भी खामोश है। इसी सच्चाई को केंद्र में रखकर प्रस्तुत किया गया है नया गीत म्यर पहाड़ ढकी द्वार, जो पहाड़ से लगातार हो रहे पलायन की पीड़ा को बेहद संवेदनशीलता से दर्शाता है। गीत के माध्यम से बताया गया है कि खेत-खलिहान बंजर पड़े हैं, जंगली जानवरों के आतंक से लोग भयभीत हैं, और लोकदेवताओं के मंदिर तक जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में पहुंच चुके हैं। रचनाकार का मानना है कि यदि सरकार पहाड़ में रोजगार उपलब्ध कराए, तो पलायन थमेगा और पहाड़ में एक बार फिर से रौनक लौट आएगी। इस गीत की रचना अवकाश प्राप्त अध्यापक एवं प्रसिद्ध साहित्यकार आनंद बल्लभ पपनै ने की है, 1970 के दशक से उनकी रचनाएं आकाशवाणी लखनऊ और नजीबाबाद से प्रसारित होती रही हैं। गीत को लोकगायक नवीन पाठक और दिलीप कुमार ने अपनी आवाज़ से सजाया है, और इसे उत्तरांचल सीरीज़ यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया गया है। गीत अपने शब्द, संगीत और भावनाओं से पहाड़ की आत्मा को छू लेने वाला है।

## हाई कोर्ट के कड़े रुख पर हरकत में स्वास्थ विभाग

### स्वास्थ्य महानिदेशक सुनीता टम्टा ने जिला अस्पताल की जानी हकीकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य में खासकर जिला अस्पतालों के रेफरल सेंटर होने तथा पर्वतीय इलाकों की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हाईकोर्ट के गंभीर रुख के बाद स्वास्थ्य महकमा हरकत में आया है। मामले में खुद स्वास्थ्य महानिदेशक डा. सुनीता टमटा ने सोमवार को नैनीताल के राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की हकीकत जानी और डाक्टर आवास व ट्रांजिट हॉस्टल निर्माण की प्रगति देखी। स्वास्थ्य महानिदेशक डा.सुनीता टमटा ने अस्पताल में एक सप्ताह से बंद सिटी स्कैन तथा अर्से से बंद ऑक्सीजन प्लांट का संज्ञान लेते हुए एक सप्ताह में व्यवस्था में सुधार का दावा किया। महानिदेशक डा. टम्टा ने प्रदेश में 50 प्रतिशत विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी स्वीकारते हुए कहा अगले 5 साल के भीतर यह कमी दूर हो जाएगी तब तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवानिवृत आयु 60 से बढ़ाकर 65 करने समेत एनएचएम के तहत अब तक 34 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति होने तथा आगे यह प्रक्रिया जारी होने के अलावा युकोड के तहत 35 विशेषज्ञ चिकित्सक हायर कर वैकल्पिक इंतजाम होने का दावा भी किया। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर होने के बाद मरीजों के दबाव वाले अस्पतालों को विशेषज्ञ चिकित्सक तैनाती में प्राथमिकता दी जाएगी। एमबीबीएस चिकित्सक को तीन साल तक सेवा के बाद ही उच्च शिक्षा पढ़ाई पर जाने की अनुमति दी जाएगी इस नियम को कैबिनेट के समक्ष रखा जा रहा है जबकि विशेषज्ञ चिकित्सक को सुपरस्पेशलिटी के लिए पांच साल सेवा के बाद ही जाने की अनुमति देने का प्रविधान किया जा रहा है। सोमवार को नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पाण्डे जिला अस्पताल के निरीक्षण के बाद महानिदेशक ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि राज्य के सभी 13 जिलों के जिला अस्पतालों में सिटी व अल्ट्रासाउंड की सुविधा है जबकि स्टाफ की कमी से आईसीयू संचालन में कठिनाई आई है, जिसे दूर किया जा रहा है। उन्होंने अस्पतालों के रेुरल सेंटर बनने के सवाल पर कहा कि राज्य में केवल रेुर मरीजों का प्रतिशत 3 है जबकि 5 प्रतिशत तक सामान्य मानक माना जाता है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चौखुटिया में जनता की अधिकांश मांगों को पूरा किया जा चुका है अगले दो माह के भीतर वहां विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती कर दी जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली के मामले में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की जनहित याचिका पर सुनवाई मंगलवार आज को होनी है। मामले में कोर्ट ने सचिव स्वास्थ्य व महानिदेशक को तलब किया है।

## नारायणी सेवा समिति ने लगवाया रक्तदान शिविर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नारायणी सेवा समिति के तत्वावधान में वृहद स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हल्द्वानी के वार्ड नंबर 17 हीरानगर में स्थित पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के निकट नारायणी सेवा समिति के कार्यालय में आयोजित हुआ। शिविर कुल 103 लोगों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। समिति के संस्थापक अध्यक्ष रूद्राक्ष सिंह बिष्ट ने रक्तदान शिविर में शामिल सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान की श्रेणी में आता है, और यह समाज के प्रति एक बेहद महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि समिति भविष्य में इसी प्रकार रक्तदान शिविरों का आयोजन नियमित अंतराल पर करती रहेगी, ताकि जरूरतमंदों तक रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

### दीप चंद्र पांडे ने जीते दो गोल्ड मेडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के दीप चंद्र पांडे ने भारतीय वन खेल कूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल जीतकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 12 से 16 नवंबर तक देहरादून स्थित महाराणा स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से 35,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दीप चंद्र पांडे ने वेटर्न कैटेगरी सिंगल और मिक्स्ड डबल कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतने में सफलता पाई। वह वर्तमान में तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी में कार्यरत हैं। दीप ने मिश्रित युगल प्रतियोगिता में ज्योति जोशी के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि बैडमिंटन ओपन कैटेगरी में हिमांशु तिवारी ने एकल चैंपियनशिप और मोहित तिवारी व हिमांशु तिवारी ने ओपन डबल्स में गोल्ड मेडल खिताब जीता।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विंडीज के खिलाफ शेष वनडे में मिशेल का खेलना संदिग्ध

**क्राइस्टचर्च, वार्ता।** विंडीज के खिलाफ मैच जिताऊ शतक बनाने वाले न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल का कमर में खिचाव की परेशानी के कारण शेष वनडे सीरीज में खेलना संदिग्ध है। हेगले ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे में 119 रनों की शतकीय पारी खेलने वाले डेरिल मिशेल को मैच के दौरान कमर में खिचाव की समस्या का सामना करना पड़ा था। उन्हें अपनी बाईं कमर का स्कैन करवाना होगा। न्यूजीलैंड ने बताया कि मिशेल स्कैन के लिए क्राइस्टचर्च में ही रुकेंगे। मेडिकल अपडेट से बाकी श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता तय होने की उम्मीद है, और हेनरी निकोल्स को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है।

### पुर्तगाल ने फीफा विश्व कप में अपनी जगह पक्की की

**बर्लिन, वार्ता।** जोआओ नेवेस और ब्रूनो फर्नांडीस की हैट्रिक की बदौलत पुर्तगाल ने पोर्टो में आर्मेनिया को 9-1 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। कप्तान रोनाल्डो के निलंबन के बाद, पुर्तगाल ने रविवार को पोर्टो में अपनी नई अग्रिम पंक्ति के साथ मैदान में उतरकर जल्द ही मैच पर नियंत्रण हासिल कर लिया। रेनाटो वेइगा ने सातवें मिनट में गोल करके शुरुआती बढ़त दिलाई, जिससे मेजबान टीम के पास गेंद पर कब्जा करने का दबदबा बना रहा। आर्मेनिया ने 18वें मिनट में पहला अच्छा मौका पाकर बराबरी कर ली, लेकिन पुर्तगाल ने तेजी से जवाबी हमला किया व रामोस ने 10 मिनट बाद गोलकर बढ़त हासिल कर ली, जिसके बाद नेवेस ने दो और फर्नांडीस ने एक और गोल करके रॉबर्टो की टीम को हाफटाइम तक 5-1 से आगे कर दिया।

# अनुया प्रसाद ने स्वर्ण व प्रांजलि धूमल ने जीता रजत पदक

## अनुया ने डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की अनुया प्रसाद और उनकी साथी प्रांजलि प्रशांत धूमल ने यहां आयोजित 25वें ग्रीष्मकाल. ीन डेफलिपिक में निशानेबाजी की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। अनुया ने स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही डेफ फाइनल विश्व रिकॉर्ड भी तोड़ा और प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई।

क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले अभिनव देशवाल ने पुरुषों की स्पर्धा में रजत पदक जीता। इसी के साथ दो दिनों की प्रतियोगिता के बाद डेफलिपिक में भारत के निशानेबाजी पदकों की संख्या सात हो गई।

अनुया ने फाइनल की पहली सीरीज में 52.5 का स्कोर बनाया और पूरी प्रतियोगिता में अपनी बढ़त बनाए रखी और अंतत: 241.1 के अंतिम स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रांजलि से 4-3 अंक अधिक था। प्रांजलि ने 236.8 का स्कोर के साथ रजत पदक जीता। ईरान की महला समी ने कांस्य पदक जीता। इससे पहले क्वालीफिकेशन में, प्रांजलि ने अपने ही विश्व और डेफलिपिक रिकॉर्ड तोड़ दिए थे, उन्होंने 572.12ग का स्कोर बनाया, जिससे क्रमश: 568 और 561 के पिछले रिकॉर्ड बेहतर हुए। पुरुषों की स्पर्धा में, अभिनव देशवाल ने 235.2 का स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। कोरिया के ताए यंग किम ने 238.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि क्रोएशिया के बोरिस ग्रामन्याक ने 215.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। अभिनव ने क्वालीफिकेशन में 576 अंक बनाकर विश्व और डेफलिम्पिक्स विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय रुद्र विनोद कुमार 549 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में 12वें स्थान पर रहे। एयर राइफल मिश्रित टीमें कल प्रतिस्पर्धा करेंगी।




# सिनर ने दूसरी बार जीता एटीपी फाइनल्स का खिताब

### इटली के टेनिस स्टार खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल में स्पेन के अल्काराज को हराया

**इटली, वार्ता।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फाइनल मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर लगातार दूसरी बार अपना एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता।

सिनर ने रविवार को खेले गए खिताबी मुकाबले में विश्व के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी अल्काराज को 7-6 (7-4), 7-5 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। सिनर ने पिछले तीन एटीपी फाइनल्स चैंपियनशिप मैचों में शामिल रहे हैं और उन्होंने लगातार दूसरी बार खिताब जीता है। 2023 के संस्करण में उन्हें सर्बिया के नोवाक जोकोविच से हार का सामना करना पड़ा था। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि कार्लोस के खिलाफ खेलना मुश्किल था। वह खेल में वापसी करने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। मैं बहुत खुश हूं। यह बहुत ही कठिन मैच था। इस सीजन का इस तरह अंत करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। सिनर और अल्काराज ने साल के चारों ग्रैंड स्लैम खिताब बराबरी पर जीते हैं, जिसमें सिनर ने ऑस्ट्रेलियन और विबलडन का खिताब जीता, जबकि स्पेनिश खिलाड़ी ने फ्रेंच और यूएस ओपन में जीत हासिल की। ट्यूरिन में ग्रुप चरण में तीन जीत के बाद, अल्काराज ने साल के अंत में नंबर वन रैंकिंग हासिल की, सिनर दूसरे स्थान पर हैं।

# गुरप्रीत ने काहिरा में जीता रजत

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 के अधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मिस्र के काहिरा स्थित ओलंपिक शूटिंग रेंज में आयोजित प्रतियोगित में गुरप्रीत सिंह को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का यह दूसरा व्यक्तिगत पदक है, पहला पदक भी उन्होंने 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता था। फ्रांस के यान पियरे लुई फिड्रिसी ने कांस्य पदक जीता। गुरप्रीत ने दो दिनों की प्रतियोगिता में प्रिसिशन और रैपिड चरणों में कुल 584 अंक हासिल किए, जबकि कोरोस्टाइलोव ने 29 इनर 10 और अंतिम रैपिड राउंड में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय निशानेबाज प्रिसिशन चरण के बाद 288 अंक



● गुरप्रीत सिंह 25 मी. सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में यूक्रेन के पावलो से हारे

(95,97,96) के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर थे। उन्होंने दूसरे दिन वापसी करते हुए रैपिड चरण में 296 अंक (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 के स्कोर के साथ अग्रणी रहे यूक्रेनी निशानेबाज ने रैपिड चरण में 293 अंक का स्कोर बनाकर गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और स्वर्ण पदक जीता। प्रिसिशन चरण के बाद 291 अंक के साथ पदक की दौड़ में शामिल हरप्रीत सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे, रैपिड चरण में केवल 286 अंक ही बना सके, जिससे वे अंतत: नौवें स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में शामिल अन्य भारतीय निशानेबाज, साहिल चौधरी 561 अंक के साथ 28वें स्थान पर रहे। तीनों निशानेबाज टीम पदक तालिका से बाहर रहे और पांचवें स्थान पर रहे। भारत ने विश्व चैंपियनशिप में कुल 13 पदकों (तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक जीते, जबकि दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक जीते। 10 मीटर एयर पिस्टल में सम्राट राणा, 50 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में रविदर सिंह और 10 मीटर पुरुष एयर पिस्टल टीम ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि 50 मीटर थ्री पोजशिन पुरुष में ऐश्वर्य प्रताप, 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में अनीश, 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल में गुरप्रीत सिंह, 10 मीटर एयर पिस्टल पदक जीता।

### भारत के काले और लोपेज की जोड़ी ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ युगल खिताब जीता

**जाम्बिया, वार्ता।** भारतीय शटलर अनुज काले और इयान लोपेज की जोड़ी ने अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना की जोड़ी को हराकर बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीता। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सेंटर में रविवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए बैडमिंटन रैंकिंग में 386वें स्थान पर काबिज काले और लोपेज ने 26 मिनट तक चले मुकाबले में हमवतन और दुनिया की 618वें नंबर की जोड़ी अचुतादित्य राव डोड्डावरापु और अर्जुन रेड्डी पोचाना को 21-9, 21-13 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले इस युवा भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में जाम्बिया के गैनलियन डोंग और डाकिग हू की जोड़ी को सीधे गेमों में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। दोनों खिलाड़ियों के लिए यह उनका पहला बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन खिताब है। इस बीच, पुरुष एकल में, भारत के हेमंत गौड़ा 44 मिनट तक चले फाइनल में यूएई के शशांक साई मुन्नांगी से 21-11, 13-21, 12-21 से हारकर उपविजेता रहे। चौथी वरीयता प्राप्त और 370वीं रैंकिंग वाले गौड़ा ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष वरीयता प्राप्त एप्रैम स्टीफन सैम को हराकर शानदार उलटफेर किया था। लेकिन पहला गेम जीतने के बावजूद खिताबी मुकाबले में वह हार गए।

### भारतीय टीम सुल्तान अजलान शाह कप के लिए मलेशिया रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 23 से 30 नवम्बर तक होने वाले 31वें सुल्तान अजलान शाह कप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोमवार तड़के बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मलेशिया के इपोह के लिए रवाना हुई। इस संस्करण में भारत 23 नवम्बर को अपने शुरुआती मैच में कोरिया से भिड़ेगा, उसके बाद राउंड-रॉबिन चरण में बेल्जियम, मेजबान मलेशिया, न्यूजीलैंड और कनाडा के खिलाफ मैच होंगे। लीग चरण के अंत में शीर्ष दो टीमें 30 नवम्बर को होने वाले फाइनल में अपनी जगह पक्की करेंगी। पिछले कुछ हफ्तो से भारतीय टीम ने बेंगलुरु में अभ्यास किया है। डिफेंडर संजय टूर्नामेंट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। कप्तान संजय ने कहा कि हम सुल्तान अजलान शाह कप का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीम ने पिछले कुछ हफ्तो में कड़ी मेहनत की है, सामरिक अनुशासन और फिटनेस दोनों पर ध्यान केंद्रित किया है। यह टूर्नामेंट हमेशा एक बेहतरीन प्रतिस्पर्धी माहौल और मजबूत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खुद को परखने का मौका प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार और प्रेरित हैं।

# गिल को मिली अस्पताल से छुट्टी



● द. अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण हुए थे भर्ती

**कोलकाता, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गर्दन में आई अकड़न के इलाज के बाद भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हालांकि अगले शनिवार को गुवाहाटी में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी को लेकर अभी भी संशय बना हुआ है, क्योंकि टीम प्रबंधन उनके कार्यभार को ध्यान में रखकर ही अंतिम निर्णय लेगा।

गिल अब होटल में अपने साथी खिलाड़ियों से जुड़ेंगे। लेकिन ऐसा माना जा रहा कि वह मंगलवार सुबह कोलकाता में होने वाले अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लेंगे। पूरी टीम बुधवार को गुवाहाटी के लिए उड़ान भरेगी। लेकिन चूंकि गिल गर्दन की समस्या से उबर रहे हैं और वाणिज्यिक उड़ान (कमर्शियल एयर ट्रैवल) की सलाह आमतौर पर ऐसे खिलाड़ियों को नहीं दी जाती। इसलिए ऐसी अटकलें हैं कि वह टीम के साथ उस दिन यात्रा न करें। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद बताया कि शुभमन गिल की फॉटिनेस पर मेडिकल टीम लगातार नजर बनाए हुए है और फिजियो जल्द ही उनकी एक और जांच करेगा।

चौथी पारी में गिल के बाहर होने से भारत के पास एक बल्लेबाज कम रह गया था और कम स्कोर वाले मुकाबले में यह कमी सीधे असर डाल गई। गंभीर ने माना कि यह स्थिति आसान नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह एक चुनौती भरी परिस्थिति थी। शुरुआत से हम जानते थे कि हमारी बल्लेबाजी में एक खिलाड़ी कम है। शुभमन उपलब्ध नहीं थे और लंच से पहले दो विकेट गिर गए, तो व्यवहारिक तौर पर हम तीन विकेट खो चुके थे। फिर भी हमें भरोसा था कि अगर एक पचास रन की साझेदारी या दो चालीस रन की साझेदारियां बन जातीं, तो मैच की दिशा अलग हो सकती थी। अगर गिल गुवाहाटी टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो उनके स्थान के लिए बी साई सुदर्शन और देवदत्त पड़िक्कल को विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है। पड़िक्कल ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में एक-एक टेस्ट खेला था। अगर टीम एक बदलाव तक सीमित रहती है, तो भारत की अगली इलेवन में सात बाएं हाथ के बल्लेबाज शामिल होंगे। कोल. काता टेस्ट में भारत ने पहली बार छह बाएं हाथ के बल्लेबाज खिलाए थे। ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने अपने आठ में से छह विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों को आउट करके इस कमजोरी को उजागर भी किया, जबकि पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर एडन मारक्रम ने भी एक विकेट लिया था।

# संगकारा निभाएंगे आरआर के क्रिकेट निदेशक और मुख्य कोच की दोहरी भूमिका

**जयपुर, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के दौरान कुमार संगाकारा राजस्थान रॉयल्स (आआर) के प्रमुख कोच और क्रिकेट निद. ेशक की दोहरी भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही पिछली बार बल्लेबाजी कोच रहे विक्रम राठौड़ को टीम का सहायक कोच बनाया गया है। संगाकारा पहले भी 2021 से 2024 तक टीम के प्रमुख कोच रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में आआर की टीम 2022 के फाइनल और 2024 के प्लेऑफ में पहुंची थी। आआर ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि वह एक ऐसा दौर था, जिसमें टीम के प्रदर्शन और निरंतरता में साफ बढ़ोतरी देखी गई। फ्रैंचाइजी के मुख्य मालिक मनोज बदाले ने कहा कि हम बेहद खुश हैं कि कुमार एक बार फिर प्रमुख कोच के रूप में लौट रहे हैं। टीम को उनकी पहचान, नेतृत्व और रॉयल्स के कल्चर




की गहरी समझ से निरंतरता और स्थिरता का सही संतुलन मिलेगा। कुमार ने हमेशा हमारा पूरा भरोसा जीता है। उनकी स्पष्टता और क्रिकेट की समझ टीम को अगले स्तर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके साथ बल्लेबाजी कोच राठौड़ का प्रमोशन भी हुआ है। फ्रैंचाइजी ने यह भी घोषणा की कि शेन बॉन्ड गेंदबाजी कोच, ट्रेवर पेनी और सिड लाहिरी क्रमशध सहायक कोच और हाई परफॉर्मेंस कोच बने रहेंगे। संगाकारा ने कहा कि प्रमुख कोच के तौर पर लौटना और इस प्रतिभाशाली ग्रुप के साथ काम जारी रखना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि मेरे साथ एक मजबूत कोचिग टीम भी है। विक्रम, ट्रेवर, शेन और सिड अपने-अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अनुभव लाते हैं और हम साथ मिलकर खिलाड़ियों को सबसे अच्छी तैयारी देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि हमें टीम के रूप में किस दिशा में जाना है और हमारा लक्ष्य ऐसी टीम बनाना है, जो स्पष्टता, मजबूती और एक उद्देश्य के साथ खेले। टीम प्रबंधन को अब एक नए कप्तान के साथ काम करना होगा, क्योंकि आरआर ने अपने निवर्तमान कप्तान संजू सैमसन को ट्रेड डील में चेन्नई सुपर किग्स को दे दिया है, जहां से उन्हें रवींद्र जडेजा और सैम करन मिले हैं। टीम ने नितीश राणा, आकाश मधवाल, अशोक शर्मा, फजलहक फारूकी, कुमार कार्तिकेय, कुणाल आदि।

# दिल्ली खेल पत्रकार संघ के वार्षिक पुरस्कार समारोह में मीराबाई को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला

**नई दिल्ली**, वार्ता। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) ने रविवार को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में अपना वार्षिक पुरस्कार समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष एवं भारतीय तीरंदाजी संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह को डीडीसीए, प्रो कबड्डी लीग, वड्र्सवर्क कम्युनिकेशंस और प्रोकैम इंटरनेशनल सहित आधिकारिक प्रायोजकों का भरपूर समर्थन प्राप्त था। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न खेल पत्रकार खेल जगत और उसकी हस्तियों का सम्मान करने के साथ-साथ इस क्षेत्र के अनुभवी पत्रकारों के अमूल्य प्रयासों को भी सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए। तीन

● इस प्रतिष्ठित समारोह में डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन और दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे

वरिष्ठ पत्रकारों - प्रदीप मैगजीन, विपिन बहुगुणा और केपी मोहन को खेल पत्रकारिता में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनकी दिलचस्प कहानियों ने विभिन्न खेलों के कुछ सबसे यादगार पलों को खूबसूरती से कैद किया है। टोक्यो 2020 की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और उनके कोच विजय शर्मा को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कोच के रूप में सम्मानित किया गया। मशाल स्पोर्ट्स के प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी को भी भारत के स्वदेशी खेल के उत्थान के लिए उनके समर्पित प्रयासों के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ प्रशासक के रूप में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रोहन जेटली ने कहा कि डीएसजेए वार्षिक पुरस्कार समारोह में यह मेरा दूसरा अवसर है और खेल जगत में खेल पत्रकारों द्वारा दिए गए योगदान को मान्यता देने की यह एक शानदार पहल है। पत्रकार खेलों और खिलाड़ियों को पहचान और लोकप्रियता दिलाने में मदद करते हैं, और इस प्रकार, किसी भी खेल के विकास में उनकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। इस समारोह से जुड़कर डीडीसीए को खुशी हो रही है और मैं विश्वास दिलाता हूं कि हम डीएसजेए को आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहेंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अतीत में एक पत्रकार के रूप में काम करने के बाद, मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं भी इस बिरादरी का हिस्सा हूं।

# पाक ने श्रीलंका को फिर हराया, सीरीज भी जीती

● गेंदबाजों व बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाक ने श्रीलंका को हराया

**रावलपिंडी, वार्ता।** गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फखर जमान (55), मोहम्मद रिजवान (नाबाद 61) और हुसैन तलत (नाबाद 42) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ आसानी से 212 रनों का लक्ष्य हासिल कर एकदिवसीय मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।

इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। फखर जमान की शानदार शुरुआत और मोहम्मद रिजवान और हुसैन तलत के बीच में लगातार मैच जिताऊ साझेदारी की बदौलत मेजबान टीम ने 5-2 ओवर शेष रहते छह विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान ने धीमी शुरुआत की




और हसीबुल्लाह खान 12 गेंदों पर शून्य पर आउट हुए। महेश दीक्षाना ने उन्हें आउट किया किया। लेकिन इसके बाद फखर ने जल्दी ही लय पकड़ ली और प्रमोद मदुशन और दीक्षाना के खिलाफ अपनी लय बनाए रखते हुए टीम के स्कोर को आगे बढ़ाया। उन्होंने 45 गेंदों पर 55 रनों की तेज पारी में आठ चौके लगाए और बाबर आजम के साथ 80 रन जोड़कर पाकिस्तान को 82/1 के स्कोर पर नियंत्रण में ला दिया। इसी दौरान श्रीलंका ने जेफरी वेंडरसे के जरिए वापसी की। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फखर को डीप में कैच कराया, बाबर को 34 रन पर सीधी गेंद पर बोल्ड किया और सलमान आगा को पगबाधा आउट कर पाकिस्तान को 115/4 पर लाकर लड़खड़ाते हुए छोड़ दिया। इसके बाद, रिजवान और तलत ने पारी को संभाला और श्रीलंका के लिए रास्ता बंद कर दिया। रिजवान ने अपना 19वां एकदिवसीय अर्धशतक पूरा किया। वह 92 गें. दों पर केवल चार चौकों की मदद से 61 रन बनाकर नाबाद रहे। तलत ने 57 गेंदों पर नाबाद 42 रनों की संयमित पारी खेलकर उनका साथ दिया। इससे पहले, श्रीलंका ने एक और अच्छी शुरुआत गंवा दी और शीर्ष सात बल्लेबाजों में से छह के अच्छी शुरुआत करने के बावजूद केवल 45-2 ओवरों में 211 रनों पर सिमट गई। पाकिस्तान ने मोहम्मद वसीम जूनियर ने तीन विकेट लिए। बल्लेबाजी के लिए भेजे गए पथुम निसांका और कामिल मिशारा ने सकारात्मक शुरुआत की और आठ ओवरों में बिना कोई विकेट खोए स्कोर 55 तक पहुंचा दिया। लेकिन दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गए। निसांका ने 24 रन पर हारिस रऊफ को और 12वें ओवर में मिशारा ने वसीम को 29 रन पर आउट कर दिया। कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा ने 43 रनों की साझेदारी करके टीम को संभालने का प्रयास किया।

### चमन लाल में हुआ अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# ऋषिकेश कैंपस ने जीता क्रिकेट का खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन की मेजबानी करते हुए 18 टीमों को विभिन्न महाविद्यालय और विश्वविद्यालय से प्रतिभाग कराया।

उद्घाटन समारोह में चमन लाल महाविद्यालय ने जीत का आगाज करते हुए प्रतियोगिता को प्रारंभ किया। फाइनल मैच में जसपाल राणा इंस्टिट्यूट ऑफ देहरादून एवं पंडित ललित मोहन शर्मा कैंपस ऋषिकेश के बीच मुकाबला हुआ। ऋषिकेश कैंपस ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया तत्पश्चात जसपाल राणा इंस्टिट्यूट ऑफ देहरादून ने 147 का टारगेट दिया। जिसमें राज तोपवाला ने 55 नॉट आउट रन बनाए और अंत में मैन ऑफ द मैच विजेता बने स विपक्षी टीम 102 रन पर सिमट गई और यह प्रतियोगिता ऋषिकेश कैंपस ने 44 रनों से जीत लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.



सुशील उपाध्याय एवं प्रबंध समिति अध्यक्ष अरुण हरित एवं ऋषिकेश कैंपस के सपोर्ट सचिव डॉ. पुष्कर गौड़ उपस्थित रहे। दोनों टीमों को उनके इस प्रयास के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई और भविष्य में बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। फाइनल मैच के अंत में दोनों टीमों को उपविजेता एवं विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई वह अन्य खिलाड़ियों को मेडल एवं स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। कार्यक्रम समन्वयक क्रीड़ा प्रभारी विपुल सिंह ने सभी खिलाड़ियों के सहयोग के लिए ध न्यवाद ज्ञापित किया। कोई भी हार जीत मायने नहीं रखती अपितु एक नई सीख देकर जाती है ताकि हम भविष्य में बेहतर खेल सके और अपने करियर का निर्माण कर सके। इसलिए हार के कारण निराश नहीं होना चाहिए अपितु उससे बढ़कर आगे अपने करियर पर फोकस करना चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. तरुण गुप्ता डॉ. विमल कांत तिवारी डॉ.सूर्यकांत शर्मा डॉ. मोहम्मद इरफान, डॉ. ध र्मेंद्र, विनीत ,डॉ. हिमांशु कुमार एवं अन्य गैर शिक्षक कर्मचारियों आदि शिक्षकों का भी सहयोग रहा। इसके अलावा प्रयोगशाला सहायकों भवन चंद्र बृजवासी, गौरव अग्रवाल, नावेद आसिफ का भी सहयोग रहा। महाविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भी प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## गंगा स्नान को जा रहे हैं व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** गाजियाबाद से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे एक बाइक सवार व्यक्ति की मंगलौर में मेरठ डिपो की बस से टक्कर लगने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने बस को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद के शंकरपुरी, वार्ड नंबर 6 निवासी ओमपाल (उम्र 36 वर्ष) पुत्र दयानंद सोमवार को अपनी मोटरसाइकिल से हरिद्वार के लिए निकले थे।ण्जब वह मंगलौर में झबरेड़ा तिराहे के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही मेरठ डिपो की एक तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ओमपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल ओमपाल को तुरंत रुड़की के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलौर पुलिस ने इस दुर्घटना के बाद कार्रवाई करते हुए मेरठ डिपो की बस को अपने कब्जे में ले लिया है और बस चालक को भी हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## त्यागी कल्याण समिति ने आयोजित किया प्रतिभा अलंकरण व बुजुर्ग सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** त्यागी कल्याण एवं विकास समिति द्वारा प्रतिभा अलंकरण एवं बुजुर्ग सम्मान समारोह 2025 बीएसएम इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध त्यागी एवं संचालन उपाध्यक्ष प्रदीप त्यागी व महामंत्री श्याम कुमार त्यागी ने संयुक्त रूप से किया।

समारोह में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक एवं प्रोफेशनल कोर्सेज में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लगभग 200 बच्चों को स्मृतिचिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मेडिकल, एनडीए एवं सी डी एस में चयनित बच्चों एवं खेलों में भी विशेष उपलब्धि प्राप्त बच्चों तथा 80 वर्ष पूरी कर चुके 11 बुजुर्गों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में त्यागी समाज रुड़की के उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप त्यागी को भी रेल मंत्रालय की नॉर्दर्न रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य बनने पर और पार्षद अनुराग त्यागी व नितिन त्यागी को भी सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आईआईटी रुड़की के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ ब्रजीव त्यागी ने छात्रों से अच्छी व गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त कर बेहतर करियर बनाने तथा सदेव समाज व राष्ट्रहित में आगे बढ़कर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा शिक्षा के द्वारा ही कोई समाज आगे बढ़ सकता है तथा शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक रूप से ताकतवर बनता है। समिति के संरक्षक डॉ राकेश त्यागी ने कहा कि त्यागी समाज आजादी के आंदोलन के समय से ही राष्ट्रहित में काम करता आया है। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि सेना, विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में अपने करियर बनाकर राष्ट्रपति में कार्य करें। समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध त्यागी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्रों को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संरक्षक डॉ राकेश त्यागी, अध्यक्ष अनिरुद्ध त्यागी, उपाध्यक्ष मुनेश त्यागी, विकास त्यागी, प्रदीप त्यागी, बृजेश फौजी, नरोत्तम त्यागी,एड बृजेश त्यागी, एड मुकेश त्यागी, विवेक त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## केवी-1 रुड़की में पुस्तक मेले का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुस्तकें अनमोल हैं वे हमारी सबसे अच्छी मित्र हैं क्योंकि वे ज्ञान-विज्ञान की भंडार हैं। व्यक्ति आते हैं और चले जाते हैं परन्तु उनके श्रेष्ठ विचार, ज्ञान, उपदेश, संस्कृति, सभ्यता, मानवीय मूल्य पुस्तकों के रूप में जीवित रहते हैं। उनका विनाश नहीं होता। वे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को प्राप्त होते रहते हैं। इसी धरोहर को जीवित रखने और विद्यार्थियों में पुस्तकों के प्रतिरूचि और प्रेम को बढाने के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह(14-20 नवम्बर) समारोहके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे:-नारा लेखन, पोस्टर बनाना, बुक मार्क बनाना, प्रश्नोत्तरी इत्यादि का आयोजन विद्यालय में किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आज पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-एक रूड़की मेंपुस्तक मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्टने किया। सभी विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह से इस मेले में भाग लिया एवं पुस्तकों से सम्बंधित जानकारी प्राप्त कीद्यरंग-बिरंगे चित्रों की कहानियों वाली पुस्तकों ने जहाँ प्राथमिक वर्ग के बच्चों को आकर्षित किया, वही साहसिक एवं विज्ञान की कहानियों ने माध्यमिक वर्ग के बच्चों को खूब लुभाया। हिंदी एवं अंग्रेजी साहित्य, इतिहास, आदिकी पुस्तको ने उच्च माध्यमिक बच्चों को उन्हें देखने एवं पढने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए प्राचार्य चन्द्र शेखर बिष्टने कहा



किआज के इस युग में जहां जीवन-मूल्यों का ह्रास हो रहा है, चारों और नैतिक और सांस्कृतिक संकट के बादल छाये हुए हैं, अच्छी पुस्तकों का महत्व और भी बढ़ जाता है ।ऐसे समय पर यह जरूरी हो जाता है कि हम पुस्तकों का प्रचार-प्रसार बढ़ायें, उनके अध्ययन में रूचि लें और उनसे अधिकाधिक लाभ उठायें। अच्छी पुस्तकों को अध्ययन का तात्पर्य है श्रेष्ठ व्यक्तियों और उनके विंचारों को जानना-समझना, उनसे घनिष्ठ मित्रता स्थापित करना। उनसे अच्छा मित्र और कोई नहीं, ये बात बच्चों को समझाना ही कार्यक्रम का उद्द्येश्य है। इस अवसर पर बोलते हुए उप प्राचार्या संगीता खोराना ने कहा किपुस्तक मेले में एक पाठक दूसरे पाठक से विचारों का आदान-प्रदान कर सकता है, पुस्तक विक्रेताओं से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकता है । स्टालों पर पुस्तकें बड़े आकर्षक ढंग से सजायी गयी है । इतिहास, भूगोल, ज्ञान-विज्ञान, साहित्य, यात्रा, धर्म, भाषा, जीवन-वृत्त आदि सभी विषयों पर पुस्तकें उपलब्ध है ।ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों को बहुत फायदा होता है। इस आयोजन के बारे में बताते हुए पुस्तकालयाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया किपुस्तक मेले हमारे लिए वरदान हैं।

## भगवानपुर पुलिस ने दो नशा तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 अभियान के तहत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा एवं अन्य नशे के कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा लगातार रैलियाँ एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अधीनस्थ अधिकारियों को भी नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी कार्रवाई हेतु विभिन्न पुलिस टीमों को लगाया गया। अभियान के तहत 16 नवंबर 2025 को दौराने चेकिंग अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए भगवानपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने पहले अभियुक्त रोबिन पुत्र रुपचन्द निवासी सिकन्दपुर भैंसवाल, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार को 56 ट्रैटा किन्नू मार्का मसालेदार देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। वहीं दूसरे अभियुक्त बाबूराम पुत्र राजपाल निवासी रुहालकी दयालपुर, थाना भगवानपुर, जनपद हरिद्वार को 55 पाउच महबूबा मार्का देशी शराब के साथ दबोचते हुए उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हे0कानि0 गीतम, कानि0 संजीव यादव, रविन्द्र राणा, राहुल कुमार शामिल रहे।

## आओ चलें बचपन की ओर : डा मधुराका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ नागरिक परिषद रुड़की द्वारा आओ चलें बचपन की ओर कार्यक्रम के अन्तर्गत जोतश्रृषि फार्म हाउस कोटा मुरादनगर धनोरी बिहारी गढ़ रोड़ में पिकनिक का आयोजन किया गया जो बहुत ही शानदार रही जिसमें सभी वरिष्ठ जनों ने बहुत ही मजे किये।इस अवसर पर सर्व प्रथम सदस्य योगेश गोयल एवं निधि गोयल ने सभी वरिष्ठ जनों का स्वागत किया।सचिव डॉ विकास गोयल जी ने उपस्थित सभी वरिष्ठ जनों का इस पिकनिक को आयोजन करने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी वरिष्ठ जन अधिकतर एकाकी जीवन व्यतीत कर रहें हैं ऐसी स्थिति में इस प्रकार का आयोजन हमें एकेला पन दूर करने एवं भरपूर मनोरंजन के लिए आवश्यक है जिसे समय समय पर करते रहना चाहिए। डॉ मधुराका सक्सेना जी ने पिकनिक कीष थीम को चलो बचपन की ओरष रखकर और श्रीमती बीना जी, श्रीमती आशा जी, श्रीमती रीमा जी ने मिलकर जिस प्रकार से बचपन के खेलों की व्यवस्था की जिनमें गिल्ली-डंडा, कंची कंची, इच्ची-दुच्ची,चलो नाव में सैर करें, प्रश्नोत्तरी,गीत गजल,चुटकले,हंसी के गुदगुदे आदि मनोरंजन कर बचपन का भरपूर आनंद लिया गया। वहीं परिषद के वरिष्ठ सदस्य श्री वी के भार्गव जी के जन्म दिन को केक सेलिब्रेट और श्री दिलीप प्रधान जी द्वारा सुन्दर जन्म दिन का गाना गाकर मनाया गया।छोटी सी परी अलकनन्दनी ने प्यारा सा भजन गाकर सबको कृष्ण मय



कर दिया।सदस्यों ने अपने बचपन के खट्टे-मीठे करतूतों से सबको बचपन की याद दिलाने पर और मस्ती भर जीवन की याद दिला दी। श्रीमती निधि एवं योगेश गोयल जी द्वारा नाश्ते में शुद्ध देसी नुस्खे के साथ भट्टी में भुने शकरगंजी, आलू और हरि चटनी के साथ गर्मागर्म पकोड़ियों का स्वाद तो गजब का बनता ही गया।दिन का भोजन जितना लजीज और स्वादिष्ट था कहा नहीं जा सकता।

## गृह कलश के चलते खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक अधेड़ की रविवार रात्रि संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पारिवारिक ग्रह कलेश के चलते कोई जहरीला पदार्थ खाकर मौत होना बताया गया है ।पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रुड़की स्थित सिविल अस्पताल में भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम लौदी वाला निवासी 58 वर्षीय पलटू की रविवार रात्रि संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रुड़की स्थित सिविल अस्पताल में ले जाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारण का पता चल सकेगा। दूसरी ओर इकबालपुर में भी रविवार रात्रि एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 70 वर्ष बताई गई है सड़क किनारे मृत अवस्था में पड़ा पाया गया। पुलिस का कहना है कि मृतक व्यक्ति की शिनाख्त का प्रयास किया गया लेकिनशिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक के शव को रूड की स्थित सिविल अस्पताल में मोर्चरी में रखवाया गया है।

### शातिर ने महिला से घिनौना गुनाह कर खुद को बताया गुमशुदा

## पुलिस ने किया पर्दाफाश, ब्लैकमेलर को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर पुलिस ने एक ऐसे शातिर अपराधी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है, जिसने एक महिला का शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न करने के बाद अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए खुद के 'गुमशुदा' होने का झूठा नाटक रचा था। पुलिस की विशेष टीम ने तकनीकी और मानवीय संसाधनों का इस्तेमाल कर अभियुक्त के झूठे अरमानों पर पानी फेर दिया और उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। दरअसल, दिनांक 07/11/2025 को आरोपी के परिजनों ने थाना खानपुर में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच के दौरान, यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि तथाकथित गुमशुदा व्यक्ति ही एक जघन्य अपराध का आरोपी है। जांच में खुलासा हुआ कि अभियुक्त ने एक पीड़िता को नशीले पदार्थ का सेवन कराकर उसके साथ अश्लील कृत्य किया औरउसकीआपत्तिजनक वीडियो भी बना ली। इस वीडियो के आधार पर वह पीड़िता को लगातार ध मका रहा था, अनुचित कृत्य करवा रहा था और उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न कर रहा था। पीड़िता ने इस शोषण और ब्लैकमेलिंग के संबंध में थाना खानपुर में शिकायत दर्ज कराईघ्छ गिरफ्तारी से बचने के लिए रचा 'गुमशुदगी' का ड्रामापुलिस के अनुसार, जब अभियुक्त को लगा कि उसके आपराधिक कृत्य उजागर हो गए हैं, तो उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए जानबूझकर घर छोड़ दिया और अपनी गुमशुदगी का मिथ्या स्वरूप तैयार करवाया। उसका मकसद था कि पुलिस उसे एक 'गुमशुदा' व्यक्ति समझे और आपराधिक मामले की जांच धीमी पड़ जाए।घ्छ खानपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाईघटना की गंभीरता को देखते हुए, थानाध्यक्ष खानपुर उ.नि. धर्मेन्द्र राठी ने अपनी सीध ी निगरानी में तत्काल विशेष टीमों का गठन किया। पुलिस टीम ने साइबर और तकनीकी संसाधनोंकेसाथ-साथ मानवीय सूचना तंत्र की मदद ली और फरार अभियुक्त के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिशदीपुलिस टीम की अथक प्रयासों के बाद, अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके सारे मंसूबे विफल कर दिए गए।घ्छ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणनाम: अमित पुत्र बरफानपता: निवासी ग्राम दल्लावाला, थाना खानपुर, जनपद हरिद्वार उम्र: 29 वर्षमुकदमा संख्या: 303/25, धारा 64(2)उ, 123, 351(3) के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंगनहर पुलिस ने चोरी के माल सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया ह। गश्त के दौरान आजाद नगर चौक से रहीमपुर पनियाला अंडरपास से पहले सड़क के दाहिनी ओर खेत पर पहुंचे तो वहां पर कुछ हलचल दिखाई दी शक होने पर हम पुलिस कर्मचारी गणो द्वारा तत्काल दबिश देकर खेत में दो व्यक्ति छुपे हुए थे जिन्हें तत्काल मौके पर पकड़ लिया गया । उक्त व्यक्तियों के कब्जे से 1- निजाम पुत्र अनवर निवासी गली नंबर 13 ग्रीन पार्क कॉलोनी रुड़की कोतवाली सिविल लाइन रुड़की जनपद हरिद्वार से एक मोमबत्ती एक माचिस पीला रंग जिस पर डीलक्स तथा कुबेर खजाना लिखा है व एक लोहे का पेचकस मिला, 2- फिरोज पुत्र असगर निवासी गली नंबर 17 ग्रीन पार्क कॉलोनी रुड़की कोतवाली सिविल लाइन रुड़की जनपद हरिद्वार के कब्जे से एक अदद लोहे की छेनी तथा एक अदद प्लास मिला। उक्त व्यक्तियों से खेत में छुपे होने का कारण पूछा गया तो बताया गया कि हमें नशे की लत है और हम दोनों एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं और आपस में दोस्त हैं, नशे के लिए पैसों की कमी होने पर आज हम लोग चोरी करने के लिए इकट्ठा हुए थे और चोरी करने की योजना बना ही रहे थे कि आपने पकड़ लिया। उक्त व्यक्तियों को उनके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए मय माल के गिरफ्तार किया गया।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अरविंद कुमार व उसकी पत्नी तनु का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने इनको अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**बिरम सिंह पुत्र हरसीराम, नि. ग्राम भूरना पो व लक्सर जिला हरिद्वार**

## कलियर पुलिस ने तीन दंगाइयों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** दरगाह परिसर और आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलियर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए तीन दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों का शांतिभंग में चालान किया। एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को चेकिंग के दौरान पीपल चौक के पास सोहलपुर की ओर से एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर युवकों ने बाइक वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया लेकिन मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई।इस दौरान वहां मौजूद लोगों व जायरीनों ने भाग रहे तीनों युवकों को रोक लिया। आरोप है कि रोकने पर तीनों युवक स्थानीय लोगों व जायरिनों के साथ मारपीट और अभद्रता पर उतारू हो गए। और मौके पर भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने बदसलूकी कर रहे युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के समझाने के बावजूद वह नहीं माने।आरोपी रजत त्यागी,लक्की कुमार निवासी ग्राम पंडिया, थाना नूरपुर, जिला बिजनौर और रवि त्यागी निवासी ग्राम पंडिया, बिजनौर का शांतिभंग में चालान किया। दरगाह परिसर के अंदर व आसपास शांति भंग करने वालों को किसी भी हालात में नही बख्शा जाएगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**वहीं भगवानपुर** बाईपास मार्ग पर हुई टक्कर से व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर आरोपी बाइक सवार के खिलाफ लापरवाही व तेज गति से वाहन चलाने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पटेल जयंती पर रुड़की में निकाला गया यूनिटी मार्च

## जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व छात्रों ने मिलाई कदमताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती एवं वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर नगर में यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। इस मार्च में नगर के प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। मार्च में कई स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

जिला प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित यूनिटी मार्च का उद्घाटन राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी,विधायक प्रदीप बत्रा और मेयर अनीता अग्रवाल ने हरि झंडी दिखाकर किया। राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने अखंड भारत बनाने के लिए जो कार्य किए उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। कहा आज देश एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है इसकी नींव रखने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल ही थे। उन्होंने आहवान किया कि राष्ट्रहित के कार्यों में बढ़चढ़कर भागीदारी दें। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि आज हमारे राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को 150 वर्ष पूरे हुए हैं यह गीत हममें राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करता है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट ने बताया यूनिटी मार्च हमें एकता का संदेश देता है जिसमे शहर के लोगों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की है। उन्होंने कहा कि इस मार्च में नगर के सात स्कूलों के सैकडो छात्र छात्राओं ने भाग लिया है।कार्यक्रम का संचालन संयोजक चौधरी भीमसिंह ने किया। मार्च नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर अनाज



मंडी, मेन बाजार, बीटी गंज,नगर निगम सिविल लाइंस होते हुए नेहरू स्टेडियम में ही संपन्न हुआ।इस अवसर पर मेयर अनीता अग्रवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉक्टर मधु सिंह,माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति,जिला महामंत्री सागर गोयल, जिला महामंत्री अक्षय प्रताप,जिला उपाध्यक्ष संजय अरोड़ा,पूर्व प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा चौधरी धीर सिंह, मंडल अध्यक्ष सुमित अग्रवाल,अवनीश शर्मा, दिनेश कौशिक,आदेश सैनी, ब्रजमोहन सैनी,सावित्री मंगला,सौरभ सिंघल आदि मौजूद रहे।

## बीएसएम में नशे के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम पीजी कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने नशे के दुष्प्रभावों, पारिवारिक टूटन और समाज पर इसके व्यापक प्रभाव को अत्यंत भावनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर गौतम वीर ने कहा कि नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य युवाओं में नशे के बढ़ते प्रचलन को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में सामूहिक संकल्प को सुदृढ़ करना है, इस नुक्कड़ नाटक के बाद हम अपने उद्देश्य को हासिल करने में सफल रहे हैं।

महाविद्यालय की नशा मुक्ति प्रभारी प्रोफेसर अलका तोमर ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, पूरे समाज को खोखला कर देता है। हमारे युवा जितने जागरूक होंगे, देश उतना ही मजबूत होगा। महाविद्यालय की नशा मुक्ति समिति की सदस्या प्रोफेसर सुनीता कुमारी ने कहा कि नुक्कड़ नाटक में यह संदेश दिया गया कि नशा केवल स्वास्थ्य को नहीं, बल्कि परिवार, शिक्षा, करियर और सामाजिक मूल्यों को भी नष्ट कर देता है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा नशा मुक्ति भारत के संदर्भ में लगाए गए नारों से महाविद्यालय का परिसर गूंज उठा- 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो', 'युवा शक्तिख़्रदेश की शक्ति', 'नशामुक्त उत्तराखंड, स्वस्थ भारत'। कार्यक्रम का समापन नाटक दल द्वारा नशामुक्ति की



शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी छात्रों, शिक्षकों और अतिथियों ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉक्टर सुरजीत सिंह, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर अर्चना त्यागी, डॉक्टर इंदु अरोड़ा, डॉक्टर रीमा सिन्हा, डॉ राजेश पालीवाल, डॉ शिखा जैन,अनूप शांडिल्य, आराधना, गुलनाज, निशु, अंशिका, तरन्नुम, मंतशा मलिक, सुहानी, नंदिनी, मंतशा, सुदीक्षा, जुनैद मालिक सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 18 नवम्बर 2025

## प्रत्यर्पण संधि पर सवाल

बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई है। बांग्लादेश ने भारत से अनुरोध किया है कि वो शेख हसीना को सौंपे। शेख हसीना का कहना है, ट्रिब्यूनल का फैसला पक्षपाती और राजनी. ति से प्रेरित है। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा, उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा जो दोनों देशों के बीच हुई थी। शेख हसीना भारत में हैं। अब सवाल उठता है कि क्या भारत उन्हें बांग्लादेश को सौंपेगा। बांग्लादेश ने सबसे पहले दिसम्बर 2024 में भारत से शेख हसीना के प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध किया था, जो छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद भागकर नई दिल्ली आई थीं। इसके साथ ही उनके 15 साल के शासन का अंत हो गया था। यह अनुरोध भारत के विदेश सचिव की बांग्लादेश यात्रा के दो हफ्ते बाद आया था, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने 8 अगस्त को कार्यभार संभालने के बाद मांग की थी कि भारत हसीना को वापस भेजे, ताकि बांग्लादेश उन पर प्रदर्शनकारियों और उनके विरोधियों के खिलाफ अपराधों और पिछले 15 वर्षों के कार्यकाल के दौरान उन पर किए गए अपराधों के लिए मुकदमा चला सके। अब सवाल उठता है कि उस प्रत्यर्पण संधि का क्या होगा, जिसे ऐसे मामलों के लिए किया गया था। भारत और बांग्लादेश ने जनवरी, 2013 में प्रत्यर्पण संधि पर साइन किए थे। संधि कहती है, अगर कोई फैसला राजनीति से प्रेरित है, तो दूसरा देश प्रत्यर्पण के अनुरोध को अस्वीकार कर सकता है। ट्रिब्यूनल के फैसले से पहले भी हसीना चीजों को राजनीति से प्रेरित बताती रही हैं। वो इसी शब्द का बार-बार इस्तेमाल करती रही हैं। शेख हसीना ने अब अपने बयान में कहा है कि ट्रिब्यूनल का फैसला मेरे खिलाफ आया है। यह गलत फैसला है। पक्षपात है और राजनीति से प्रेरित है। इसमें मेरा पक्ष सुना ही नहीं गया था। यह फैसला ऐसे ट्रिब्यूनल ने दिया है जिसे गैर निर्वाचित सरकार चला रही है। उनके पास जनता का कोई जनादेश तक नहीं है। इसलिए यह गलत है।अब सवाल है कि प्रत्यर्पण संधि में क्या-क्या कहा गया है और उसके प्रावधान क्या हैं। अगर अपराध राजनीतिक प्रख्रति का लगता है, तो प्रत्यर्पण से इन्कार किया जा सकता है। कुछ अपराध, जैसे हत्या, जबरन गायब कर देना और यातना को संधि के तहत राजनीतिक अपराधों की श्रेणी से बाहर रखा गया है। इन्कार के आधारों में ऐसे आरोप भी शामिल हैं जो न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक नहीं लगाए गए हैं या ऐसे सैन्य अपराध हैं जिन्हें सामान्य आपराधिक कानून का उल्लंघन नहीं माना जाता है। अनुच्छेद 8 में इन्कार के लिए कई आधारों की सूची दी गई है, जिनमें निम्नलिखित मामले शामिल हैं।जैसे- न्याय के हित में सद्भावनापूर्वक आरोप नहीं लगाया गया है या सैन्य अपराधों के मामले में जो सामान्य आपराधिक कानून के अंतर्गत अपराध नहीं हैं। अब शेख हसीना को उन्हें सौंपा जाएगा या नहीं, यह पूरी तरह से भारत सरकार की प्रतिक्रिय पर टिका है। भारत के पास बांग्लादेश के प्रत्यर्पण अनुरोध को स्वीकार करने के लिए कानूनी और कूटनीतिक साधन हैं, लेकिन सरकार के पास इन्कार करने के स्पष्ट और ठोस आधार भी हैं। सरकार इस बात पर विचार कर सकती है कि क्या ट्रिब्यूनल का फैसला एक प्रामाणिक, निष्पक्ष न्यायिक प्रक्रिया को दर्शाता है और क्या एक पूर्व शासनाध्यक्ष को वापस भेजने से उनके साथ दुर्व्यवहार, अपील पर अनुचित सुनवाई या अन्य मानवाधिकार के जोखिम पैदा होंगे।

## देश कुर्सी से कहीं बड़ा



10 नवम्बर को लाल किले पर हुआ विस्फोट देश भर में बढ़ती असुरक्षा की भावना और जम्मू- कश्मीर में केंद्र की नीतियों की विफलता को दिखाता है, आपने दुनिया को बताया कि कश्मीर में सब कुछ ठीक है, लेकिन कश्मीर की परेशानी लाल किले के सामने गूंज रही हैं, आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है, हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करके वोट, तो मिल सकते हैं, लेकिन देश किस दिशा में जा रहा है, दिल्ली के लोग शायद यह सोचते हैं कि जितना ज्यादा हिंदू- मुस्लिम विभाजन होगा, उतना ही खून-खराबा होगा, उतने ही ज्यादा वोट उन्हें मिलेंगे, मुझे लगता है कि उन्हें दोबारा सोचना चाहिए, देश कुर्सी से कहीं बड़ा है।

**-महबूबा मुफ्ती, पीडीपी चीफ और जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम**

# जोहरान ममदानी से उमर उन नबी तक वैश्विक मुस्लिम के दो चेहरे



एम हसन




उच्च शिक्षित डॉ. उमर-उन-नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा मचाई गई तबाही ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान ही गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ. उमर-उन-नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है। जब वैश्विक शक्तियां, हिंसक और क्रूर अतीत को भुलाकर, एक पूर्व सिर काटने वाले को गले लगा रही थीं, उसी समय उसके वैचारिक भाई 10 नवंबर को दिल्ली की व्यस्त सड़कों पर मौत और तबाही फैलाते हुए बेकाबू हो रहे थे, लेकिन दूसरा पहलू जोहरान ममदानी और कुछ अन्य लोगों का कोमल, शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक चेहरा था, जिन्होंने अपनी चुनावी जीत से साबित कर दिया है कि वैश्विक मुस्लिम समाज के दो अलग-अलग चेहरे हैं।

उच्च शिक्षित डॉ. उमर उन नबी और उनके सहयोगियों, जिनमें लखनऊ की एक महिला डॉक्टर भी शामिल हैं, द्वारा किए गए उत्पात ने यह साबित कर दिया है कि अगर वैचारिक रुझान गलत हैं, तो आधुनिक उच्च शिक्षा किसी भी मुद्दे के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक लड़ाई की गारंटी नहीं है। जोहरान ममदानी और डॉ उमर उन नबी के बीच यही बुनियादी अंतर है।

इसलिए, दिल्ली विस्फोटों को एक आतंकवादी हमले के रूप में देखने के अलावा, मुस्लिम समाज के भीतर उदारवादी ताकतों को शामिल करके मुस्लिम समाज को कट्टरपंथ से मुक्त करने के सरकारी प्रयास भी किए जाने चाहिएं। आतंकवादियों का सफाया जरूरी है और पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा बलों को जम्मू-कश्मीर तथा कुछ अन्य इलाकों में इस दिशा में सफलता मिली है, लेकिन उदारवादी इस्लामी विद्वानों को शामिल करके कट्टरपंथ से मुक्ति दिलाने के लिए सिंगापुर मॉडल के धार्मिक पुनर्वास समूह (आरआरजी) को यहां भी लागू किया जा सकता है। दशकों तक कट्टरपंथी ताकतों को बढ़ावा देने के बाद, सऊदी अरब और यूएई ने अब कट्टरपंथ से मुक्ति केंद्र चलाना शुरू कर दिया है, जहां उन्होंने अगली पीढ़ी की सुरक्षा के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया है। कुछ साल पहले, मोदी सरकार ने मुस्लिम समाज में कट्टरपंथ के खिलाफ काम करने के लिए प्रमुख सूफी विद्वानों के एक समूह को शामिल किया था। लेकिन विभिन्न अपरिहार्य कारणों से यह सफल नहीं हो सका। हालांकि, पिछले एक दशक में विशुद्ध राजनीतिक कारणों से बड़े पैमाने पर नफरत का माहौल बनने से भी मुसलमानों में कट्टरपंथ को बढ़ावा मिला है।

मुद्दा कारणों की जांच और सुधारात्मक उपाय करने का है। विभिन्न मुस्लिम संगठनों द्वारा दिल्ली विस्फोटों की केवल निंदा और मृत्यु व विनाश पर शोक व्यक्त करने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। मुस्लिम नेतृत्व को अपनी अगली पीढ़ी को वैचारिक अतिवाद और विनाश से बचाना होगा। सोशल मीडिया के साधनों ने भी युवा पीढ़ी पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव डाला है। समुदाय को ममदानी, गजाला हाशमी (लेफ्टिनेंट गवर्नर, वर्जीनिया), अल अब्देलअजीज (न्यू जर्सी जनरल असेंबली), अब्दुल्ला हम्मूद (मेयर, डियरबॉर्न), मो बेयदौन (मेयर, डियरबॉर्न हाइट्स) और फैजुल कबीर (मेयर, कॉलेज पार्क) जैसे उदारवादी लोगों और विजेताओं से प्रेरणा लेनी चाहिए, न कि देश में हिंसा फैलाने वाली कट्टरपंथी ताकतों से।

सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है। भारतीय संदर्भ में, यह पैटर्न केवल कश्मीर समस्या ही नहीं, बल्कि अखिल भारतीय समस्या भी है। अगर हम पीछे मुड़कर देखें, तो यह पैटर्न देश के विभिन्न हिस्सों में भी दिखाई देता था। हाल के वर्षों में ध्वस्त हुए घरेलू आतंकी मॉड्यूलों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल और अब उत्तर प्रदेश के कट्टरपंथी इंजीनियरों, आईटी पेशेवरों और डॉक्टरों की संलिप्तता के संकेत मिले हैं, जहां से लखनऊ में जन्मे दो डॉक्टरों को दिल्ली विस्फोट मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह दर्शाता है कि कट्टरपंथ और उसके बाद हिंसा का सहारा लेने की अपील सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि और व्यवसायों में व्याप्त है। आईएस और अल-कायदा का इतिहास बताता है कि ये वैचारिक रूप से अत्यधिक कट्टरपंथी और हिंसक समूह हमेशा अपने विभिन्न शाखाओं में हिंसक अभियानों के लिए शिक्षित पेशेवरों की भर्ती करते रहे हैं। यह पैटर्न बलूच और खालिस्तानी आंदोलनों में भी स्पष्ट है।

> सुरक्षा एजेंसियां दिल्ली आतंकवाद को सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र कह रही हैं, लेकिन यह कोई नई घटना नहीं है। उच्च शिक्षित और पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोग एक संदिग्ध विचारधारा के कारण आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए हैं, जिसने वैश्विक मुस्लिम समाजों में हिंसा को बढ़ावा दिया और उन्होंने गरीबी से त्रस्त पृष्ठभूमि के लोगों को संगठित करके अजमल कसाब (2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद पकड़ा गया पाकिस्तान-प्रशिक्षित आतंकवादी) जैसे लोगों को पैदा किया। ओसामा बिन लादेन, अयमान अल-जवाहिरी, अबू बक्र अल बगदादी, मुल्ला उमर और कई अन्य वैश्विक आतंकवादी शिक्षित और पेशेवर रूप से कुशल थे। इसी तरह, न्यूयॉर्क में 9/11 के हमलावर सभी योग्य और कुशल लोग थे, लेकिन विचारधारा ने उनके हाथों में बंदूकें और बम थमा दिए। इस प्रकार सफेदपोश आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र लंबे समय से चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खाद्य पदार्थों का चेक करें न्यूट्रीशनल लेवल

**दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एडं न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया।**

अमेरिका और यूरोप समेत विश्व के अधिकांश देशों ने कई साल पहले जिस खतरनाक ट्रांस फैट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। उस फैट का हमारे यहां अभी भी वनस्पति और रिफांइड तेलों में भरपूर प्रयोग हो रहा है। इस वजह से देश में हृदय, मधुमेह, अल्जाइमर, कैंसर आदि घातक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रांस फैट को हमारे शरीर को दिनभर में मिलने वाली ऊर्जा का एक प्रतिशत हिस्सा से कम रखने की अनुशंसा की है। गैर सरकारी संस्था सेंटर फॉर साइंस एडं इनवायरमेंट (सीएसइ) ने वर्ष 2012 में 30 ब्रांडेड तेलों पर अनुसंधान करके बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया था।

सीएसई ने इन तेलों का अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण करके कहा था कि हमें रसोई के तेल से धीमा जहर मिल रहा है और हम हर रोज खतरनाक बीमारियों की गिरफ्त में जा रहे हैं। इस संस्था ने इन तेलों में डेनमार्क के अंतर्राष्ट्रीय मानक दो प्रतिशत से कहीं अधिक पांच से 23 प्रतिशत तक ट्रांस फैट की मौजूदगी की पुष्टि की थी। सीएसई की इस पहल के बाद भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफसएएसएआई) ने तेल कंपनियों के लिए भार से 10 प्रतिशत से कम ट्रांस फैट का मानक तय किया और इसे पांच प्रतिशत लाने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सीएसई के खाद्य एवं सुरक्षा डिविजन के प्रोग्राम मैनेजर अमित खुराना ने बताया कि सरकार ने ट्रांस फैट के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है कि इसे पांच प्रतिशत पर लाना है, लेकिन देखिए कब तक इसे अमल में लाया जाता है। दस से पांच प्रतिशत पर लाए जाने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ेगा। लेकिन भविष्य में इसे नीयर जीरो लाना होगा। हमारी मांग है कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर इसकी लेबलिग होनी चाहिए। साफ-साफ अक्षरों में सेचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा के बारे में उल्लेख होना चाहिए। हमने बाजार में मौजूद कई नामी-गिरामी कंपनियों के खाद्य तेलों पर अध्ययन किया था और उनमें स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक ट्रांस फैट की मौजूदगी पांच से 23 गुना अधिक पाई थी। वर्ष 2012 में हमारे अध्ययन के बाद एफएसएसएआई ने वर्ष 2013 में ट्रांस फैट का लेबल 10 प्रतिशत करने और वर्ष 2015 तक इसे पांच प्रतिशत करने के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था। फिलहाल यह लेबल 10 प्रतिशत है, लेकिन पांच प्रतिशत के लेबल की समय सीमा को बढ़ा कर इस वर्ष फरवरी तक कर दिया गया है। उम्मीद है इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा।

सीएसई की निदेशक ने कहा है कि पी गोपीचंद राष्ट्रीय हीरो इसलिए नहीं हैं कि उन्होंने दो ओलंपिक मेडलिस्ट, साइना नेहवाल और पीवी सिंधु को तैयार किया है। वह इसलिए आदरणीय और सम्मानीय हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक के लिए विज्ञापन करने से मना करने वाले वह इकलौते स्पोर्ट्स मैन हैं। सुश्री नारायण के अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में एफएसएसएआई से जंक फूड और प्रसिद्ध हस्तियों से अस्वस्थ्यकर खाद्य एवं पेय पदार्थों के बारे में विज्ञापन के संबंध में गाइडलाइंस तैयार करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कहां कुछ हुआ है। ब्रांड लॉबी की कोशिश होती है कि इस तरह की कोई अच्छी चीज अमल में नहीं आए। स्पेन में बडविग प्रोटोकॉल के तहत कैंसर के खिलाफ वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का संचालन करने वाले डॉक्टर ने बातचीत में कहा कि मानवीय हितों के लिए अद्वितीय काम करने वाली सीएसई ने केवल भारत की जनता की आंखें ही नहीं खोल दीं बल्कि कुंभकर्ण की नींद सो रहे एफएसएसएआई को भी झकझोर कर उठा दिया है। डा. ने कहा कि आपकी सरकार को जागना ही होगा और अपने लोगों की रक्षा करनी ही होगी, क्योंकि एक देश मुट्ठीभर कंपनियों से नहीं, एक-एक नागरिक को मिलाकर बनता है और देश का स्वास्थ्य हर हाल में सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एडं न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर जॉहाना बडविग ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। दुख की बात है कि आज हमारी हैल्थ केयर सर्विसेज हैल्थ इंडस्ट्री बन चुकी हैं। आज इनका सिद्धांत है कि पहले बीमार करो फिर उपचार करो। और दोनों से कमाओ। पहले 50 रुपये की लागत से बना पिज्जा 500 रुपये में खिलाएंगे और जब हमें कैंसर या कोई दूसरा रोग हो गया तो मुट्ठीभर दवा के हजारों और लाखों वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांस फैट टॉक्सिक, अखाद्य और कृत्रिम फैट है।

इसे सस्ते तेलों का आंशिक हाइड्रोजिनेशन करके फैक्ट्री में बनाया जाता है। प्राकृतिक तेल और जीव-वसा में प्रायः यह फैट नहीं होता है। यह देखने में घी और मक्खन की तरह होता है और इसकी शेल्फ लाइफ बहुत अधिक होती है, यानि इसमें बने व्यंजन अधिक देर तक चलते हैं। इसको बनाने में लगात भी कम आती है। इसलिए यह बेकरी, हलवाई और प्रोसेस्ड फूड निर्माताओं का मनपंसद फैट है। घरों में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड ऑयल और वनस्पतियों में भी यह फैट होता है। जानी-मानी कंपनियों के नमकीन चिप्स, बर्गर, छोले भटूरे, समा. सा, कचौड़ी, पकौड़ी, कैंडी, पिज्जा, चॉकलेट, आइसक्रीम आदि में भारी मात्र में ट्रांस फैट पाया जाता है।

# मीठे और वसा से इस तरह प्रभावित होता है आपका मस्तिष्क

आमतौर पर जब किसी बुरी आदत या लत की बात होती है तो हम धूम्रपान या मद्यपान के बारे में सोचते हैं, लेकिन एक ऐसी भी लत है जिसने वयस्कों और बच्चों की बड़ी संख्या को अपनी चपेट में लिया है। यह लत खानपान की लत है। खानपान में भी विशेष रूप से वसा और चीनी से भरपूर भोजन हमें अधिक लुभाते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो भोजन की लालसा मात्र एक भावना नहीं है। गौरतलब है कि पिछले कुछ दशकों में हमारा भोजन अति-प्रोसेस्ड हो गया है। इस प्रकार का भोजन शरीर में चीनी और वसा संवेदी ग्राहियों को सक्रिय कर डोपामाइन मुक्त करने का काम करता है। प्रोसेस्ड खाद्य शरीर में कुछ ऐसे परिवर्तन करते हैं जिससे मस्तिष्क इनका अधिक सेवन करने को प्रोत्साहित करने लगता है और लंबे समय तक इनका सेवन शरीर के लिए घातक हो सकता है। विशेषज्ञ खानपान की लत को बारीकी से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए सबसे पहले तो यह समझना जरूरी है कि भोजन हमारे मस्तिष्क को कैसे प्रभावित करता है।

एक महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मस्तिष्क से डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर मुक्त होना है। नशीले पदार्थों के समान खाना खाने से भी डोपामाइन मुक्त होता है। आम समझ है कि डोपामाइन आनंद में वृद्धि करता है लेकिन यह सच नहीं है। यह हमें ऐसे व्यवहारों को दोहराने के लिए उकसाता है जो जीवन के लिए जरूरी हैं। जैसे भोजन करना और प्रजनन। जितना अधिक डोपामाइन मुक्त होगा, उस व्यवहार को दोहराने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। वसा या चीनी युक्त भोजन का सेवन करने पर हमारे मुंह का सेंसर स्ट्रिएटम को डोपामाइन मुक्त करने का संदेश भेजता है। स्ट्रिएटम मस्तिष्क का एक भाग है जो गतियों और पुरस्कार योग्य व्यवहार से जुड़ा है, लेकिन मुंह के सेंसर द्वारा डोपामाइन मुक्त होना पूरी प्रक्रिया का केवल एक हिस्सा है।

विशेषज्ञों के अनुसार आंत में भी वसा और चीनी के लिए एक द्वितीयक सेंसर होता है और वह भी मस्तिष्क के उसी क्षेत्र को डोपामाइन मुक्त करने का संकेत देता है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि आंत से मस्तिष्क तक चीनी की उपस्थिति का संकेत कैसे पहुंचता है, लेकिन वसा के संकेत का पता लगाया जा चुका है। ऊपरी आंत में वसा का पता लगने पर वैगस तंत्रिका के माध्यम से पश्चौ-मस्तिष्क को संकेत पहुंचता है जो आखिरकार स्ट्रिएटम तक जाता है। यह देखा गया है कि चीनी व वसा से भरपूर खाद्य पदार्थ स्ट्रिएटम में डोपामाइन का स्तर सामान्य से 200 प्रतिशत तक बढ़ा सकते हैं। यह स्तर निकोटीन और शराब द्वारा की जाने वाली वृद्धि के बराबर है। एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि शकर ने डोपामाइन के स्तर को 135 से 140 प्रतिशत तक बढ़ाया जबकि वसा ने इस स्तर को 160 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। तुलना के लिए कोकेन ने सामान्य डोपामाइन के स्तर को तीन गुना किया जबकि मेथाम्फेटामिन ने इसे 10 गुना बढ़ाया। जैसे-जैसे हम भोजन और मस्तिष्क के सम्बंध को समझ रहे हैं, वैसे-वैसे भोजन का उत्पादन इस तरह किया जाने लगा है कि हम खुद को रोक न पाएं। हमारे शरीरों को ऐसे खाद्य पदार्थों से पाट दिया गया है जिनमें कुछ विशिष्ट पोषक पदार्थों की मात्रा अत्यधिक है - जैसे शकर, वसा और नए-नए पदार्थों के सम्मिश्रण।

औद्योगिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ स्टार्च और हाइड्रोजनीकृत वसा से तैयार किए जाते हैं। इसके अलावा मजेदार स्वाद देने वाले कृत्रिम फ्लेवर, पानी और तेल को घुलनशील रखने वाले इमल्सीफायर और खाद्य सामग्री की संरचना को संरक्षित रखने वाले स्टेबिलाइजर्स ने हमारे भोजन को अधिक आकर्षक तो




बना दिया है लेकिन हमारे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ भी किया है। विशेषज्ञों के अनुसार अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों और बुनियादी चीजों से बनाए खाद्य पदार्थों के बीच अंतर करना जरूरी है। यह अंतर आहार सम्बंधी स्वास्थ्य समस्याओं से बचने का पहला कदम हो सकता है। अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ नशे की तरह काम करते हैं। जितनी तेजी से कोई चीज आपके मस्तिष्क को प्रभावित करती है उतनी ही जल्दी आपको उस चीज की लत लगती है। इसके साथ ही डोपामाइन मुक्त होने की गति को बढ़ाने के लिए कई प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों को पहले से ही थोड़ा पचाया गया होता है। आखिर में इस पूरे मुद्दे में सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। प्रोसेस्ड खाद्य सामग्री काफी समय से सुलभ और सस्ती है तथा इसका काफी विज्ञापन भी किया जाता रहा है। लिहाजा, बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जो जानते हैं कि यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्यवर्धक नहीं हैं लेकिन फिर भी वे अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। किसी भी पदार्थ या ड्रग की लत के सम्बंध में सहनशीलता और उसे छोड़ने के परिणाम के सिद्धांत का इस्तेमाल किया जाता है। सहनशीलता यानी किसी ड्रग (या भोजन) का इतना आदी हो जाना कि उतना ही प्रभाव प्राप्त करने के लिए इसका और अधिक सेवन करना पड़े।

जबकि छोड़ने के परिणाम का सम्बंध उन शारीरिक और मानसिक लक्षणों से है जो अचानक किसी नशीले पदार्थ का उपयोग बंद या कम करने पर होते हैं। पूर्व में यह माना जाता था कि भोजन की लत वाले लोग खानपान जारी रखते हैं ताकि खुद को उसे छोड़ने की स्थिति जैसे चिंता, मितली और सिरदर्द से बचा सकें। भोजन के मामले में, डोपामाइन की कमी की परिकल्पना यह बताती है कि अगर हम कुछ खाते हैं और इससे पर्याप्त आनंद नहीं मिलता है, तो हम तब तक खाते रहेंगे जब तक वैसा आनंद महसूस नहीं करते, लेकिन भोजन के मानसिक असर को लेकर अभी पूरी स्पष्टता नहीं है। वर्तमान में वैज्ञानिकों के पास इस बाबत उत्तर कम, प्रश्न अधिक हैं कि हमारा शरीर भोजन का आदी कैसे हो जाता है। हम जानते हैं कि डोपामाइन ही सब कुछ नहीं है क्योंकि सिर्फ इसी से भोजन आनंददायक नहीं बनता है। हालांकि शोधकर्ताओं ने वर्ष 2012 के एक अध्ययन में पाया है कि खाना खाने से हमारे अफीमी ग्राही उत्ते. जित होते हैं, जो आनंद की भावना को बढ़ाते हैं, लेकिन वैज्ञानिक अभी भी इस प्रक्रिया के बारे में कम ही जानते हैं। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊपरी आंत में एक संवेदक हमारे भोजन की पसंद-नापसंद में कुछ भूमिका निभाता है। कई अन्य इसके लिए हायपोथैलेमस को महत्वपूर्ण मानते हैं जो शरीर के तापमान से लेकर भूख के एहसास तक सब कुछ नियंत्रित करता है।

# ममदानी और ट्रम्प की मुलाकात जल्द!

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर से भेंट करने के इच्छुक



■ ट्रम्प मेयर चुनाव के दौरान पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया कि वे न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी से मुलाकात करने के इच्छुक हैं। ट्रम्प ने कहा कि वे 'कुछ न कुछ रास्ता निकाल लेंगे', राष्ट्रपति ट्रम्प का यह बयान दोनों नेताओं के बीच चल रही सियासी बयानबाजी के बीच आया है।

ट्रम्प पिछले कई महीनों से ममदानी पर तीखे हमले कर रहे थे। वे उन्हें गलत तरीके से 'कम्युनिस्ट' बताते रहे और दावा करते रहे कि अगर ममदानी जीते तो न्यूयॉर्क बर्बाद हो जाएगा। इतना ही नहीं, उन्होंने ममदानी, जो युगांडा में जन्मे और बाद में अमेरिकी नागरिक बने, को देश से निकालने और शहर से संघीय फंडिंग रोकने की धमकी भी दी थी। लेकिन न्यूयॉर्क की राजनीति ने अलग कहानी लिखी। 34 वर्षीय जोहरान ममदानी, जो कभी अपेक्षाकृत अंजान राज्य विधायक थे, सोशल मीडिया के सितारे बने और ट्रम्प की नीतियों के मुखर विरोधी चेहरों में से एक बनकर उभरे। उन्होंने प्रगतिशील नीतियों और ट्रम्प के कठोर प्रवासी-विरोधी रुख के खिलाफ अभियान चलाया। मेयर चुनाव में उन्होंने पूर्व राज्यपाल एंड्रयू कुओमो को करीब 9 प्रतिशत अंकों से हराकर बड़ी जीत हासिल की। अपनी जीत के भाषण में जोहरान ममदानी ने कहा था कि न्यूयॉर्क देश को दिखाएगा कि ट्रम्प की नीतियों का मुकाबला कैसे किया जाता है। लेकिन अगले ही दिन उन्होंने यह भी कहा कि वे शहर के हित के लिए किसी से भी काम करने को तैयार हैं, चाहे वह राष्ट्रपति ही क्यों न हों। जोहरान ममदानी की टीम ने रविवार को ट्रम्प की टिप्पणी पर सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन यह दोहराया कि नवनिर्वाचित मेयर पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वे व्हाइट हाउस से संपर्क करेंगे, क्योंकि यह संबंध शहर की सफलता के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। ट्रम्प ने भी रविवार को इसी सोच को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क के मेयर हमसे मिलना चाहते हैं। हम कुछ न कुछ कर लेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने बाद में स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति ममदानी की बात कर रहे थे। अभी बैठक की तारीख तय नहीं हुई है। ट्रम्प ने कहा कि हम चाहते हैं कि न्यूयॉर्क के लिए सब कुछ अच्छा हो।

## यूक्रेन जाने वाली रेलवे लाइन क्षतिग्रस्त

**वारसॉ।** पोलैंड में यूक्रेन की ओर जाने वाली एक रेलवे लाइन के क्षतिग्रस्त होने के मामले में प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि इस मामले में तोड़फोड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। पोलैंड के माजोवीकी वोइवोडीशिप की पुलिस के अनुसार, एक ट्रेन चालक ने मीका रेलवे स्टेशन के निकट, गारवोलिन काउंटी के जर्चिन शहर के पास रेलवे संरचना में गड़बड़ी की सूचना दी। घटना के समय ट्रेन में दो यात्रियों के अलावा कई चालक दल के सदस्य सवार थे। पुलिस ने कहा कि शुरुआती निरीक्षण में पटरी के एक हिस्से को नुकसान होने के कारण ट्रेन को रोकना पड़ा। टस्क ने पुष्टि करते हुए कहा तोड़फोड़ इसका एक संभावित कारण हो सकता है।



नई दिल्ली। खराब वायु गुणवत्ता के बीच पानी का छिड़काव करता 'एंटी-स्मॉग' वाहन।

## रूस ने यूक्रेन के 36 ड्रोन को मार गिराया

**मास्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात सात क्षेत्रों में 36 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय की ओर जारी बयान में कहा गया है कि पिछली रात, 16 नवम्बर को मॉस्को समयानुसार रात 11:00 बजे से 17 नवम्बर सुबह 7:00 बजे तक वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 36 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि इनमें से 14 को ब्रांस्क क्षेत्र में, आठ को तांबोव क्षेत्र में, पांच को उल्यानोवस्क क्षेत्र में और चार को वोरोनिश क्षेत्र में मार गिराया गया। इसके अलावा, ओर्योल क्षेत्र में तीन ड्रोन और निजनी नोवगोरोड तथा तुला क्षेत्रों में क्रमशः एक-एक ड्रोन को मार गिराया गया।

## पिता की हत्या, निर्वासन, देश लौटने पर प्रतिबंध से सजा-ए-मौत

# चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौटी थीं हसीना!



■ कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं
■ हसीना के खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को वहां के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराया है। हसीना को इसी के साथ मौत की सजा सुनाई गई है। गौरतलब है कि उनके खिलाफ सभी आरोप बीते साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा को लेकर थे। इन्हें सही पाते हुए ट्रिब्यूनल ने सोमवार (17 नवम्बर) को अपना फैसला सुनाया।

गौरतलब है कि शेख हसीना की सरकार के खिलाफ हुए प्रदर्शनों के बीच भड़की हिंसा देखते ही देखते उग्र हो गई थी। इसका असर यह रहा कि हसीना को एक सैन्य हेलीकॉप्टर के जरिए बांग्लादेश छोड़कर भारत आना पड़ा। दूसरी तरफ बांग्लादेश की सेना ने देश में जल्द से जल्द शांति स्थापित करने और अंतरिम सरकार का गठन करवाने पर जोर दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि शेख हसीना के साथ यह स्थिति कोई पहली बार नहीं है। अपने पिता शेख मुजीब-उर-रहमान की हत्या से लेकर 2008-09 के हिंसक प्रदर्शनों के बाद भी शेख हसीना के सामने कुछ ऐसी ही स्थिति आई थी। हालांकि, हसीना हर बार चुनौतियों को चुनौती देते हुए सत्ता में लौट आईं। 1947 में जन्मीं शेख हसीना बांग्लादेश की राजनीति का सबसे प्रभावी और विवादित चेहरा भी हैं। कई दशकों के अपने राजनीतिक अनुभव के साथ शेख हसीना ने जबरदस्त ऊंचाइयां हासिल की हैं। साथ ही उनके साथ कई विवाद भी जुड़ते चले गए।

हसीना का जीवन और राजनीति सीधे तौर पर बांग्लादेश के इतिहास और पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ है। उनके पिता शेख मुजीब-उर-रहमान 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने वाला चेहरा थे। यानी बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन को शेख हसीना ने करीब से अनुभव किया। इस आंदोलन ने उनकी राजनीतिक विचारधारा को भी आकार देने का काम किया। अपने पिता के शासन के दौरान शेख हसीना ने ईडन कॉलेज में उपाध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और जीत भी हासिल की। इसके अलावा उन्होंने पिता की ही पार्टी में छात्र इकाई का जिम्मा भी संभाला।

हालांकि, 1975 में पिता मुजीब-उर-रहमान और अपने परिवार की हत्या की घटना के बाद हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कई वर्षों तक बांग्लादेश से बाहर रहने के बाद आखिरकार 1980 के दशक में हसीना एक बार फिर देश लौटीं और यहां की हलचल भरी राजनीति में उतरीं। शेख हसीना पर अपने पिता का कितना असर रहा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने बांग्लादेश में अपने राजनीतिक दल का नाम भी आवामी लीग ही रखा। वे 1981 में पार्टी की अध्यक्ष बनीं और विपक्ष की नेता के तौर पर शुरुआत की। राजनीति में उनकी यही लड़ाई काम आई और आखिरकार 1996 में वे पहली बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं। उनके पहले कार्यकाल को बांग्लादेश के लिए जबरदस्त सुधारों वाला समय माना जाता है। इस दौरान ही देश में आर्थिक उदारवाद का उदय हुआ। बांग्लादेश में जबरदस्त विदेशी निवेश आया और लोगों के रहन-सहन में भी सुधार हुआ। शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश दुनियाभर में कपड़ा उद्योग में अहम केंद्र बन गया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हसीना का खासा जोर रहा। उनकी स्कूल के बच्चों को मुफ्त किताबें मुहैया कराने की योजना ने उन्हें काफी आगे बढ़ाया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद हसीना का कार्यकाल भी विवादों से दूर नहीं रहा। उनके प्रशासन को न्यायपालिका के साथ टकराव के लिए जाना गया। शेख हसीना पर न्यायलयों की स्वतंत्रता और स्वायत्ता के साथ खिलवाड़ करने के भी आरोप लगे। इसके लिए कई देशों ने उनकी आलोचना भी की। दूसरी तरफ विपक्षी दलों ने भी हसीना पर तानाशाही के आरोप लगाए। खासकर इस्लामिक जमात-ए-इस्लामी पार्टी की तरफ शेख हसीना के रुख का कई मानवाधिकार संगठनों ने भी विरोध किया। आखिरकार 2001 में उन्हें विपक्षी पार्टी और विरोधी खालिदा जिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 2024 में शेख हसीना के साथ जो घटनाक्रम हो रहा है, वह कोई नया नहीं है। कुछ ऐसा ही 2006 में भी हुआ था, जब अक्टूबर में अचानक ही सत्ता पर काबिज बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की सरकार चुनाव का एलान करने के बाद कार्यवाहक शासन की तरफ चली गई थी। इस दौरान शेख हसीना सरकार ने बीएनपी सरकार पर बांग्लादेश के चीफ जस्टिस की सेवा. निवृत्ति की उम्र को असंवैधानिक तरीके से बढ़ाने का आरोप लगाया था। इस घटनाक्रम ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और आवामी लीग के नेतृत्व में पूरे देश में जबरदस्त प्रदर्शन हुए। हालांकि, बाद में सेना ने 2007 में कार्यवाहक सरकार का समर्थन किया।

## शेख हसीना पर आरोप और आगे के रास्ते

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में दोषी करार दिया गया है। विशेष न्यायाधिकरण ने पूर्व पीएम को सभी पांचों मामलों में दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। बांग्लादेश के 'अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण' ने शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून के खिलाफ मामलों की सुनवाई पूरी कर सजा का एलान किया। अदालत के फैसले को लेकर बांग्लादेश में तनाव का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने बंद का एलान किया है। शेख हसीना और अन्य पर आरोप था कि उन्होंने छात्र आंदोलन को कुचलने की कोशिश की और उनके नेतृत्व में जुलाई 2023 में सुरक्षा कार्रवाई में 1400 लोग मारे गए। अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना को हिंसा के पीछे का मास्टरमाइंड बताते हुए मौत की सजा की मांग की थी। वहीं शेख हसीना और उनकी पार्टी का दावा है कि राजनीतिक प्रतिशोध के चलते उनके खिलाफ ये मुकदमें दर्ज किए गए। आइए जानते हैं कि शेख हसीना के खिलाफ कौन से थे वे पांच आरोप, जिनमें उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। पहला आरोप-अभियोजन पक्ष ने शेख हसीना और अन्य पर हत्या, हत्या के प्रयास, यातना और अन्य अमानवीय कृत्यों का आरोप लगाया। साथ ही शेख हसीना और अन्य पर अवामी लीग और सशस्त्र बलों द्वारा नागरिकों के विरुद्ध किए गए इन अपराधों को बढ़ावा देने, भड़काने, सुगम बनाने, इनमें सहभागी होने और रोकने में विफल रहने का भी आरोप लगाया गया।

## ब्रिटेन लगाएगा अंगोला नामिबिया और कांगो पर वीजा प्रतिबंध!

**लंदन।** प्रवासियों की वापसी के मामले में अफ्रीकी देश के ब्रिटेन के साथ सहयोग नहीं करने की वजह से ब्रिटेन अंगोला, नामीबिया और कांगो के निवासियों के वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। ब्रिटिश अखबार द टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार अवैध रूप से ब्रिटेन आए प्रवासियों को वापस लेने से इनकार करने पर सजा के तौर पर ब्रिटेन के वीजा प्रतिबंधों का सामना करने वाले पहले देशों की घोषणा सोमवार को गृह सचिव शबाना महमूद द्वारा की जाएगी। समाचार पत्र के अनुसार, जब तक अफ्रीकी देशों की सरकारें निर्वासन पर सहयोग में नहीं करतीं, तब तक ये प्रतिबंध लागू रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार निर्वासित प्रवासियों की वापसी के मामले में लंदन के साथ सहयोग करने में अफ्रीकी सरक. ारों की अनिच्छा के कारण ब्रिटेन, अंगोला, नामीबिया और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के निवासियों के लिए वीजा पर प्रतिबंध लगा सकता है। इन अफ्रीकी देशों ने ब्रिटेन से 4000 से जयादा अवैध प्रवासियों और विदेशी अपराधियों को वापस लेने से मना कर दिया है। ये देश ब्रिटेन द्वारा इस तरह के उपायों के अधीन होने वाले पहले देश होंगे।

# भारतीयों के पलायन ने अमेरिकी विवि की हिली नींव

■ एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या में आई ऐतिहासिक गिरावट ने साफ कर दिया है कि दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा अर्थव्यवस्था अब अपने पुराने भरोसे को खो रही है। वीजा प्रक्रिया की बढ़ती जटिलताओं, सख्त सुरक्षा जांच और एच-1बी वर्क परमिट की अनिश्चितता ने भारतीय परिवारों को गहरी चिंता में डाल दिया है।

इसका सीधा असर यह हुआ है कि भारतीय छात्र अब बड़ी संख्या में अमेरिका से मुंह मोड़कर कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और यूरोप का रुख कर रहे हैं। इंस्टीटयूट फार इंटरनेशनल एजुकेशन (आईआईई) की प्रारम्भिक ओपन डोर्स रिपोर्ट 2025 और अमेरिकी विश्वविद्यालयों के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि 2024-25 सेशन तक भारतीय छात्रों का नामांकन अमेरिका में लगभग 70 फीसदी गिर गया है। बीते वर्ष जहां करीब 375800 भारतीय छात्र वहां पढ़ रहे थे, वहीं इस वर्ष यह संख्या घटकर करीब 112000 पर आ गई है। पिछले 15 वर्षों में यह सबसे तेज गिरावट है, जिसने अमेरिकी कैंपस की आर्थिक नींव तक हिला दी है। आईआईई के अनुसार वीजा स्लाट की कमी, इंटरव्यू की लंबी प्रतीक्षा और छोटी दस्तावेजी त्रुटि पर भी तुरंत रिजेक्शन भारतीय छात्रों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गए हैं। सुरक्षा जांच इतनी कड़ी हो चुकी है कि कई छात्रों को दो-दो बार इंटरव्यू देना पड़ रहा है। एच-1बी वर्क परमिट की लाटरी प्रणाली ने भी परिवारों का भरोसा कमजोर किया है। एमआईटी और कार्नेगी मेलान जैसे शीर्ष संस्थानों में भारतीय छात्रों की उपस्थिति में 60-70 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। स्टूडेंट वीजा मानिटरिंग नेटवर्क (एसवीएमएन) के मुताबिक अब भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका पहला विकल्प नहीं रहा।

# इजरायली टैंक ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को बनाया निशाना

**बेरूत।** लेबनान में इजराईली सेना के मर्कवा टैंक से दागे गए गोले की जद में संयुक्त राष्ट्र अंत. रिम बल आ गया। यूएनआईएफआईएल के अनुसार भारी गोलाबारी ब्लू हेलमेट से मात्र पांच मीटर की दूरी पर हुई, जिससे गश्ती दल को आसपास के इलाके में छिपना पड़ा।

मिशन के प्रतिनिधियों ने तुरंत स्थापित संचार माध्यमों के जरिए इजरायली रक्षा बलों से संपर्क किया और गोलीबारी रो. कने का अनुरोध किया। इसके बाद गोलाबारी रूकी और संयुक्त राष्ट्र का गश्ती दल लगभग आधे घंटे बाद सुरक्षित निकल सका। संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सौभाग्य से कोई भी घायल नहीं हुआ। संरा ने इस घटना को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का गंभीर उल्लंघन बताया। इस प्रस्ताव को 2006 में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनाया गया था।

इजरायल ने दावा किया है कि हमला 'खराब मौसम की स्थिति' के कारण हुआ और संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को गलती से खतरे के रूप में पहचान लिया गया था। गौरतलब है कि यह तीन महीनों में तीसरी ऐसी घटना, जब संरा शांति मिशन के लिए खतरा उत्पन्न हुआ है। इससे पहले दो सितम्बर को, आईडीएफ के ड्रोन ने ब्लू लाइन के किनारे सड़क अवरोधों को साफ कर रहे संरा कर्मियों के पास ग्रेनेड गिराए थे और 26 अक्टूबर को एक इजरायली ड्रोन ने फिर से संयुक्त राष्ट्र के गश्ती दल को निशाना बनाया था।

# ट्रम्प की सख्ती से भारत की बढ़ेंगी मुश्किल

## रूस से व्यापार करने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने का कानून ला रही ट्रम्प सरकार

■ रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका का ट्रम्प प्रशासन जल्द ही एक नया कानून बनाने जा रहा है, जिसके तहत रूस से व्यापार करने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इसे समर्थन दे दिया है।

मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रम्प ने बताया कि उनकी पार्टी एक विधेयक लाने जा रही है, जिसके तहत रूस से व्यापार करना किसी भी देश के लिए बेहद मुश्किल हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि रूस के व्यापारिक साझेदार देश यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने के लिए जिम्मेदार हैं, खासकर रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देश। ट्रम्प ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऐसा विधेयक लाने जा रही है, जिसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर काफी कड़े प्रतिबंधों का प्रावधान है। रूस से व्यापार करने वाले देशों में भारत और चीन शामिल हैं। ऐसे में अमेरिका के इस नए कानून से भारत की परेशानी बढ़ सकती है। अमेरिका पहले ही भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगा चुका है। अमेरिका का मानना है कि रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने में भारत और चीन का प्रमुख योगदान है। नए कानून के तहत भारत और चीन के अलावा ईरान की भी परेशानी बढ़ सकती है। एक तरफ अमेरिका रूस से व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ भारत और रूस के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा है। साल 2030 तक दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 100 अरब डालर करने का लक्ष्य तय किया है। भारत और रूस के बीच इंडिया-यूरेशियन इकानोमिक यूनियन मुक्त व्यापार समझौता हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर अमेरिका का यह विधेयक पारित हो जाता है, तो ट्रम्प उन देशों से आयात पर 500 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकेंगे जो रूस से कच्चा तेल या गैस खरीदते हैं।

# ड्रग ले जा रही बोट पर अमेरिका का हवाई हमला

## 75 दिनों में 21वां हमला, अब तक 83 मौतें, ट्रम्प ने उड़ाने का आदेश दिया था




■ ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने शनिवार को पूर्वी प्रशांत महासागर में एक ड्रग तस्करी करने वाली नाव पर हवाई हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह सितम्बर की शुरुआत से अब तक अमेरिकी सेना का ड्रग नावों पर किया गया 21वां हमला है। आंकड़ों के अनुसार, इन हमलों में अब तक 83 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक ये हमले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के आदेश पर हो रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन ने इन हमलों को अमेरिका में ड्रग्स सप्लाई रोकने के लिए जरूरी कदम बताया। न्याय विभाग ने इन हमलों को सही ठहराया है और कहा गया है कि इन आपरेशनों में शामिल अमे. रिकी सैनिकों को मुकदमा चलाने से छूट मिलेगी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने रविवार को हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर जारी किया। वीडियो में विस्फोट दिख रहा है, जिससे नाव के परखच्चे उड़ गए। हमले के तुरंत बाद बोट में आग लग गई। मारे गए लोगों की राष्ट्रीयता या पहचान की जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। अमेरिका ने 10 नवम्बर को भी पूर्वी प्रशांत महासागर में दो संदिग्ध नावों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि ये नाव ड्रग्स लेकर जा रहे थे। इसमें 6 लोग मारे गए थए। हेगसेथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि ये नावें आतंकवादी संगठनों से जुड़ी थीं और कोकीन तस्करी कर रही थीं। अमेरिका ने 10 नवम्बर को ड्रग्स ले जा रही नावों पर हवाई हमला किया था। वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' आतंकवादी संगठन घोषित। अमेरिकी कांग्रेस के सांसदों, मानवाधिक. ार संगठनों और सहयोगी देशों ने इन हमलों की वैधता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि युद्ध क्षेत्र से बाहर हमले करने का कानूनी आधार साफ नहीं है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि उसके पास पूर्ण कानूनी अधिकार हैं। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को वेनेजुएला की ड्रग संगठन 'कार्टेल डे लोस सोल्स' को 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किया। इससे अमेरिका में इस ग्रुप को किसी भी तरह की मदद देने वाला अपराधी माना जाएगा।

## कांगो में खदान ढहने से 80 की मौत, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**किशासा।** दक्षिण-पूर्वी कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में शनिवार को एक खदान ढह गया। हादसे में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक अधिकारी ने रविवार को घटना की जानक. ारी दी। यह हादसा लुआलाबा प्रांत के मुलोंडो में कलांडो खदान में हुई। प्रांत के गृह मंत्री राय कौम्बा मायोंडे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि भारी बारिश और लैंडस्लाइड के खतरे के कारण खदान में जाने पर बैन लगा था। इसके बावजूद अवैध माइनिंग करने वाले खदान में जबरन खदान में घुस गए थे। डीआरसी की सरकारी एजेंसी एसईएएमएपीई की रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनास्थल पर सैनिकों की फायरिंग से माइनिंग करने वालो में दहशत फैल गई और वे खदान के ऊपर पुल की ओर दौड़ पड़े, जिससे पुल ढह गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें खदान के नीचे कई लोग खड़े दिखे।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108